

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 178
epaper.rashtriyakhabar.com
आषाढ़, शुक्लपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

पिता रत्नाकरो यस्य लक्ष्मीर्यस्य सहोदरा।
शंखो भिक्षाटनं कुर्यान्नाऽदत्तमुपतिष्ठते॥

भावार्थ : समुद्र शंख का पिता है। लक्ष्मी का जन्म भी समुद्र में हुआ है अर्थात् वह शंख की बहन है। शंख चंद्रमा के समान चमकता है, इतने पर भी यदि कोई शंख बजाकर भीख मांगता है तो यही समझना चाहिए कि दान दिए बिना मान सम्मान नहीं होता।

रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 32.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .39 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .05 बजे

## केन्द्र के खिलाफ ट्विटर की याचिका खारिज

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ट्विटर की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें प्लेटफॉर्म पर कुछ आपत्तिजनक अकाउंट और ट्वीट्स को ब्लॉक करने के केंद्र सरकार के द्वारा फरवरी 2021 और 22 के बीच आदेश को चुनौती दी गई थी। आदेश में सोशल मीडिया को 39 यूआरएल हटाने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनी से कहा है कि सरकार के पास ब्लॉकिंग ऑर्डर जारी करने की शक्ति है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कृष्णा एस दीक्षित ने याचिका को खारिज करते हुए ट्विटर पर ब्लॉक करने की केंद्र सरकार की मांगों का पालन नहीं करने पर 50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जिसे कंपनी को 45 दिनों के भीतर राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण को भुगतान करने का आदेश दिया गया है। जुर्माने भरने में देरी होने पर हर दिन के लिए 5,000 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

## तेंदुए ने ट्रक में बैठ कर किया सफर

**जगदलपुर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर में छह महीने की एक मादा तेंदुआ ने कांकेर से जगदलपुर तक करीब 160 किमी का सफर ट्रक के निचले हिस्से में बैठकर पूरा कर लिया। ट्रक के गंतव्य तक पहुंचने के बाद ट्रक चालक को इस बात का आभास हुआ कि उसके ट्रक में तेंदुआ है। ये घटना करपावंड से सामने आई है। बुधवार को करपावंड में खाद्य निगम का एक ट्रक चावल भरकर कांकेर से पहुंचा था। चावल खाली करने के बाद मजदूरों को लगा कि ट्रक के निचले हिस्से में कोई है। थोड़ी देर देखने के बाद उन्हें तेंदुए का बच्चा दिखा। लोगों ने इसे बाघ का बच्चा समझा। कुछ देर में ये बात पूरे इलाके में फैल गई। मौके पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी पहुंची। एसडीओ आशीष कोटरवानी ने बताया कि बच्चा डरा हुआ था और वह ट्रक के नीचे ही छिप गया। लंबे इंतजार के बाद जब वह निकला तो उसे पकड़ा गया। उसे प्राथमिक उपचार देकर उसके भोजन की व्यवस्था की। बच्चे को रायपुर के जंगल सफारी जू के हवाले कर दिया गया है।

## 15.3 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद

**अगरतला :** त्रिपुरा पुलिस ने को दो अलग-अलग घटनाओं में 15.3 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की है और धलाई और पश्चिम त्रिपुरा जिलों से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। धलाई जिला पुलिस ने गुरुवार को धलाई जिले के अंबासा में दो ट्रांसपोर्टरों के साथ 13.8 करोड़ रुपये मूल्य की 3.415 किलोग्राम हेरोइन जब्त की, जो त्रिपुरा में अब तक की सबसे बड़ी मादक पदार्थों की खेप में से एक है। इस बीच, अगरतला शहर पुलिस ने विशेष सूचना के आधार पर शहर के बुद्ध मंदिर इलाके से एक ऑटो-रिक्शा को हिरासत में लिया और चार तस्करों के साथ हेरोइन के आठ पैकेट बरामद किए। पुलिस अधीक्षक (धलाई) अविनाश राय ने संवाददाता को बताया कि अंबासा पुलिस स्टेशन के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों ने एक वाहन को रोका और 300 साबुन के डिब्बों में हेरोइन बरामद की। श्री राय ने कहा कि दो लोगों की पहचान महाबुल आलम (38) और पिकलू भौमिक (38) के रूप में की गई है। वे पश्चिमी सीमावर्ती जिले सिपाहीजला के रहने वाले हैं । उन्हें नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम 1985 के तहत खेप ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## इक्वाडोर का दूसरा सबसे बड़ा अपराधी हिरासत में

**क्विटो :** इक्वाडोर पुलिस ने कोलंबिया की सीमा से लगे क्षेत्र लॉस लोबोस में देश के दूसरे सबसे बड़े आपराधिक गिरोह के नेता अलियास ला फोका को हिरासत में लिया है। इक्वाडोर के राष्ट्रीय पुलिस जनरल कमांडर फॉस्टो सेलिनास ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सेलिनास ने ट्वीट किया, अलियास ला फोका को हिरासत में लिया गया है। एस्मेराल्डास प्रांत में अलियास ला फोका को इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस की इकाइयों ने पकड़ लिया था। अलियास ला फोका एस्मेराल्डास प्रांत में लॉस लोबोस का नेता था। अनुमान के मुताबिक, लॉस लोबोस में 8,000 सदस्य हैं जो पूरे देश में मादक पदार्थों की तस्करी और हत्याओं में शामिल हैं। यह समूह लॉस चोनेरोस ड्रग कार्टेल के बाद दूसरा है, जिसकी स्थापना 1990 के दशक में मनाबी प्रांत के चोन शहर में हुई थी और सदस्यों की संख्या और उनकी आपराधिक गतिविधियों के क्षेत्रीय कवरेज के मामले में इसके 20,000 सदस्य हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**दौरा** कई शरणार्थी शिविरों में उन्हें देख रोकर लोगों ने अपना हाल बताया

# पूरे मणिपुर को शीघ्र उपचार की जरूरत है : राहुल गांधी

- दोनों जातिवर्ग के राहत शिविरों में गये
- बच्चों से बात की और साथ खाना भी खाया
- पीड़ितों से कहा उनके दुख में पूरी तरह साथ है



राष्ट्रीय खबर

**अगरतला:** हिंसाप्रभावित मणिपुर में राहुल गांधी का दौरा दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान वह कई ऐसे शिविरों में गये, जहां अपना सब कुछ गवां चुके लोग किसी तरह रह रहे हैं। चुराचांदपुर पहुंचकर, राहुल ने एक नरसंहार-विस्थापित व्यक्ति के गले में हाथ डाला, जो एक राहत शिविर में मानसिक तौर पर टूट गया था। वहां के लोगों से मिलने और उनके दुख में सहभागी बनने के बाद राहुल गांधी ने कहा, मणिपुर को उपचार की आवश्यकता है। शांति हमारी एकमात्र प्राथमिकता होनी चाहिए। गुरुवार को, राहुल को मणिपुर में भाजपा संचालित प्रशासन ने सड़क मार्ग से चुराचांदपुर जाने से रोक दिया, जिससे सुरक्षा कर्मियों और निवासियों के बीच टकराव शुरू हो गया और कांग्रेस नेता को इम्फाल लौटने और हेलिकॉप्टर लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। मणिपुर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के. देवब्रत सिंह के अनुसार, जिला प्रशासन ने बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमा पर अस्थिर स्थिति को देखते हुए उन्हें इंफाल से चुराचांदपुर तक हेलिकॉप्टर लेने के लिए कहा था।

इस प्रशासनिक अड़चन की वजह से लोगों ने भी पुलिस के इस आचरण पर नाराजगी जतायी थी। आज दौरे के दूसरे दिन राहुल गांधी तमाम शिविरों में गये। उन्हें अपना कष्ट सुनाकर कई महिलाएं रो पड़ी और राहुल ने सभी को धैर्य से सुना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान वह बच्चों के साथ खाना खाने बैठ गये और माहौल को तनावमुक्त करने की पूरी कोशिश की। चुराचांदपुर में, राहुल ने दो राहत शिविरों का दौरा किया और नागरिक समाज संगठनों और पीड़ित परिवारों से संक्षिप्त बातचीत की, जो सुबह 11.30 बजे से उनका इंतजार कर रहे थे। चुराचांदपुर की मान्यता प्राप्त कुकी-जो जनजातियों के समूह, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने कांग्रेस नेता को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया कि झड़पें दो समुदायों के बीच गलतफहमी से उत्पन्न होने

» पेज 2 भी देखें

## मुख्यमंत्री के इस्तीफे को लेकर इंफाल में हाई वोल्टेज ड्रामा

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के काफिले को राजभवन की ओर बढ़ने से हजारों प्रदर्शनकारियों द्वारा रोके जाने के बाद इम्फाल में हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। हालांकि, जब महिला नेताओं ने उनके आवास से बाहर आकर भीड़ को बताया कि सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस्तीफा नहीं दे रहे हैं, तो भीड़ धीरे-धीरे उनके आवास से तितर-बितर हो गई। बीते दो महीने से चल रही हिंसा के बीच माना जा रहा था कि जल्द ही सीएम एन बीरेन सिंह इस्तीफा दे सकते हैं। सीएम की ओर से राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात का वक्त मांगा जाना इस बात की ओर इशारा कर रहा था। सीएम ने कहा कि इस वक्त राज्य मुश्किल में हैं इसलिए मैं पद नहीं छोड़ सकता हूं। इससे पहले विपक्ष की सर्वदलीय बैठक में राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई थी। मणिपुर के सीएम एन. वीरेन सिंह ने इस्तीफे के अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने अपने ट्वीट में साफ किया है कि वह इस्तीफा नहीं दे रहे हैं।

जनता की नाराजगी के बाद फ्रांस की सरकार बचाव की मुद्रा में

## एक किशोर की हत्या के बाद देश भर में प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**पेरिस:** फ्रांस में मारे गए किशोर की मां के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। इन प्रदर्शनों के दौरान जबर्दस्त हिंसा हुई है और नाराज लोगों ने पुलिस पर जोरदार हमला करते हुए सरकारी वाहनों में आग लगा दी है। अपने बेटे की मौत का मातम मना रही इस मां के साथ पेरिस के पास एक शहर में 6,000 से ज्यादा लोग जुलूस में शामिल हुए है।

यह हिंसा तब शुरू हुई जब फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक चौकी पर पुलिस ने 17 वर्षीय नाहेल की गोली मारकर हत्या कर दी। गुरुवार दोपहर जब मारे गए किशोर नहेल की मां के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ तो यह फिर से हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। कुछ पुलिस अधिकारी घायल हो गए। टीवी फुटेज में कार जलती हुई दिखाई दे रही है। सड़कों पर पलटे हुए वाहन दिखे, लोग आंसू गैस से बचने के लिए भागते दिखे। एक अन्य फुटेज में एक प्रदर्शनकारी को पत्थर फेंकते हुए दिखाया गया है। लोग विरोध मार्च में शामिल हुए और किशोर की मौत की घटना के लिए न्याय की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने नहेल के लिए न्याय के नारे लगाते हुए सड़कों पर मार्च किया। उन्होंने इस नारे वाली सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी। इस जुलूस का नेतृत्व नहेल की मां सबसे आगे से कर रही थीं। पुलिस द्वारा मारे गए कृष्णन की बहन भी उसके साथ शामिल हो गई। नाहेल की मां, मोनिया नैनटेरे को उम्मीद है कि उनके बेटे का स्मारक मार्च पेरिस के आसपास के निवासियों के बीच उनके बेटे की यादों को जीवित रखेगा। विरोध शुरू होने से पहले, मोनिया ने एक फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट के साथ एक साक्षात्कार में अपने बेटे की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी, मेरा दिल मुझसे छीन लिया गया है। यह बहुत दर्दनाक है। उसके बिना सब कुछ सूना-सूना लगता

» पेज 2 भी देखें

मणिपुर में पुराने वांछित आतंकवादी को छोड़ने के बाद का सच सामने आया

## जिसे मारने म्यांमार तक गयी थी सेना उसे ही छोड़ना पड़ा



- मोदी के निर्देश पर ही म्यांमार गयी थी सेना
- आतंकवादी एंबुलेंस का भी इस्तेमाल कर रहे हैं
- पूर्व के हमले में सेना के 18 लोग मारे गये थे

राष्ट्रीय खबर

**अगरतला:** मणिपुर में एक दर्जन आतंकवादियों को भारतीय सेना ने इसलिए छोड़ दिया क्योंकि सेना के आगे महिलाएं आ गयी थी। सेना के स्थानीय कमांडर ने रक्तपात रोकने के लिए यह समझदारी दिखाई। अब पता चला है कि 2015 की गर्मियों में, प्रतिद्वंद्वी समूहों के साथ शांति प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश करते हुए, खापलांग ने अपने जातीय-मेतेई सहयोगियों को भारतीय सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला करने का आदेश दिया था, जिसमें 18 सैनिक मारे गए थे। तब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार में सीमा पार छापे का आदेश दिया था, और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हत्या का आरोप दायर किया था। उन्हीं आतंकवादियों को अब भारतीय सेना ने बच निकलने का मौका दिया। भारतीय सेना ने अपने वीडियो में यह दिखाया है कि गाड़ियों और एंबुलेंस पर सवार होकर यह आतंकवादी जा रहे हैं और भारतीय सेना सिर्फ खून खराबा से बचने के लिए उन्हें निकल जाने दे रही है। पिछले हफ्ते, सैकड़ों महिलाएं सैनिकों को मोइरांगथेम तम्बा उर्फ उत्तम को गिरफ्तार करने से रोकने के लिए सामने आईं। वह एक भगोड़ा सैन्य नेता है, जिसे एनआईए ने 4 जून 2015 को जातीय-मीतेई कांगलेई यावोल कन्ना लुप (केवाईकेएल) द्वारा किए गए हमले में उसकी प्रत्यक्ष भूमिका के लिए मांगा था। लंबे गतिरोध में नागरिकों की जान जाने के डर से, सेना का दावा है कि उसने मोइरंगथेम सहित 12 गिरफ्तार विद्रोहियों को एक स्थानीय नेता को सौंप दिया। जातीय युद्ध में फंसे मणिपुर के कुछ लोगों के लिए, मोइरांगथेम एक नायक है, जो कुकी निगरानी समूहों के हमले के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा कर रहा है। हालाँकि, केवाईकेएल का

» पेज 2 भी देखें

## भाजपा कार्यालय पर हमले के बाद गोलीबारी में एक की मौत

**इंफाल :** मणिपुर की राजधानी इंफाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय पर गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात एक बड़ी भीड़ के हमले के बाद हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि उग्र हुई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय और राज्य बलों ने भारी गोलीबारी की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आज तड़के तक आंसू गैस के गोले चलते रहे। गुरुवार को इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिले के बीच हथियारबंद बदमाशों की गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। लंबे समय तक गोलीबारी के बाद एक शव बरामद किया गया और दूसरा बाद में बरामद किया गया। सबसे पहले जो शव बरामद किया गया उसे यहां बाजार में लाया गया और लोगों ने नागरिकों की सुरक्षा में विफलता के लिए सरकार के खिलाफ नारे लगाए। राज्य में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई और सभी बाजारों को बंद करने के लिए कहा गया।

## दूसरी बेटी के जन्म पर महिलाओं को दी जाएगी छह हजार रु.की वित्तीय सहायता: कौर

**चंडीगढ़ :** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत योग्य महिलाओं (दूध पिलाने वाली माताओं) को दूसरे बच्चे (लड़की) के जन्म पर छह हजार रुपए की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जायेगी। इस योजना के अंतर्गत, पहले बच्चे के जन्म पर प्रस्तूता को पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। डॉ कौर ने बताया कि लड़की के जन्म के बाद छह हजार रुपए की वित्तीय सहायता देने से लड़कियों के घट रहे लिंगानुपात में सुधार होगा, जन्म से पहले लिंग चयन किये जाने वाली प्रथा को भी रोकने में सहायता मिलेगी, दूध पिलाने वाली माताओं की सेहत में सुधार होगा और बच्चे के पोषण सम्बन्धी तंदुरुस्ती में सुधार करने में मदद मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस स्कीम के अंतर्गत मिलने वाला लाभ सीधा लाभार्थियों के बैंक/डाकखाने खाते में ट्रांसफर किया जायेगा। यह लाभ लेने के लिए पंजाब के सभी आंगनवाड़ी सैंटरों में आंगनवाड़ी वर्करों की तरफ से फार्म भरे जाते हैं।

वैगनर के विद्रोह में एक और जनरल का नाम चर्चा में

## वायु सेना के कमांडर जनरल सर्गेई सुरोविकिन दिखे नहीं



राष्ट्रीय खबर

**मॉस्को:** वायुसेना के कमांडर जनरल सर्गेई सुरोविकिन को शुक्रवार रात भर से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। उन्होंने वैगनर बॉस येवगेनी प्रिगोझिन से अपना विद्रोह बंद करने के लिए एक वीडियो अपील जारी की थी। उनके ठिकाने और अल्पकालिक विद्रोह में उनकी संभावित भूमिका के बारे में प्रश्न हाल के दिनों में घूम रहे हैं। बुधवार को, मॉस्को टाइम्स के रूसी-भाषा संस्करण ने दो अज्ञात रक्षा स्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि सुरोविकिन को विफल विद्रोह के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। सुरोविकिन के ठिकाने पर टिप्पणी के लिए क्रेमलिन और रूसी रक्षा मंत्रालय से संपर्क किया है। क्रेमलिन ने बुधवार को कहा, कोई टिप्पणी नहीं और रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, मैं कुछ नहीं कह सकता। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने गुरुवार को कहा कि वह सुरोविकिन को लेकर चल रही अटकलों के बारे में सवालों का जवाब देने में असमर्थ हैं और उन्होंने पत्रकारों की पूछताछ रूसी रक्षा मंत्रालय को भेज दी।

यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सुरोविकिन पर भरोसा करना जारी रखेंगे, पेसकोव ने कहा, वह सर्वोच्च कमांडर-इन-चीफ हैं और वह रक्षा मंत्री, जनरल स्टाफ के प्रमुख के साथ काम करते हैं। जहां तक मंत्रालय के भीतर संरचनात्मक विभाजनों का सवाल है, मैं आपसे रक्षा मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहूंगा। शुक्रवार को जारी किए गए वीडियो ने सुरोविकिन के ठिकाने और मन की स्थिति के बारे में जवाब से ज्यादा सवाल खड़े कर दिए हैं। फुटेज में वह बिना शेव किए और रुक-रुक कर डिलीवरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जाहिर तौर पर वह एक स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। रयबर नाम से जाने जाने वाले एक लोकप्रिय ब्लॉगर ने बुधवार को नोट किया कि सुरोविकिन को शनिवार से नहीं

» पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** चूहों पर किया गया प्रयोग सफल साबित हुआ है

# कान के बहरेपन को ठीक करने की तकनीक

- जीन थैरापी से इसमें मदद मिलने का दावा
- मस्तिष्क के अंदर एक खास मार्ग का प्रयोग
- दिमाग के अंदर से कान तक पहुंचा तरल द्रव्य



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** शोधकताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने आंतरिक कान में दवा पहुंचाने की एक नई विधि विकसित की है। यह खोज मस्तिष्क में तरल पदार्थ के प्राकृतिक प्रवाह का उपयोग करके और कोक्लीअ में थोड़ा समझे गए पिछले दरवाजे को नियोजित करके संभव थी। जब एक जीन थेरेपी प्रदान करने के लिए संयुक्त किया गया जो आंतरिक कान की बाल कोशिकाओं की मरम्मत करता है, तो शोधकर्ता बहरे चूहों में सुनवाई बहाल करने में सक्षम थे। इन निष्कर्षों से पता चलता है कि मस्तिष्क मेरु का तरल परिवहन में वयस्क आंतरिक कान में जीन वितरण के लिए एक सुलभ मार्ग शामिल है और

» पेज 2 भी देखें

## शोधकताओं ने यह भी पता लगाया है कि

ग्लाइम्फैटिक प्रणाली द्वारा संचालित तरल पदार्थों की जटिल गति आंखों और कान सहित परिधीय तंत्रिका तंत्र तक फैली हुई है। नए अध्ययन ने ग्लाइम्फैटिक प्रणाली की दवा वितरण क्षमता का परीक्षण करने का एक अवसर प्रस्तुत किया, जबकि साथ ही श्रवण प्रणाली के पहले से पहुंच योग्य हिस्से को लक्षित किया। कई कल्पना और मॉडलिंग प्रौद्योगिकियों को नियोजित करते हुए, शोधकर्ता एक विस्तृत चित्र विकसित करने में सक्षम थे कि मस्तिष्क के अन्य हिस्सों से तरल पदार्थ कॉक्लियर एक्वाडक्ट के माध्यम से और आंतरिक कान में कैसे बहता है। इसके बाद टीम ने खोपड़ी के आधार पर पाए जाने वाले मस्तिष्कमेरु द्रव के एक बड़े भंडार, सिस्टर्ना मैग्ना में एक एडेनो-संबंधित वायरस इंजेक्ट किया। वायरस ने कॉक्लियर एक्वाडक्ट के माध्यम से आंतरिक कान में अपना रास्ता खोज लिया, एक जीन थेरेपी प्रदान की जो वेसिकुलर ग्लूटामेट ट्रांसपोर्टर -3 नामक प्रोटीन को व्यक्त करती है, जो बालों की कोशिकाओं को संकेत संचारित करने में सक्षम बनाती है और वयस्क बहरे चूहों में सुनने की क्षमता को बचाती है। नेडरगार्ड ने कहा, कान में यह नया वितरण मार्ग न केवल श्रवण अनुसंधान की प्रगति में मदद कर सकता है, बल्कि प्रगतिशील आनुवंशिक-मध्यस्थता श्रवण हानि वाले मनुष्यों में अनुवादित होने पर भी उपयोगी साबित हो सकता है।

## वैगनर समूह के संस्थापक से जुड़े विमान उड़ान भर रहे हैं

एजेंसियां



**कियेब:** वैगनर ग्रुप के सीईओ येवगेनी प्रिगोझिन का सटीक ठिकाना स्पष्ट नहीं है, लेकिन उनसे जुड़े दो विमान रूस और बेलारूस के आसपास यात्रा कर रहे हैं। शनिवार शाम को रोस्तोव-ऑन-डॉन रूसी सैन्य मुख्यालय छोड़ने के बाद से प्रिगोझिन को किसी भी वीडियो या फोटो में नहीं देखा गया है। मंगलवार को, दोनों विमानों को बेलारूस की राजधानी मिन्स्क के ठीक बाहर, माचुलिशची हवाई अड्डे पर टरमैक पर बैठे एक ब्लैकस्काई उपग्रह छवि पर पकड़ा गया था। उसी दिन, बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने दावा किया कि प्रिगोझिन बेलारूस में था। फ्लाइट रडार के डेटा से पता चलता है कि विमान रात 10:45 बजे एयरबेस से रवाना हुए। स्थानीय समय मंगलवार. एक विमान एम्ब्रेयर लिगेसी - मास्को के शेरेमेतयेवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक गया, दूसरा सेंट पीटर्सबर्ग

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### बी वीरारेड्डी को मिला सीसीएल के सीएमडी का प्रभार

रांची: सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के पूर्व सीएमडी पीके प्रसाद के कोल इंडिया चेयरमैन बनने के बाद आज कोयला मंत्री ने बी वीरारेड्डी को सीसीएल के सीएमडी बनाने पर मंजूरी दे दी है। इस अनुमति के आधार पर उन्होंने तीन महीने के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कोयला मंत्रालय से निदेशक महेंद्र प्रताप के हस्ताक्षर से जारी पत्र के मुताबिक श्री रेड्डी वर्तमान में सीसीएल के निदेशक( तकनीकी) के पद पर कार्यरत हैं। यह कहा गया है कि अगले आदेश तक अथवा सीसीएल में नये सीएमडी का फैसला होने तक श्री रेड्डी इस जिम्मेदारी का पालन करेंगे। ज्ञात हो कि श्री प्रसाद के सीसीएल के सीएमडी का पदभार ग्रहण करने के बार उन्होंने कंपनी के सीएसआर कार्यक्रमों में तेजी लाने के साथ ही कंपनी मुख्यालय के विकास में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कर्मियों के कल्याण के लिये कई अहम कदम उठाये। कर्मचारी संगठनों के विचारों को भी वे गंभीरता से लेते रहे हैं।

**कार्यक्रम** हुल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# 177 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्या स और परिसंपत्ति का वितरण

- अनुकंपा पर दो लोगो को नियुक्ति पत्र दिया गया
- सरकार 50 हजार से 25 लाख तक का लोन दे रही

राष्ट्रीय खबर


मुख्यमंत्री आम लोगों से बात करते हुए

**साहिबगंज:** हुल दिवस के मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिले बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह पहुंचे। मुख्यमंत्री सबसे पहले पतना से सड़क मार्ग से तकरीबन सवा एक बजे शहीद स्थल पंचकटिया पहुंचे। यहां आदिवासी संस्कृति के अनुसार उन्होंने शहीद क्रांति स्थल का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ा। फिर शहीद स्थल का परिक्रमा भी किया। वहीं इस दौरान कुछ स्थानीय लोग भी उनसे मिले और मांगों से संबंधित ज्ञापन उनको सौंपा। बाद में मुख्यमंत्री शहीद सिदो कान्हु के वंशजों से मिले और परिवार के बिटिया मुर्मू को वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके पहले यहां पहुंचने पर वंशजों के द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने यहां वंशजों के घर में स्थापित सीदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। बाद में मुख्यमंत्री हुल दिवस के मौके पर भोगनाडीह मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां सीदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। हालांकि कार्यक्रम के दौरान जोरदार बारिश होती। लोगों की भीड़ कम हो गई। कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने 177 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। अनुकंपा पर दो लोगो को नियुक्ति पत्र दिया गया। लाभुकों को सावित्री बाई फुले किशोरी योजना व कन्यादान योजना से लाभान्वित किया गया भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत किसानों की बीच ट्रैक्टर का वितरण किया गया। वहीं एसएचजी महिला ग्रुप को 10 करोड़ का चेक दिया गया। मौके पर मेला का भी आयोजन किया गया, जिसमें 20 विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए। वहीं हुल दिवस को लेकर भोगनाडीह में एक फुटवाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

**नौकरी की मांग करते रहे सिदो कान्हु वंशज मंडल मुर्मू**

कार्यक्रम भाग लेने के पहले सिदो कान्हु के वंशज से मिलने उनके घर पहुंचे मुख्यमंत्री से नौकरी की मांग करते दिखे सिदो कान्हु वंशज मंडल मुर्मू। दरअसल मंडल मुर्मू को गोद लेकर राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने उनको पॉलीटेक्निक करवाया है। पॉलीटेक्निक करने के वर्षों बाद भी उनको अब तक नौकरी नहीं लग पने से वे काफी नाराज है।

ऐसे में मुख्यमंत्री के घर पहुंचने पर उनके सामने नौकरी देने की बात रखी। इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा में जे ई की बहाली निकली गई थी तो आवेदन क्यों नहीं किया मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां बैंकों से लोन लेने में परेशानी हो रही है,, वहीं सरकार 50 हजार से 25 लाख तक का लोन दे रही इसका लाभ वे ले सकते है। मौके पर जिले के उपायुक्त रामनिवास यादव भी मौजूद थे।

**आंख बचा कर निकाल गए विधायक लोबिन हेंब्रम**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक लोबिन हेंब्रम की आपसी खाई एक बार फिर से हुल दिवस के दौरान सामने आई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शहीद स्थल पंचकठिया पहुंचने के चंद मिनट पहले तक जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम वहीं मौजूद थे। जैसे ही मुख्यमंत्री की कार वहां रुकी विधायक लोबिन हेंब्रम मुख्यमंत्री से मिले बिना वहां से निकाल गए।

कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं हुआ जारी

## जानबूझ कर अफवाह फैलाने का आरोप

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** चाईबासा एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा वारंट जारी होने के मामले में विधायक सरयू राय का दावा है कि उनके खिलाफ एक साजिश के तहत यह अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने इस मामले में अपना वक्तव्य जारी करते हुए कहा है कि कई व्हाट्सएप ग्रुप में यह अफवाह उड़ायी जा रही है कि एमपी एमएलए कोर्ट चाईबासा ने उनके विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। इस बारे में उन्होंने जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना प्रभारी को फोन किया तो उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी वारंट तो दूर थाना में अभी तक कोर्ट से इस बारे में कोई समन तक नहीं आया है।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 6 मई, 2022 को कोविड प्रोत्साहन राशि के वितरण में अनियमितता पर उनके द्वारा दिए गए बयान पर एमपी एमएलए कोर्ट चाईबासा में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। ऐसे मुकदमे में कोर्ट प्रतिवादी को जमानतीय धारा में समन करके बुलाता है और उसके बाद मुकदमा शुरू होता है। इस मामले में अभी तक ऐसा कोई समन ना तो मुझे मिला है और ना ही बिष्टुपुर थाना को मिला है। विधायक सरयू राय के अनुसार न्यायालय ने 18 मई, 2022 को इस केस की सुनवाई की थी। मुकदमे की अगली तारीख 21 जुलाई, 2023 निर्धारित हुई है।

अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम विद्रोह का बिगुल संथाल परगना की धरती से फूंका गया: बाबूलाल मरांडी

## हुल क्रांति की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही हेमंत सरकार: दीपक प्रकाश



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हेमंत सरकार हुल क्रांति की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है,यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने प्रदेश कार्यालय में हुल दिवस के अवसर पर वीर शहीद सिदो कान्हो ,चांद भैरव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर सपूतों ने अपनी अस्मिता ,सांस्कृतिक पहचान को बचाने , अपनी जमीन की रक्षा केलिए शोषण और अत्याचार के खिलाफ अपनी शहादत दी थी।उन्होंने कहा कि आज झारखंड जमीन खान खनिज के लूट की भूमि बन गई है। गरीबों की जमीन सरकार के संरक्षण में दलाल ,बिचौलिए लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठिए केवल संथाल परगना की धरती की डेमोग्राफी ही नही बदल रहे जनजाति समाज की बहन बेटियों की इज्जत से खेल रहे,उनकी हत्याएं कर रहे और राज्य सरकार मौन बैठी है।लव जिहाद के नाम पर नाबालिग बच्चियों को धर्म संस्कृति परंपरा से काटने की कोशिश की जा रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार अमर शहीद सिदो कान्हो के वंशज रामेश्वर मुर्मू को भी सुरक्षा नही दे सकी।अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी के नाम पर केवल अपनी कुर्सी बचाना चाहती है।भाजपा नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शहीद सिदो कान्हो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जब आम समाज अंग्रेजी दासता के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहा था उसके बहुत पहले ही जनजाति समाज के वीर सपूतों सिदो कान्हो चांद भैरव ने अपने अधिकारों की रक्षा केलिए अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी और अपनी शहादत दी।

उन्होंने कहा कि उनके सपने अभी अधूरे हैं। उसे पूरा करके ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हुल दिवस झारखंड के इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि 30जून 1855 को संथाल परगना के 400गांवों से 50हजार लोगों ने सिदो कान्हो चांद भैरव के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ मेरी माटी छोड़ो का नारा दिया था।

## प्रशासन कर रहीभोगनाडीह में हुल दिवस को असफल करने का प्रयास इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाऐगा : नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** शासन और प्रशासन झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक विधायक लोबिन हेंब्रम के संथाल में बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भोगनाडीह में 30 जून हुल दिवस के आयोजित कार्यक्रम को असफल कराने का षड्यंत्र कर रही है जिसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही । इन्होंने यह भी कहा की भोगनाडीह में होने वाले सिद्धू - कान्हु के हुल दिवस के अवसर पर विभिन्न आदिवासी संगठनों एवं विधायक लोबिन हेंब्रम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न कर जिला प्रशासन द्वारा मंच बनाने एवं टेंट, समियाना लगाने से रोकने की घटना को आक्रोशपूर्ण कड़े शब्दों में इसकी निंदा और भर्त्सना करते हुए कहा की उक्त कार्यक्रम को असफल बनाने में जिला प्रशासन और सरकार पूरी तरह से हाथ धोकर पड़ी है जहां-तहां कार्यकताओं को रोका जा रहा है ताकि कार्यक्रम को असफल किया जा सके । श्री नायक ने आगे कहा कार्यक्रम होने की सूचना विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा एवं विधायक लोबिन हेंब्रम के द्वारा साहिबगंज जिला प्रशासन को 25 जून को ही दी गई थी मगर बृहस्पतिवार को जब टेंट, समियाना एवं मंच निर्माण करने के लिए लोग आए तो जिला प्रशासन के लोगों ने मंच ,टेंट, समियाना बनाने से उसे रोका गया जो आदिवासी हित में नहीं है एवं प्रशासन हिटलर शाही है लोकतांत्रिक ढंग से शांति पूर्वक कार्यक्रम को नहीं होने देने से रोका गया रोका जा रहा है फिर भी तय कार्यक्रम किए जाएंगे और सरकार और प्रशासन की जो मंशा है वह फेल होगी और हजारों लाखों की संख्या में लोग उस कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बना कर सरकार एवं जिला प्रशासन के मुंह पर तमाचा मारने का काम करेंगें । श्री नायक ने आगे कहा कि सरकार और प्रशासन अब हिटलर शाही पर उतर आई है।

## शबरी माता मंदिर में एक करोड़ के लागत से बनेगा सामुदायिक भवन : जयन्त सिन्हा

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण:** चौपारण अखिल भारतीय भूईयाँ समाज के बैनर तले मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा व विशिष्ठ अतिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष आजाद भुइयाँ ने किया व संचालन छोटी भुइयाँ ने किया। कार्यक्रम की शुरूवात सदस्यता ग्रहण से हुआ। भाजपा के नीति व सिद्धान्तों से प्रभावित होकर भुईयाँ समाज के दर्जनों लोगों ने भाजपा को प्राथमिकता सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालो को जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने माला पहनाकर और सांसद व पूर्व विधायक ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण देते हुए, आजाद भुइयाँ ने सांसद से शबरी माता मन्दिर के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं का मांग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। सांसद ने कहा कि आपकी बहुत मांग जायजा है।

# संथाल विद्रोह के शहीदों को याद कर रहा झारखंड, आला नेताओं ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन

▶▶ जेएमएम का गठन ही जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हुआ है:विनोद

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कृतज्ञ राष्ट्र हूल दिवस पर उन अमर शहीदों को याद कर रहा है, जिन्होंने देश में 1857 से पहले ही संथाल विद्रोह कर अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी। 30 जून 1855 को अपनी माटी की आजादी के लिए सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो ने अपना बलिदान दिया, उन्हें हूल दिवस पर याद किया जा रहा है। इसको लेकर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।रांची के सिदो कान्हू पार्क में स्थापित अमर शहीदों की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, आजसू, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक अहमद, सचिव हेमलाल मेहता हेमू, महिला राजद के प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, सरना धर्म के पाहन जगलाल पाहन ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।हूल दिवस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि झामुमो सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो के बताए मार्ग पर चलकर उनके सपने को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि जेएमएम का गठन ही जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हुआ है। इस दिशा में महागठबंधन की सरकार आगे बढ़ी है, कुछ सपने पूरे हुए हैं बाकी को भी हेमंत सरकार पूरा करेगी।झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अमर शहीदों को याद करते हुए कहा कि आज यह संकल्प हम लोगों ने लिया है कि केंद्र की फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है, उस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने उम्मीद जताई कि हेमंत सोरेन की सरकार में सीएनटी एसपीटी एक्ट की कड़ाई से पालन होगा और जल जंगल जमीन की रक्षा होगी। वहीं सरना धर्म गुरु जगलाल पाहन ने कहा कि संथाल विद्रोह की वजह से ही हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं।भारत की आजादी की पहली लड़ाई के रूप में भले ही इतिहास में 1857 का सिपाही विद्रोह को जगह मिली हो। लेकिन यह एक सच्चाई है कि फिरंगियों के खिलाफ 1857 के विद्रोह से काफी पहले अंग्रेसी हुकूमत को चुनौती संथाल में मिली थी। अमर शहीद सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो के नेतृत्व में हजारों की संख्या में आदिवासियों ने मिलकर अपनी माटी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था। इस संथाल विद्रोह में 20 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था और फिरंगियों की सत्ता की बुनियाद हिला दी थी। संथाल विद्रोह को दबाने के लिए अंग्रेजों ने साहिबगंज के भोगनाडीह में सिदो कान्हू को फांसी दे दी थी।

## पेज एक का शेष

### पूरे मणिपुर को शीघ्र .. .. ..

वाली एक सहज घटना नहीं थी, बल्कि एक सावधानीपूर्वक घटना थीं। एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार और उसके कट्टरपंथी गैर-सरकारी सहयोगियों द्वारा जनजातीय भूमि को हड़पने और जातीय सफाए की शुरूआत करने के अपने बहुसंख्यकवादी एजेंडे को पूरा करने के लिए सुनियोजित योजना बनाई गई है। वहां एक संक्षिप्त भाषण में, राहुल ने कहा कि वह समझते हैं कि मणिपुर में एक त्रासदी हुई है और वह जो कुछ हुआ है उसे सुनने और समझने तथा शांति वापस लाने का प्रयास करने के लिए मणिपुर आए है। उन्होंने कहा, आप बहुत कठिन समय से गुजर रहे हैं। मेरा दिल और मेरे कान आपके साथ हैं। राहुल ने कहा कि अगर राहत शिविरों में कोई समस्या होगी तो हम अपने लोगों को यहां भेजेंगे। राहुल शाम 6 बजे इंफाल लौट आए और एक राहत शिविर का दौरा किया। शुक्रवार दोपहर तक दिल्ली लौटने से पहले वह नागरिक समाज संगठनों और प्रमुख नागरिकों से मिलें और कुछ राहत शिविरों का भी दौरा कर वहां भी पीड़ितों से बात चीत की।

### एक किशोर की हत्या .. ..

है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका बेटा आदरणीय और दयालु था। फ्रांस के आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि आज रात पूरे फ्रांस में 40,000 पुलिस तैनात की गई है। इससे पहले विरोध प्रदर्शन को संभालने के लिए कल 9,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि कोई आपात स्थिति जारी नहीं की गई है। इससे पहले देश के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने किशोर की हत्या को अक्षम्य बताया है। मैक्रों ने कहा, इस घटना का किसी भी तरह से समर्थन नहीं किया जा सकता। उन्होंने मंत्रियों के साथ बैठक बुलाई है।

### जिसे मारने म्यांमार.. ..

मोइरांगथेम भारतीय सैनिकों का एकमात्र हत्यारा नहीं है जो हमलों के बाद सामने आया है। एनआईए द्वारा साजिशकताओं में नामित स्टार्सन लामकांग ने भी दिसंबर 2020 में भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण सौदे की शर्तों का मतलब है कि उस पर हमले के लिए मुकदमा नहीं चलाया जा रहा है। खुफिया अधिकारियों ने बताया है कि अपने नागा सहयोगियों की तरह, केवाईकेएल नेता भारतीय खुफिया सेवाओं को देखते हुए काम कर रहे हैं। केवाईकेएल के अध्यक्ष नमोइजम ओकेंद्र सिंह, इंफाल की तलहटी में कुकी बस्तियों के खिलाफ जातीय-सफाई अभियान आयोजित करने में मदद करने के लिए इस गर्मी की शुरूआत में म्यांमार के तागा शिविर से आए थे। थौदाम थोइबा और एस मंगल जैसे केवाईकेएल कमांडर भी वापस आ गए हैं और उन्हें शक्तिशाली स्थानीय राजनेताओं द्वारा संरक्षित किया जा रहा है। यह अजीब भारतीय राजनीति है, जहां भारतीय सेना पर हमला करने तथा जवानों को घात लगाकर मारने वालों को भी बच निकलने का मौका दिया गया है। इस पर सरकारें चुप हैं।

### वायु सेना के कमांडर .. .. ..

देखा गया है और यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है कि सुरोविकिन कहां है। जाने-माने रूसी पत्रकार एलेक्सी वेनेडिक्टोव - जो अब बंद हो चुके इको मॉस्को रेडियो स्टेशन के पूर्व संपादक हैं - ने भी बुधवार को दावा किया कि सुरोविकिन तीन दिनों से अपने परिवार के संपर्क में नहीं थे। संसद के पूर्व रूसी सदस्य सर्गेई मार्कोव ने टेलीग्राम पर कहा कि सुरोविकिन ने गुरुवार को रोस्तोव में एक बैठक में भाग लिया था, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें यह कैसे पता चला। अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए, जिन्होंने कहा कि उन्हें अमेरिकी खुफिया जानकारी दी गई थी, जिसके मुताबिक सुरोविकिन को रूस के सैन्य नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने की येवगेनी प्रिगोझिन की योजनाओं के बारे में पहले से जानकारी थी। इसके अतिरिक्त, रूसी टेलीग्राम चैनल बाजा ने सुरोविकिन की बेटी, वेरोनिका के साथ एक संक्षिप्त साक्षात्कार पोस्ट किया है, जिसमें वह अपने पिता के संपर्क में होने का दावा करती है और जोर देकर कहती है कि उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया है।

### कान के बहरेपन को .. ..

यह मनुष्यों में सुनवाई बहाल करने के लिए जीन थेरेपी का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व कर सकता है। यह बात डीएमएससी के एमडी मैकेन नेडरगार्ड ने कहा। उनके दल का यह शोध साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन जर्नल में छपा है। नेडरगार्ड रोचेस्टर विश्वविद्यालय और कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर ट्रांसलेशनल न्यूरोमेडिसिन के सह-निदेशक हैं।

यह अध्ययन दो विश्वविद्यालयों के शोधकताओं और बारबरा कैनलोन, पीएच.डी. के नेतृत्व वाले एक समूह के बीच सहयोग का परिणाम था। स्वीडन के स्टॉकहोम में कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में प्रायोगिक ऑडियोलॉजी की प्रयोगशाला में। दुनिया भर में हल्के से लेकर पूर्ण श्रवण हानि से पीड़ित लोगों की संख्या सदी के मध्य तक लगभग 2.5 बिलियन तक बढ़ने की उम्मीद है। मुख्य कारण कान के अंदर वाले हिस्से के कोक्लिए में पाए जाने वाले बाल कोशिकाओं की मृत्यु या कम क्षमता है। इसकी वजह से मस्तिष्क में ध्वनियों को प्रसारित करने का काम बाधित हो जाता है। अब इसके कई कारण हो सकते हैं, जिनमें महत्वपूर्ण जीन के उत्परिवर्तन, उम्र बढ़ने, शोर जोखिम भी हो सकते हैं। मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों में बाल कोशिकाएं स्वाभाविक रूप से पुनर्जीवित नहीं होती हैं। इस काम में जीन थेरेपी ने आशाजनक प्रदर्शन किया है और अलग-अलग अध्ययनों में नवजात शिशुओं और बहुत युवा चूहों में इन बाल कोशिकाओं के कार्य को सफलतापूर्वक ठीक किया है। हालाँकि, चूहों और मनुष्यों दोनों की उम्र बढ़ने के साथ, कोक्लीअ, जो पहले से ही एक नाजुक संरचना है, टेम्पोरल हड्डी में बंद हो जाता है। इस बिंदु पर, कोक्लीअ तक पहुंचने और सर्जरी के माध्यम से जीन थेरेपी देने का कोई भी प्रयास इस संवेदनशील क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने और सुनने की क्षमता को बदलने का जोखिम उठाता है। नए अध्ययन में, शोधकताओं ने कोक्लीअ में एक छोटे से समझे गए मार्ग का वर्णन किया है जिसे कोक्लीयर एक्वाडक्ट कहा जाता है। कॉक्लियर एक्वाडक्ट पतला हड्डी चैनल है जो बालों के एक कतरे से बड़ा नहीं है। कान में दबाव को संतुलित करने में भूमिका निभाने का संदेह है, नए अध्ययन से पता चलता है कि कॉक्लियर एक्वाडक्ट आंतरिक कान और मस्तिष्क के बाकी हिस्सों में पाए जाने वाले मस्तिष्कमेरु द्रव के बीच एक नाली के रूप में भी काम करता है। वैज्ञानिक ग्लाइम्फैटिक प्रणाली के यांत्रिकी की स्पष्ट तस्वीर विकसित कर रहे हैं, मस्तिष्क की कचरे को हटाने की अनूठी प्रक्रिया जिसे पहली बार 2012 में नेडरगार्ड लैब द्वारा वर्णित किया गया था। क्योंकि ग्लाइम्फैटिक प्रणाली जहरीले प्रोटीन को धोने के लिए मस्तिष्क के ऊतकों में गहरे सेरेब्रोस्पाइनल तरल पदार्थ को पंप करती है, शोधकताओं की नजर इस पर है मस्तिष्क में दवाएं पहुंचाने के संभावित नए तरीके के रूप में, तंत्रिका संबंधी विकारों के लिए दवाएं विकसित करने में एक बड़ी चुनौती रही है।

### वैगनर समूह के संस्थापक .. .. ..

के पुल्कोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक गया। आरए-02795 ने बुधवार को दोपहर 2 बजे सेंट पीटर्सबर्ग के लिए उड़ान भरने से पहले मॉस्को में सिर्फ दो घंटे से अधिक समय बिताया। आरए-02878 के मॉस्को के जुकोवस्की अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले, दोनों विमान बुधवार को लगभग नौ घंटे तक सेंट पीटर्सबर्ग में थे। अमेरिकी और यूरोपीय खुफिया अधिकारी विमानों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं, लेकिन गुरुवार को यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सका कि प्रिगोझिन विमान में थे या नहीं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, वह इसे धोखे की रणनीति के रूप में उपयोग करता है। इसलिए प्रिगोझिन के सटीक ठिकाने को विमान से ट्रैक करना मुश्किल है।

## शहर >> अपडेट

### कोकर में बिजली की समस्या जस की तस

रांची : कोकर के क्षेत्र में अभी बिजली कट की समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे वहां के स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है । इस मामले में कोकर के स्थानीय निवासी लखन कुमार नें बताया कि शाम होते - होते बिजली का वोल्टेज इतना कम हो जाता है।कि घर के नियमित काम करने में भी काफी परेशानी हो रही है। इतना ही नही लो वोल्टेज से परेशान होने के बाद पावर कट हो जाता है। जो घंटो तक रहता है। हमें उम्मीद थी। कि बर्षात शुरू के बाद बिजली समस्या से निजात मिल जाएगा,लेकिन येसा होता नही दिख रहा है।इसको लेकर हमनें बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत किया था। हमें उम्मीद थी। कि बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा हमारी शिकायत पर ध्यान दिया जाएगा लेकिन ऐसा होता नही दिख रहा है। जल्द ही हमारी समस्याओं का समाधान नही होता है तो हम बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ उग्र आदोलन करेंगें।

**मौसम** राजधानी रांची समेत राज्य में मानसून का असर कम

# तीन जुलाई तक मौसम साफ रहने की संभावना,चार जून से होगी बारिश



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बीते गुरूवार से राजधानी रांची समेत राज्य में मानसून का असर कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी से उठे साइक्लोन के कमजोर पड़ने के कारण राज्य में मानसून का असर कम देखा गया। जहां गुरूवार को सुबह से मौसम साफ रहा। वहीं, शुक्रवार अहले सुबह से राजधानी में बारिश का असर देखा गया। जहां बारिश से राजधानी का मौसम सुहाना हो गया। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अगले चार दिनों तक मानसून की सक्रियता में कुछ कमी आ सकती है। इस दौरान बादल साफ रहने के बावजूद हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं, तीन जुलाई तक मौसम साफ रहने की ज्यादा संभावना है। लेकिन देश के मध्य भाग से लेकर पश्चिमी से पूर्व तक मानसून टर्फ झारखंड से होकर गुजर रहा है। इससे राजधानी समेत राज्य के कुछ भागों में हल्की बारिश होने का पूवार्नुमान है।

विभाग की मानें तो राज्य के तापमान में आने वाले पांच दिनों तक बहुत अंतर नहीं देखा जायेगा। आने वाले पांच दिनों के बाद तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। लेकिन तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं है। वहीं, इस दौरान कुछ इलाकों में बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की गयी है।मौसम विभाग के मुताबिक, 7 जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। देवघर, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, जामताड़ा और पाकुड़ जिले में मेघगर्जन और वज्रपात के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में कहां कितनी बारिशः सबसे अधिक बारिश गढ़वा स्थित नगर उंटारी में 56.8 मिमी वर्षा हुई। साहिबगंज में 50.0 मिमी के आसपास बारिश हुई। दुमका में 33 मिमी, पलामू में 24 मिमी, हजारीबाग में 14 मिमी, जामताड़ा में 10.6 मिमी, कोडरमा में 10.4 मिमी, रामगढ़ में 9.6 मिमी, रांची में 6.8 मिमी और गिरिडीह में 16.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

हरी सब्जियों की कीमतों में जबरदस्त उछाल,

# लोगों के पॉकेट पर पड़ रहा असर, कारोबारी भी परेशान



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी में सब्जियों के दाम लोगों को सताने लगा है। सिर्फ टमाटर ही नहीं बल्कि हरी सब्जियों के भी दाम आसमान छूने लगे हैं। राजधानी रांची में हरी सब्जियों की बात करें तो कद्दू, करेला, झींगली, परवल, भिंडी समेत सभी सब्जियों के दाम दो से तीन गुना ज्यादा बढ़ चुके हैं। इससे ग्राहक से लेकर कारोबारी सभी परेशान हैं। लोगों का बजट बिगड़ रह है।सब्जी कारोबारियों ने बताया कि किसान अपने खेत से ही सब्जियां महंगे दामों में छोड़ रहे हैं। इसलिए व्यापारियों को महंगे दामों में सब्जियों को बेचना पड़ रहा है। कारोबारियों ने कहा कि अचानक अत्यधिक बारिश होने के कारण जो सब्जियां खेत में लगी हुई थीं, उसमें पानी लग गया और तीन दिनों तक खेत में रहने की वजह से सभी सब्जियां सड़ गईं। सब्जी कारोबारियों ने कहा कि गर्मी में जो फसल काटे गए थे। वही फिलहाल बाजार में लोगों को मिल रहे हैं। इसके अलावा जो फसल अभी काटे जाने थे, उससे पहले ही बारिश होने के कारण खेत में रखी सारी सब्जियां सड़ गईं।किसानों ने कहा कि अब जो नई सब्जियां लगाई जाएंगी, वह बाड़ी में लगाई जाएंगी। अभी जो सब्जी लगे हुए थे, वह सभी खेत में थे। बाड़ी में सब्जियां लगाने के लिए खेतों में बगीचे के तरह क्यारी बना दिए जाते हैं ताकि बारिश का पानी सब्जियों को बर्बाद ना कर सके। जबकि अभी जो सब्जियां खेतो में लगी हुई हैं, उसमें क्यारी नहीं बनाए गए हैं। जिस वजह से खेतों में लगी सब्जियां खराब हो रही हैं।

वहीं सब्जी खरीदने आए ग्राहकों ने बताया कि जिस तरह से दाम में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इससे कहीं ना कहीं आम लोगों को सब्जी खरीदना मुश्किल हो रहा है। सब्जी खरीदने पहुंची महिला रश्मि सिंह ने बताया कि जरूरत होने की वजह से सब्जी खरीदना पड़ रहा है। लेकिन जिस तरह से सब्जियों के दाम बढ़े हैं। ऐसे में हमारे किचन का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है।वहीं सब्जी बेचने वाले कारोबारियों ने कहा कि जब तक झारखंड में फिर से नई सब्जियां नहीं उगेंगी, तब तक सब्जियों के दाम ऐसे ही आसमान छूते रहेंगे। वहीं कई सब्जी खरीदने आए लोगों ने बताया कि सीजनल फल आम की कीमत से भी ज्यादा सब्जियों के दाम हो गए हैं। आम यदि 40 रुपए प्रति किलो मिल रहा है तो सभी हरी सब्जियों के दाम 50 से 60 रुपए प्रति किलो हैं। कारोबारियों ने कहा कि सभी सब्जियों के दाम अभी कुछ दिनों तक बढ़े रहेंगे।

# अखौरी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करेगी




फोटो 11

रांचीः झारखंड सरकार ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व परीक्षा नियंत्रक विवेक नारायण अखौरी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है। अखौरी पर पांचवीं जेपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या-06, 13) में समान अंक वाले अभ्यर्थियों को प्रोबेशन सेवा के लिए अनुशंसा में अनियमितता बरतने का आरोप है।अखौरी के खिलाफ 2 मार्च 2021 को आरोप पत्र तैयार कर राज्य सरकार को भेजा गया था। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि आरोपों में दम है। अखौरी ने इस मामले में स्पष्टीकरण पेश किया, लेकिन सरकार ने उनके बचाव में दिये गये बयान को स्वीकार नहीं किया है। कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर अखौरी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही का आदेश दिया है। सेवानिवृत्त अधिकारी रामाकांत सिंह को जांच संचालन अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि जेपीएससी के उप सचिव को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है।अखौरी को 15 दिनों के अंदर जांच कर रहे अधिकारी को अपना जवाब देने को कहा गया है। जांच पूरी होने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई पर फैसला करेगी।

# रांची शहर में निगम लगाएगा 1 लाख पौधे, खर्च आएगा 32 करोड़




**53 वार्डों में लगेंगे पौधे**

**एनएचआई एक पौधा लगाने पर करती है 1200 रुपए खर्च**

**रांची नगर निगम का एक पौधे पर खर्च आ रहा 3200 रुपए**

**रांचीः** नगर निगम इस बार बरसात में शहर में एक लाख से भी अधिक पौधे लगाने वाला है। ये पौधे 53 वार्डों में लगाए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, एक पौधे पर 3200 रुपए का खर्च आएगा। इसमें पौधों का 3 साल तक का रख-रखाव शामिल है। यानी एक लाख पौधे लगाने में 32 करोड़ की लागत आएगी। पौधे लगाने का काम टेंडर के माध्यम से पर्वतीय दुर्गम शिक्षा विकास समिति और प्रिंस इलेक्ट्रॉनिक्स टीवी कंप्यूटर इंस्टीट्यूट (पेटसी) को दिया गया है। लेकिन नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) हाइवे पर एक पौधे लगाने के लिए 1000 से 1200 रुपये ही खर्च करती है, जिसमें पौधे लगाने वाली कंपनी को 5 साल तक देखभाल भी करना होती है। देखभाल में हर पौधे पर 1000 रुपए का खर्च आता है। इस तरह से देखें, तो नगर निगम को एक पौधा लगाने में एनएचएआई से ढाई गुना ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।

**कहां-कहां लगने हैं पौधे**

मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान में पहला फेज चल रहा है, जिसमें 20 हजार पौधे लगने हैं। पहले फेज में मोरहाबादी मैदान, एदलहातू, बोड़या रोड, बूटी मोड़ से कांटाटोली सड़क,बिरसा चौक से धुर्वा डैम रोड, बिरसा चौक से तुपुदाना चौक, नेपाल हाउस से घाघरा पुल जाने वाली सड़क किनारे पौधे लगने हैं। अभी मोरहाबादी और एदलहातू में पौधे लगाने का कमा चल रहा है।

**कई स्थानों पर पौधे लगाना मुमकिन नहीं**

कांटाटोली में फ्लाईओवर का काम चल रहा है, इस वजह से वहां पर पौधा नहीं लगाया जा सकता है। नेपाल हाउस से घाघरा पुल तक के मार्ग के किनारे जगह नहीं है। बिरसा चौक से तुपुदाना के बीच का फुटपाथ कंक्रीट का बना हुआ है। धुर्वा में कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। कोकर चौक से बूटी मोड पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है।

**निगम और कंपनी का क्या कहना है**

निगम के अधिकारी बताते है, कि पौधे को 3 साल तक देखभाल करने में खर्च ज्यादा आता है। हम पौधे जिंदा रहने पर ही भुगतान करते है। पौधे लगाने के लिए वार्ड पार्षदों की मदद ली जाएगी। पौधे पर निगरानी रखने के लिए जीपीएस टैगिंग की जा रही है।

# रांची विवि के महिला अध्ययन केंद्र में सेमिनार का समापन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भारतीय महिला अध्ययन संघ और रांची विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के महिला अध्ययन केंद्र में शुक्रवार को पांच दिवसीय सेमिनार का समापन हुआ। सेमिनार में झारखंड की महिलाओं के मुद्दों पर चर्चा हुई। सेमिनार में आदिवासियत की पहचान और स्वशासन, झारखंड आंदोलन में महिलाओं का योगदान, महिलाएं और समुदाय, भूमि अधिग्रहण, भूमि अधिकार, डायन प्रथा, मुस्लिम महिलाएं व उनका समाज, आदिवासी महिलाओं की भागीदारी, वन अधिकार, एकल महिलाओं की समस्याएं और झारखंड में जनाधिकार आंदोलन जैसी मुद्दों पर चर्चा की गई। सेमिनार में आईएडब्ल्यूएस अध्यक्ष प्रो ईशिता मुखोपाध्याय, अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रंजना श्रीवास्तव डॉ। विनीता, महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ ममता कुमारी ने भाग लिया।सेमिनार में वक्ता के तौर पर रणेन्द्र कुमार, आलोका कुजूर, अश्विनी कुमार पंकज, डॉ। वंदना टेटे, डॉ वासवी कीरो, रजनी मुर्मू, डॉ अता मलिक, नसरीन जमाल, डॉ। ज्योति प्रकाश, निराली बाखला, श्रावणी, सान्यारो और प्रो रमेश शरण शामिल थे।

**समयसारिणी** विभाग ने कहा कि नया समय तापमान गिरने तक लागू रहेगा

# मानसून की शुरूआत के बाद राज्य में स्कूलों का समय बदला गया



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मानसून की शुरूआत के बाद राज्य में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। नया समय 1 जुलाई से लागू होगा। नए शेड्यूल के मुताबिक कक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जाएंगी। सुबह की प्रार्थना सभा 9 बजे से 9:15 बजे तक होगी। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को सुबह 6:45 बजे तक पहुंचना होगा। सुबह 7:00 बजे से 7:15 बजे तक प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद कक्षा में उपस्थिति ली जाएगी और 7:25 मिनट पर पहली घंटी बजेगी। पहली दो घंटियां 45-45 मिनट की होंगी और उसके बाद पांच मिनट का ब्रेक दिया जाएगा। तीसरी, चौथी और पांचवीं घंटी 40-40 मिनट की होगी। मध्याह्न भोजन का समय सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके बाद छठी घंटी 40 मिनट की, पांच मिनट का ब्रेक और सातवीं घंटी 35 मिनट की होगी। इसके बाद एक घंटे तक इनडोर और आउटडोर गेम खेल सकते हैं। राज्य में भीषण गर्मी के बाद स्कूलों के समय में बदलाव का फैसला लिया गया है। विभाग ने कहा था कि नया समय तापमान गिरने तक लागू रहेगा। नए समय का अभिभावकों और शिक्षकों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि नया समय छात्रों और शिक्षकों के लिए अधिक आरामदायक होगा। विभाग ने यह भी कहा है कि वह नए समय के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा और यदि आवश्यक हुआ तो आवश्यक बदलाव करेगा।

### चुटिया में जल जमाव से आम लोग परेशान

रांची: राजधानी के चुटिया इलाके में जल जमाव के कारण आमलोग परेशान है। बिते एक सप्ताह में हुई भारी बारिश के कारण चुटिया के अलग- अलग इलाको में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसको लेकर इस सबंध में चुटिया के स्थानीय निवासी लखन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बर्षात शुरू होनें के साथ ही ये समस्या बिकराल हो चली है।चुटिया के अधिकांश सडक जरजर अवस्था में पहूंच गई है। इस समस्या को लेकर जब हम स्थानीय पार्षद के पास गये तो उन्होनें कहा कि इस समस्या को लेकर हम कुछ नही कर सकते है। क्योंकि उनका कार्यकाल पूर्णरूप से समाप्त हो चुका है।

## न्यूज फटाफट

### मैट्रिक व इंटर की परीक्षा देने वाले छात्रों को मिलेगा क्वेश्चन बैंक और उसके उत्तर

रांची: झारखंड जैक बोर्ड अगले साल मैट्रिक और इंटर की परीक्षा देने वाले छात्रों को तैयारी में सहयोग करेगा। मैट्रिक और इंटरमीडिएट का क्वेश्चन बैंक और उसके उत्तर तैयार की जा रही है। ताकि 2024 में जैक से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं को इससे सहूलियत हो। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने क्वेश्चन बैंक और उसके उत्तर तैयार किये है। जेसीईआरटी में प्रश्नपत्र और उसके उत्तर को री-चेक भी किया जा रहा है। यह क्वेश्चन बैंक सभी विषयों के पाठ्यपुस्तकों के चैप्टर्स से संभावित प्रश्नों से तैयार किए गए हैं। ऑब्जेक्टिव, लघु उत्तरीय के साथ-साथ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न इसमें रखे गए हैं। प्रश्नों के साथ-साथ उसके उत्तर भी हैं। परीक्षा देने वाले मैट्रिक और इंटरमीडिएट के तीनों संकाय के छात्र-छात्राएं इससे अभ्यास कर सकते हैं। जिससे 2024 में होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उन्हें लाभ मिलेगा। प्रश्नपत्र वर्तमान परीक्षा पैटर्न के आधार पर तैयार किये गये हैं। जेसीईआरटी में 10वीं के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी विषय के प्रश्न और उत्तर तैयार किए जा रहे हैं। जबकि 12वीं के लिए भौतिकी, रसायन शास्त्रत्त, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास-राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल, एकाउंटेंसी, बिजनेस मैथमेटिक्स, बिजनेस स्टडीज, एंटरप्रेन्योरशिप, इंग्लिश इलेक्टिव, हिंदी कोर व हिंदी इलेक्टिव के प्रश्न और उत्तर तैयार किए जा रहे हैं।

### नेशनल स्कूल गेम्स में पदक जीतने वाले 14 खिलाड़ियों दिया जायेगा लैपटॉप

**रांची:** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) स्कूल के तत्वावधान में दिल्ली और भोपाल में आयोजित 66वां नेशनल स्कूल गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित होंगे। स्कूल गेम्स में झारखंड के 14 खिलाड़ियों ने अलग अलग स्पर्धा में पदक जीता। प्रतियोगिता में झारखंड के 3 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 1 खिलाड़ी ने रजत और 10 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता। पदक जीतने वाले सभी 14 खिलाड़ियों को शिक्षा विभाग लैपटॉप और स्पोटर्स किट देकर सम्मानित करेगा। शिक्षा सचिव के. रविकुमार ने विभागीय अधिकारियों और शारीरिक शिक्षकों के साथ हुई बैठक में यह फैसला लिया। पुरस्कार वितरण जुलाई के पहले सप्ताह में होने की उम्मीद है। बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने एसजीएफआई प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन और विभाग द्वारा की गई तैयारियों व निर्णयों से जुड़ा प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में विभागीय सचिव के अलावा परियोजना निदेशक किरण कुमार पासी, शिक्षा विभाग के अभियंता प्रमुख व लगभग 60 शारीरिक शिक्षक मौजूद थे।

### सीवी रमण और बिरसा मुंडा हाउस बने खो-खो विजेता

**रांची:** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में आज राष्ट्रीय सह अंतरराष्ट्रीय खोखो दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चल रहे इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें लड़कियों में सीवी रमण हाउस ने मदर टेरेसा हाउस को 28- 19 अंक से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बिरसा मुंडा हाउस तीसरे और आरएन टैगोर हाउस चौथे स्थान पर रहा। लड़कों में बिरसा मुंडा हाउस ने आरएन टैगोर हाउस को 22- 17 से हराकर जीत दर्ज की। सीवी रमण हाउस तीसरे और मदर टेरेसा हाउस को चौथा स्थान मिला। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खो-खो का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है। यह खेल स्फूर्ति और उच्च ऊर्जा वाला खेल है, जो खिलाड़ियों को शारीरिक फिटनेस देता है। साथ ही त्वरित निर्णय लेने की क्षमता भी प्रदान करता है। यह खेल टीम के साथियों के साथ एक इकाई के रूप में टीमवर्क क्षमता और अनुशासन को विकसित करता है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद को दैनिक दिनचर्या में शामिल रखना चाहिए। खेलकूद से हमें विषम परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। खेल शिक्षक प्रकाश ओझा ने इससे पूर्व खिलाड़ियों को खो-खो का इतिहास और इससे जुड़े नियमों की जानकारी दी।

### इंटर की पढ़ाई जारी रखने के सीएम के आदेश का पासवा ने किया स्वागत

**रांची:** प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि अंगीभूत कॉलेज, सरकारी व गैर-सरकारी प्लस टू विधालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदेश सराहनीय एवं सही फैसला है। पासवा अध्यक्ष ने कहा कि 28 जून को सरकार से आग्रह किया था कि 10 वीं पास छात्र छात्राओं का इंटरमीडिएट में एडमिशन नहीं लिया जा रहा है। जिसके वजह से लाखों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। आलोक दूबे ने राज्य सरकार से आग्रह किया था कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई जल्द से जल्द शुरू कराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद बच्चों के नामांकन का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं दूसरी तरफ आलोक दूबे ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी इंटरमीडिएट की पढ़ाई अंगीभूत कॉलेज, संबंध डिग्री कॉलेज एवं प्लस टू विधालयों में पढ़ाई बंद करने का अविवेकपूर्ण निर्णय लेते कैसे हैं। इनको ऐसी हिम्मत कौन देता है।

### झारखंड प्रदेश सदस्यता के प्रभारी बने आशीष वमा

**रांची:** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए इसी वर्ष दिसंबर में चुनाव कराया जायेगा। चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। पूरे देश भर में सदस्यता अभियान की शुरूआत हो गई है। अभियान में तेजी लाने के लिए महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष आशीष वर्मा को झारखंड प्रदेश का सदस्यता प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिलों के लिए सदस्यता प्रभारी की भी घोषणा कर दी है। घोषित प्रभारियों में रांची अनिल वर्मा, रामगढ़ महेश वर्मा, हजारीबाग गणेश सिंह सीटू, खूंटी अविनाश आर्या, सिमडेगा विकास वर्मा, लोहरदगा राजेंद्र वर्मा, गुमला शिवकुमार राम, चतरा महेश वर्मा, धनबाद दिलीप चंद्रवंशी, देवघर सचिन रवानी, गोड्डा रोबिन चंद्रवंशी, साहिबगंज मनोज चंद्रवंशी, दुमका अशोक चंद्रवंशी, पाकुड़ रॉबिन चंद्रवंशी, गढ़वा पंकज चंद्रवंशी, लातेहार विनय चंद्रवंशी, पलामू विजय चंद्रवंशी सेलू, बोकारो लीला देवी, कोडरमा पप्पू चंद्रवंशी, गिरिडीह रमेश चंद्रवंशी, सरायकेला खरसावां विजय वर्मा और हरिप्रसाद राम को जामताड़ा का प्रभारी बनाया गया है।

### पासवा की ओर से सिदो कान्हू को किया गया श्रद्धासुमन अर्पित



**रांची:** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने आज हुल क्रांति दिवस के मौके पर मोरहाबादी स्थित सिदो कान्हू पार्क पहुंचकर सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर आलोक दूबे ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों की संघर्ष गाथा और बलिदान को याद करने का आज खास दिन है। 30 जून 1855 को सिदो और कान्हू के नेतृत्व में साहिबगंज जिला के भोगनाडीह गांव से विद्रोह शुरू हुआ था और नारा दिया गया था करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो। उस समय 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया। इसमें 20 हजार लोगों ने अपनी शहादत दी थी और दोनों भाइयों को फांसी की सजा दी गई थी। जो देश के इतिहास में दर्ज है और उन्हीं की याद में संथाल हूल क्रांति दिवस मनाया जाता है।

## शहर >> अपडेट

### मोबाइल दुकान में चोरी

**बुढ़मू :** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू बाजारटांड़ स्थित एक मोबाइल दुकान का एलस्बेस्टर शीट तोड़कर गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरो ने कई मोबाइल सेट तथा नगदी चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार जिलानी अंसारी गुरुवार की शाम दुकान बंद करके घर चला गया। शुक्रवार की सुबह दुकान आने पर घटना की जानकारी मिली।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### चंद्रपुरा प्रखंड के आदिवासियों ने धूमधाम से मनाया हूल दिवस

**चंद्रपुरा:**चंद्रपुरा प्रखंड के वरिष्ठ आदिवासी नेता लखी हेंब्रम के नेतृत्व में शुक्रवार को. जरा स्थान से जुलूस निकालकर दुग्दा सिद्धू कान्हू मुर्मू चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर. सिद्धू कानून के प्रतिमा पर अगरबत्ती दिखाकर माल्यार्पण किया गया। सिद्धू,कान्हू, चांद, भैरव, फुलो,झानो सभी भाई बहनों की वीरगाथा सुना कर उनकी कुर्बानियों को याद किया गया। इस दौरान आदिवासी नेता लखी हेंब्रम ने कहा कि,आज के ही दिन हजारों आदिवासियों ने सिद्धू कानू के नेतृत्व में अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फुंका था। जिसे हम आदिवासी हुल दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की माटी है। इस वीरभूमि ने कभी भी बाहरी ताकतों को स्वीकार नहीं किया। जब जब हमारे जल जंगल जमीन पर किसी ने अधिकार जमाना चाहा तब तब क्रांति का बिगुल फूंका गया। साथ ही कहा कि समाज के युवा इन महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा लेकर उन्हें अपना आदर्श मानकर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लें।मौके पर सुरेश सोरेन, लालजी बास्के, अजय हंसदा,शक्ति मरांडी, संजय किस्कू,जितेंद्र यादव, श्रीवास्तव, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### माले व झारखंड नवनिर्माण दल का कैडर कन्वेंशन सम्पन

**लोहरदगा:** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का लोहरदगा लोकसभा स्तरीय कैडर कन्वेंशन पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में गुमला स्थित परिसदन हॉल में संपन्न हुई। कन्वेंशन की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व शहीद सिधु-कान्हू, चांद-भैरव व वीरांगना फूलों-झानो सहित हुल आंदोलन के सभी शहीदों को 1 मिनट का मौन धारण कर हुल आंदोलन के सभी शहीदों अमर रहे नारे के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कन्वेंशन में मुख्य रूप से उपस्थित भाकपा (माल रेड स्टार के राज्य सचिव वशिष्ठ तिवारी ने कहा कि देश चलाने में फेल हो चुकी मोदी सरकार अब भ्रष्टाचार रोकने की गारंटी देने की जुमलेबाजी करने में लगी है। जिसका भंडाफोड़ जनता के बीच आवश्यक है। तभी लूट-झूठ की मोदी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाई जा सकती है। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों से चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की है। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि स्थानीय सांसद व विधायकों के निकम्मेपन के कारण गुमला रेल लाइन व रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना नहीं बन पाया है। और सरकार की व्यवस्था ठीक नहीं रहने के कारण किसानों को खुले बाजार से महंगे खाद और बीज लेने पड़ रहे हैं। वहीं क्षेत्र की जनता बेरोजगारी, घूसखोरी ,पलायन, मानव तस्करी, अपराध जैसी समस्याओं से त्राहिमाम कर रही है। इस हालात को बदलने के लिए हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत पूरे लोकसभा क्षेत्र में बैठक व नुक्कड़ सभा कर व्यापक जन गोलबंदी को तेज करने की बात कही।

**श्रद्धांजलि**

झारखंड के वीर शहीद अमर रहें

# चांडिल में मंत्री व विधायक ने वीर शहीद सिदो -कान्हु की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया



- विधायक सविता महतो ने कही शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा
- सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत हजारों अमर वीर शहीदों को हूल जोहार

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** हुल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मंत्री चंपाई सोरेन व विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विस क्षेत्र के झामुमो नेता एवं कार्यकर्ताओ के साथ चांडिल गोलचकक्कर में स्थापित वीर शहीद सिदो -कान्हु के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मंत्री चंपाई सोरेन ने कहा अंग्रेज साम्राज्यवाद के खिलाफ हमारा पूर्वज सिदो-कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो समेत हजारों पूर्वजों ने अंग्रेजो के गुलाम के जंजीर के खिलाफ गए और तीर का नोक पर जवाब दिए। उनके संघर्ष और बलिदान को आज हम याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हैं। विधायक सविता महतो ने कही शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। उनके सपनो को हम सब को मिलकर साकार करने की जरुरत है। उन्होंने जल, जंगल, जमीन की रक्षा और शोषकों के अत्याचार और शोषण के खिलाफ 30 जून 1855 को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंडी माटी के अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत हजारों अमर वीर शहीदों को हूल जोहार। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। इस दौरान चौका पंचायत भवन के समीप शहीद फूलो-झानो के आदमकद प्रतिमा का विधिवत अनावरण मंत्री चंपाई सोरेन व विधायक सविता महतो ने माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, अंचलाधिकारी प्रणव अमबस्ट, जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, सविता मार्डी, ज्योति लाल मांझी, झामुमो केन्द्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, चारुचांद किस्कु, पप्पू वर्मा, काबलू महतो, सुखराम हेंब्रोम, तरुण दे, पूर्व जिप सदस्य ओम प्रकाश लायेक, बुद्धेश्वर मार्डी, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, सुदामा हेंब्रोम, समर भुईया, अर्जुन सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## विस्थापितों ने किया डायरेक्टर इंचार्ज के आवास पर प्रदर्शन

▶▶ बोकारो स्टील प्लांट में जो भी विस्थापित अप्रेंटिस किया है, उनका नियोजन लिया जाए

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा के बैनर तले बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज के आवास पर शुक्रवार को विस्थापितों ने प्रदर्शन किया। विस्थापितों ने बंगले का घेराव करने का कोशिश किया। जहां पहले से मौजूद सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के जवानों ने सभी को रोक दिया और सभी को समझा बुझाकर शांत कराया गया। इस दौरान विस्थापितों और सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के जवानों के बीच नोकझोंक भी देखने को मिला। विस्थापितों का कहना है कि लंबे समय से विस्थापितों की मांग रही है। बोकारो स्टील प्लांट में जो भी विस्थापित अप्रेंटिस किया है, उनका नियोजन लिया जाए। साथ ही उत्तरी क्षेत्र में जो भी विस्थापित प्रभावित है। जिसको लेकर कई दफे आंदोलन भी हुआ त्रिपक्षीय वार्ता भी हुई। लेकिन समय के साथ सारे चीजों को बोकारो स्टील प्रबंधन ने भुला दिया। जिसको लेकर शुक्रवार को एक बार फिर बोकारो स्टील प्रबंधन को उनके वायदों को याद दिलाने के लिए डायरेक्टर इंचार्ज के आवास का घेराव करने पहुंचे हैं। विस्थापितों का कहना है कि जो भी ठेका पट्टा बोकारो स्टील प्लांट में होता है। साथ ही जो भी दुकान बीएसएल द्वारा अलॉट किया जाता है। इसमें 50 प्रतिशत विस्थापितों के लिए आरक्षित किया जाए। ताकि प्लांट के लिए जमीन देने वाले जीवन यापन के लिए दर-दर भटके नहीं। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ने कहा कि अगर हमारी 5 सूत्री मांगे नहीं मानी गई तो आने वाले समय में बोकारो स्टील प्लांट के गेट को जाम करेंगे।

सकारात्मक क्रियाकलापों से विद्यार्थियों का होता है सर्वांगीण विकास: डॉ. हेमलता

## डीपीएस चास में जूनियर विद्यार्थियों के लिए कई एक्टिविटीज आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में स्कूलों की भूमिका बेहद अहम होती है। उनकी यह जिम्मेदारी होती है कि बच्चों को ज्यादा से ज्यादा एक्टिविटीज कराई जाए, ताकि उनका मानसिक और शारीरिक विकास तेजी से हो सके। इसी जरूरत को देखते हुए शुक्रवार को डीपीएस चास स्कूल में हमेशा की तरह प्री-नर्सरी, नर्सरी, प्रेप व कक्षा-1 के नन्हें बच्चों के लिए कई प्रकार की एक्टिविटीज कराई गईं। हर कक्षा में अलग-अलग विषयों पर एक्टिविटीज कराई कई। प्री-नर्सरी कक्षा में बच्चों को डॉक्टर्स डे पर एक्टिविटी कराई गई। इसमें बच्चों को डॉक्टर की वेशभूषा में तैयार किया गया था। हमें स्वस्थ रखने में डॉक्टर हमारी किस प्रकार सहायता करते हैं, इसके बारे में बच्चों को बताया गया। हमारे जीवन में डॉक्टर के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं प्रेप कक्षा में बच्चों को मिल्क डे विषय पर एक्टिविटी कराई गई। इस कक्षा में बच्चों ने गाय, मिल्क व मिल्क प्रोडक्ट गाय के विषय में बारी-बारी से संबोधित किया। इधर, कक्षा-1 के बच्चों ने लेमन जूस बनाना सीखा। बच्चों ने नींबू का शरबत तैयार करने के लिए एक ग्लास पानी, नींबू का रस, एक चम्मच चीनी और पुदीना के पत्ते का उपयोग किया। इस एक्टिविटी से बच्चों ने बताया कि नींबू से हमें विटामिन-सी मिलता है। अपने संदेश में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है और उनको कुछ नया समझने और सीखने का भी मौका मिलता है। डीपीएस चास की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में कई प्रकार की एक्टिविटी कराई जाती है।

## स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो-कान्हो के खंडित पड़े मूर्ति को विगत 4 वर्षों से नहीं किया विसर्जन



राष्ट्रीय खबर

**चास:** चास आईटीआई मोड़ स्थित स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो-कान्हो के खंडित पड़े मूर्ति का विगत 4 वर्षों से विसर्जन नहीं होने को लेकर कांग्रेस नेता सह चास प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष महाबीर सिंह चौधरी ने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि आईटीआई मोड़ चौक में स्थित सिद्धो-कान्हो की नई प्रतिमा लगने के बाद से हर साल जेएमएम पार्टी द्वारा हुल दिवस मनाया जाता है। कई बार खंडित मूर्ति के विसर्जन को लेकर जेएमएम के नेताओं को आग्रह किया। लेकिन हर वर्ष आश्वासन मिला। कहा कि शहीदों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मासस के जिला सचिव गयाराम शर्मा ने कहा कि जल्द से जल्द खंडित मूर्ति का विसर्जन 7 दिनों के अंदर नहीं हुआ तो मासस धरना प्रदर्शन को बाध्य होगी। भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द खंडित मूर्ति का विधिवत पूजन करते हुए विसर्जन किया जाए विसर्जन न होने की स्थिति में हम धरना प्रदर्शन का समर्थन करेंगे। इस मौके चंद्रशेखर सिंह, नरेश महतो, भोला प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## बाबा भोलेनाथ एवं राधे कृष्ण की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा

राष्ट्रीय खबर

**चास:** चास यदुवंश नगर स्थित त्रिलोकी नाथ मंदिर में शुक्रवार को मंदिर में बनारस से आए राधेश्याम पंडित एवं उनके सहयोगी पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर मंदिर में बाबा भोलेनाथ एवं राधे कृष्ण की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसमें यजमान के तौर पर त्रिलोकी नाथ मंदिर कमेटी के संयोजक राजेश कुमार यादव कुमारी पूनम सहित सैंकड़ों नगर वासियों ने संकल्प लिया एवं विधि विधान से पूजा किया। पंडितों के मंत्रोच्चारण से यदुवंश का कोना कोना गुंजायमान रहा। इस प्राण प्रतिष्ठा में सैकड़ों माता और बहनों नगर वासियों ने भाग लिया। मंदिर कमेटी के संयोजक ने कहा कि मंदिर के इस कार्य को सभी जनों धन एवं कमेटी के सरीरिक सहयोग से संभव हो पाया है। सफल पर वासियों के सहयोग से ही हुआ है। मुख्य अतिथि पूर्व मेयर भोलू पासवान ने कहा कि 40 वर्ष पूर्व मंदिर की नींव हम लोगों के अभिभावक स्वर्गीय अरुण कुमार यादव ने रखी थी। आज बाबा भोलेनाथ एवं राधे कृष्ण की प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा करा कर उन्हीं के सपनों को आज साकार किया गया है।

**कार्यक्रम**

विद्रोह का नारा था करो या मरो, अंग्रेजो हमार माटी छोड़ो

# हूल दिवस में याद किए गए वीर शहीद सिद्धो-कान्हो



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** जिले में चास बोकारो सहित कई जगहों पर हुल दिवस मनाया गया। हुल दिवस के अवसर पर चास के आईटीआई मोड़ स्थित स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद सिद्धो-कान्हो चौक पर कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता एवं समाजसेवी सिद्धो-कान्हो की प्रतिमा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि 30 जून 1855 को भगनाडीह में संथालो की एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 50000 संथालों ने 400 गांवो को एकजुट कर हूल आंदोलन का विगूल अंग्रेजो के दमनात्मक कार्रवाई के विरूद्ध बजाया। उसी प्रकार वर्तमान स्थिति में राज्य को सुखी संपन्न के लिए एक और हुल की जरूरत है। इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो नेता संतोष रजवार, 20 सूत्री उपाध्याय देवाशीष मंडल, किरण बाउरी, बीके चौधरी, विजय रजवार, जयनारायण महतो, अशोक मुर्मू, कलाम, हसन अंसारी, आकाश टुडू, प्रमोद तापड़िया, रामदयाल सिंह, सुबल महतो, सुशांत मुंडा, मुक्तेश्वर महतो, सुफल बाउरी, कन्हैया सिंह, सोहेल अंसारी, प्रदीप सोरेन, फिरदौस अंसारी, मनोज सिंह, बनवाली बाउरी, दिलीप तिवारी, उपेंद्र हांसदा, रूपचंद मुर्मू, परमानदा सोरेन, रूपचंद मुर्मू आदि उपस्थित थे।

**संथाल विद्रोह को कार्ल मार्क्स ने भारत का प्रथम जनक्रांति कहा**

मार्क्सवादी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने कहा कि हूल आंदोलन को कार्ल मार्क्स ने प्रथम जनक्रांति कहा था। 1855-56 में सिद्धो-कान्हो ने ब्रिटिश सत्ता और जमींदार के अत्याचार के खिलाफ एकजुट होकर विद्रोह का बिगुल फूंका था जिसे हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है। संथाल विद्रोह चांद मुर्मू भैरव मुर्मू और फूलो झानो के क्रांतिकारी सहयोग को भी बराबर याद किया जाएगा। जिला सचिव गयाराम शर्मा ने कहा कि संथाल विद्रोह का नारा था करो या मरो, अंग्रेजो हमार माटी छोडो। मुख्य रूप से भीम रजक, देवीलाल महतो, भरत ठाकुर, सुरेश महतो, जितुन अंसारी, उमेश महतो, रंजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

**बिरसा सेवा आश्रम में मनाया हुल दिवस**

आदिवासी संस्कृति विकास परिषद की ओर से बिरसा सेवा आश्रम में हुल दिवस मनाया गया। अध्यक्षता संगठन के महामंत्री फ्रांसिस श्रवन एवं संचालन सचिव कालीचरण टुडू ने किया। इस मौके पर झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन के महामंत्री डीसी गोहाई ने हुल दिवस में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1855 में सिद्धो-कान्हो की अगुवाई में लड़ाई की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में अरबिंद कुमार, फिलिस्तीनी लकड़ा, अनिता, लक्ष्मी, धर्मशीला, पीएन पांडेय, लखन चौधरी, सालखन मुर्मू, गोपेश्वर सोरेन, सुंदर सोरेन, रघुनाथ सोरेन, उषा देवी, विरन महतो, बिजली देवी, पुष्पा देवी, बिजली देवी, सीमा हांसदा, गाजो शाह आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फटाफट

### हुल दिवस पर शहीदों को किया नमन

**चांडिल :** संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन चांडिल अनुमंडल ने शुक्रवार को शहीद बिरसा मुंडा सेतु कामारगोड़ा से शहीद गंगानारायण सिंह चौक पुड़ी शीली,शहीद सिदो -कान्हु चौक चांडिल गोलचक्कर, शहीद फूलो - झानो चौक, शहीद सिदो - कान्हु चौक गौरांगकोचा तक निकाला विशाल बाइक रोड शो।इस दौरान शहीदों को बारी - बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वही विशाल रोड शो निकाल कर समान नागरिक संहिता कानून का पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया। रोड शो समाप्ति के बाद गौरांगकोचा में आयोजित हुल जनसभा का आयोजित हुआ। संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन चांडिल अनुमंडल के प्रवक्ता सुधीर कुस्कू ने कहा की समान नागरिकता संहिता कानून आदिवासी समाज के लिए गले का फंदा है। यह कानून लागू होने से आदिवासी समाज की पहचान और अस्तित्व ही मीट जाएगी। आदिवासी समाज की कास्टोमरी लॉ खत्म हो जाएगी। किस्कू ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी अस्तित्व को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाएगी। संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन चांडिल अनुमंडल समान नागरिक संहिता कानून का विरोध आगे गांव गांव तक ले जाएगी और भारी विरोध करेगी। इस अवसर पर संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन के मानिक सिंह सरदार, श्यामल मार्डी, पारगाना रामेश्वर बेसरा, श्याम सिंह सरदार, सुखराम हेंब्रम, चारुचंद किस्कू, जगदीश सिंह सरदार, भद्रु सिंह सरदार, लक्षण सिंह, सुरेंदर सिंह ज्योतीलाल बेसरा, धनेश्वर मुर्मू, भादूडीह माझी बाबा बुद्धेश्वर मार्डी, डोमन बास्के, प्रकाश मार्डी, जगन्नाथ किस्कू, रवींद्रनाथ सिंह, बधुसूदन हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

### ईचागढ़ के गौरांगकोचा में सिधो- कान्हु के मूर्ति पर श्रद्धांजलि देकर मनाया गया हुल दिवस

**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड के गौरांगकोचा ब्लॉक मोड़ में शुक्रवार को गौरांगकोचा मांझी बाबा धनेश्वर मुर्मू की अगवाई में वीर शहीद सिधो- कान्हु के मूर्ति पर श्रद्धांजलि देकर हुल दिवस मनाया गया। इस दौरान समाजसेवी भूषण मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि हुल विद्रोह भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था। उन्होंने कहा कि 30 जून 1855 को संथाल परगना के समस्त गरीब और शोषित वर्ग द्वारा चुन्नी मांडी के चार पुत्र सिधो, कान्हु, चांद व भैरव के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाया था। उन्होंने कहा कि इस विद्रोह का आग भोगनाडीह से शुरू होकर बहुत जल्दी जंगल की आग के तरह पूरे संथाल परगना क्षेत्र में फैल गया था। विद्रोहियों के अदम्य साहस से अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिल गया। उन्होंने कहा कि इस विद्रोह में हजारों पुरूष-महिलाओं ने स्वयं को बलिदान दिया। फिर भी देशभक्तों ने अंग्रेजी हुकूमत के क्रूरता के सामने सिर नहीं झुकाया और हुल विद्रोह इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों से अंकित हो गया। आज उन महान स्वतंत्रता संग्रामियों के जीवन गाथा से प्रेरणा लेकर हम सभी के दिल में देशभक्ति की भावना को दृढ़ संकल्प के साथ जगाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुखिया राखोहरि सिंह मुंडा, निताई उरांव, रंजीत टुडु, खगेन महतो, गोविंदो बेसरा, अजित मुर्मू, सपन सिंह देव आदि उपस्थित थे।

### देवशयनी एकादशी पर श्याम मंदिर चांडिल में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**चांडिल :** श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान में देवशयनी एकादशी के अवसर पर श्याम मंदिर चांडिल में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक सुभाष शर्मा सहित अन्य गायकों ने कई भजन प्रस्तुत किए, जिसमें सभी श्याम भक्तों ने मिलकर बाबा श्याम के भजनों का आनंद लिया और सभी भक्त भाव विभोर होकर जय श्री श्याम का जयकारा लगा रहे थे, जिससे मंदिर सहित आसपास का वातावरण श्याममय हो गया। देर रात महाआरती कर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पूर्व बाबा श्याम का सूरजमुखी सहित विभिन्न तरह के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया और पुजारी के द्वारा ज्योत प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर बाबा को भोग लगाया गया। भजन संध्या में कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी, दुर्गा चौधरी, रोहित चौधरी, चंदन रूंगटा, मोंटी चौधरी, नेकां पाल, हरीश कुमार, आदि उपस्थित थे।

### अमरनाथ यात्रा एवं वैष्णो देवी दर्शन के लिए चांडिल सें सात सदस्यों का टीम रवाना




चांडिल : श्री अमरनाथ यात्रा एवं वैष्णो देवी दर्शन के लिए शुक्रवार को चांडिल से सात सदस्यों का जत्था रवाना हुआ। जो चांडिल से मुरी के रास्ते गरीब रथ एक्सप्रेस से दिल्ली होते हुए रविवार को जम्मू पहुँचेगी। ये यात्रा 10 दिनों की होगी। जत्थे में शामिल लालमोहन दास(लालटु), सुदीप्तो पाल, संजय हलदार, कैलाश खां, टुटुन नाग, आकाश हलदार, तापश पाल शामिल है। यात्रा पर जाने के दौरान सभी काफी उत्साहित दिखे।

### भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**बेड़ो :** प्रखंड के तुको गांव में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पूरा होने के उपलक्ष में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। महा जनसंपर्क अभियान में वरिष्ठ कार्यकताओं व समाजसेवीयों ने प्रधानमंत्री के 9 साल के कार्यो के बारे में विचार रखा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश भाजपा एसटी मोर्चा के भोगेन सोरेन, जिला एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, भाजपा नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री बलराम सिंह, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू, उपाध्यक्ष कुमुद कुमार वर्मा, खेदुवा उरांव, रोशनी उरांव, आदित्य त्रामकार, भागवत त्रामकार, शक्ति राम, मंगरा उरांव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चौका में मंत्री व विधायक ने किया फूलो-झानो की प्रतिमा का अनावरण

**चांडिल :** चौका पंचायत भवन के समीप टुईडुंगरी जाने वाली मार्ग पर हुल दिवस पर शुक्रवार को संथाल हुल की अमर नायिका फूलो-झानो की प्रतिमा का अनावरण किया गया। पारंपरिक ग्राम सभा द्वारा आयोजित प्रतिमा अनावरण के कार्यक्रम में मंत्री चंपई सोरेन, विधायक सविता महतो, जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, जिला परिषद सदस्य पिंकी लायक, जिला परिषद सदस्य ज्योतिलाल माझी उपस्थित थे। मंत्री चंपई सोरेन व विधायक सविता महतो ने हुल दिवस के पावन अवसर पर शहीद फूलो-झानो की आदम कद प्रतिमा का अनावरण माल्यार्पण व कर किया। मौके पर गुरूचरण किस्कू, चारू चांद किस्कू, पप्पू वर्मा, सुखराम हैंम्ब्रम, तरुण दे, ओमप्रकाश लायेक, सुधीर किस्कू, बुद्धेश्वर मार्डी, श्यामल मार्डी, डोमन बास्के, कर्मू मार्डी, प्रकाश मार्डी, शक्तिपद हांसदा, महावीर हांसदा, महेंद्र टुडू, संजीव टुडू, कुनाराम सोरेन आदि उपस्थित थे।

### सीसीएल सुरक्षाकर्मियों ने अवैध सुरंगों को किया ध्वस्त

बेरमो/कथारा : सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर फेस-2 खुली खदान के समीप बने दर्जनों अवैध मुहाने को क्षेत्र के सुरक्षा विभाग द्वारा ध्वस्त कर दिया गया उक्त जानकारी क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने दी।क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी श्री गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार अवैध कोयला उत्खनन के बाद 30 जून की सुबह स्वांग एवं गोविंदपुर के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी के निर्देश पर गोविंदपुर खुली खदान फेस 2 के समीप करमटिया में दर्जनों अवैध सुरंगों को डोजरिंग कर अवैध सुरंग को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्य में परियोजना प्रबंधक सुनील कच्छप का सराहनीय सहयोग रहा।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### बारिश के बाद हल बैल लेकर खेतों में उतरे किसान

**बेरमो :** मानसून की पहली बारिश ने किसानों की बांछें खिला दी हैं। मानसून के इस आगाज को देख कर किसान काफी खुश हैं और बिहन के बिचड़ा के लिए खेत में जुताई शुरू कर दी है। किसान नुनूचंद महतो और जगदीश महतो कहते हैं कि मौसम का यही मिजाज रहा तो खरीफ मक्का, मसूरिया, अरहर आदि की बुआई समय से संभव होगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### फुसरो बाजार में चला डुप्लीकेट कास्मेटिक समान बेचने वाले दुकानों पर छापामारी

**बेरमो :** शुक्रवार को बेरमो कोयलांचल का मुख्य बाजार फुसरो मे कई सिंगार दुकान में लक्मे कंपनी के अधिकारी ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से लाखो के डुप्लीकेट कॉस्मेटिक समान को जब्त कर साथ ले गई। बताता चलू कि पिछले लंबे समय से यह खबरे चर्चा में थी कि बेरमो कोयलांचल में बिकने वाले अधिकांश सिंगार के समान नकली है। जिसमे महंगे से महंगे ब्रांड भी शामिल है। कई महिलाओ को इन नकली कास्मेटिक सामान इस्तेमाल करने से नुकसान भी हुआ। जिसके बाद अधिकांश महिलाएं अपने सिंगार के लिए बाहर से क्रिम आदि मंगवाने शुरू कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न ब्रांडों के कास्मेटिक समान बेरमो के जरिडीह बाजार में कुछ शातिरो द्वारा बाजार में सप्लाई किया जाता है। जिसकी किमत कंपनी के कास्मेटिक समानो से काफी कम होता है और खुले आंखो से इसे कोई नकली भी नही कह सकता। सबसे मजे की बात यह है कि दुकानदारों को इन नकली समानो को बेचने काफी मुनाफा भी होता है भले खरिदने वालो को जो परेशानी हो। कंपनी के अधिकारियों और पुलिस कि संयुक्त इस कारवाई से पुरे फुसरो बाजार में स्थित सिंगार के समान बेचने वाले दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मॉडल स्कूल इचाक डाढा में नामांकन के नाम पर बच्चे से पैसे की वसूली

**इचाक :** इचाक मॉडल स्कूल इचाक डाढा में नामांकन के नाम पर बच्चे से पैसे की वसूली प्रधानाध्यापक के द्वारा किया जा रहा है। प्रति बच्चे 250 रुपया लिया जा रहा है। किस बात पर की शिकायत दर्जनों अभिभावकों ने किया और इस शर्त पर कहा कि नाम सामने हमलोगों को नहीं आना चाहिए नहीं तो हम लोगों को बच्चों को टॉर्चर किया जाएगा पढ़ाते समय। जबकि शिक्षा के अधिकार 2009 में लागू हुआ है इस एक्ट नियम के तहत सरकारी सभी विद्यालयों में 1 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क शिक्षा ,निशुल्क पाठ्य पुस्तक, निशुल्क मध्यान भोजन दीया जाना है। बच्चे व अभिभावकों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेना है इस एक्ट में नियम भी है कि अगर कोई विद्यालय नियम का उल्लंघन करता है तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई किया जाएगा ।लेकिन सारे नियमों को मॉडल विद्यालय डाढ़ा के प्रधानाध्यापक ने नियम को ताख पर रखकर पैसे की वसूली कर रहा है। क्या कहते हैं बीईईओ बंसीधर राम ने कहा कि किसी भी तरह से बच्चे से पैसा वसूली करना कानूनी अपराध है अगर इस तरह का मामला सामने आता है तो जांच कर शिक्षक पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। क्या कहते हैं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दयानंद मेहता इस मामले की जानकारी हमें नहीं है अगर शिक्षक पैसा ले रहे हैं तो सभी बच्चे को पैसा लौटवाएंगे एवं प्रबंधन समिति की बैठक में बात करेंगे। क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक शाहनवाज आलम बात करने से शिक्षक कतराते रहे एवं गुस्सा कर जोर आवाज में बोले जो करना है कीजिए नहीं बताएंगे।

**श्रद्धांजलि**

### चांद-भैरव और फूलो-झानो

# हुल दिवस पर याद किये गये सिदो-कान्हू



हूल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने सिदो कान्हू, चांद भैरव को दी श्रद्धांजलि।

- सिपाही विद्रोह से दो साल पूर्व झारखंड के संतालपरगना में क्रांति की शुरूआत हुई
- आमलोगों के मन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असंतोष की ज्वाला भड़क रही थी

**राष्ट्रीय खबर**

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** कोयलांचल क्षेत्र के करमटिया, जितराटुंगरी, संथाल उपेल क्लब सहित अन्य जगहों पर हुल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में 30 जून का खास महत्व है। इसी दिन संताल धनुर्धारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहले जंग का आगाज किया था। जिसे संताल विद्रोह या संताल हूल के नाम से याद किया जाता है। इतिहास के पन्नों में ऐसे सिपाही विद्रोह को आजादी की पहली लड़ाई माना जाता है। लेकिन सिपाही विद्रोह से दो साल पूर्व झारखंड के संतालपरगना में क्रांति की शुरूआत हुई। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ अंग्रेजी हुकूमत और महाजनों के शोषण और अत्याचार से तंग आकर वीर नायक सिद्धो, कान्हु,चांद, भैरव के नेतृत्व में विद्रोह का एलान किया था। संताल विद्रोह को संताल हूल के नाम से जाना जाता है।

### 30 हजार से अधिक धनुर्धरों ने दी थी अपनी कुर्बानी

संताली भाषा में हूल का शाब्दिक अर्थ विद्रोह है। जिसमें करीब 30 हजार से अधिक धनुर्धरों ने अपनी कुबार्नी दी थी। तब बिहार और ओडिशा और अब झारखंड एकीकृत बंगाल का हिस्सा था। अंग्रेजी हुकूमत ने बेतहाशा जमीन का लगान बढ़ा दिया गया था। जमींदारों व महाजनों को किसानों से जबरन लगान वसूली की खुली छुट दे दी गयी थी। समय पर लगान नहीं चुकाने पर जमींदार और उसके अमला महाजनों द्वारा आमलोगों पर तरह-तरह से अत्याचार किया जा रहा था। इससे आम लोग परेशान थे। इस कारण आमलोगों के मन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असंतोष की ज्वाला भड़क रही थी। इसी क्रम में कभी जंगल तराई के नाम से जाना जाने वाला अब झारखंड के संतालपरगना के साहेबगंज जिले के भोगनाडीह से आंदोलन की शुरूआत हुई।

### भंडारा और भक्ति जागरण के साथ संपन्न हुआ हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ



**कुजू :** श्री श्री 1008 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ के समापन भव्य भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुमकुम बिहारी जागरण ग्रुप देवघर के द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार मौजूद हुए। मौके पर कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को चुनरी और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री अवधेश कुमार ने जागरण के सफल आयोजन के लिए कमेटी के सभी सदस्यों को बधाई दी। इससे पूर्व मुख्य संरक्षक सह कुजू पश्चिमी। मुखिया जय कुमार ओझा ने सफल आयोजन को लेकर सभी सम्मानित सदस्यों को पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात देवघर से आए कुमकुम बिहारी जागरण ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गानों पर मौजूद महिला पुरुष व बच्चों को जमकर झूमा। भजन गायिका कुमकुम बिहारी और गायक जितेंद्र बबुआ सुकेश कुमार के द्वारा भक्ति गाना गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही संजय झांकी ग्रुप के द्वारा भगवान शिव पार्वती मां काली राधा कृष्णा सहित कई झाकियों को प्रस्तुत किया गया। मौके पर अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता सचिव आशीष मुखर्जी, विकास कुमार साहू, शिवा मेहता, संजय साव, अरविंद साहू, पंचायत सहित समिति सभी सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### कटिया पंचायत के न्यू मार्केट क्षेत्र में बह रहा है नाली का गंदा पानी, लोग चलने को हैं मजबूर



**बासल :** पंचायत प्रतिनिधियो को जब बोला जाए तब बोलते हैं की फंड नहीं है। पुराना कार्यकाल भी बीत गया और इस कार्यकाल का भी हुआ एक साल से ऊपर। कब होगा विकास या विकास के नाम पर यूं ही खोखले दावे किए जाते रहेंगे इस संदर्भ में भाजपा के युवा नेता राहुल कुमार सिंह कहते हैं कि विकास यदि कटिया पंचायत का देखना हो तो न्यू मार्केट क्षेत्र में आकर देखें विकास के दावे मुंह चिढ़ाते साफ नजर आएंगे। राहुल कुमार सिंह आगे कहते हैं वैसे तो पंचायत में विकास के दावे पेश किए जाते हैं मगर इसकी जमीनी हकीकत यदि देखनी हो तो आप न्यू मार्केट क्षेत्र में देख सकते हैं। जहां देखें वही गंदगी, नाली की कोई व्यवस्था नहीं होने से गंदे पानी का बहाव सीधे न्यू मार्केट के मुख्य सड़क पर बहता रहता है लोग वही मजबूरी में सब्जी मंडी लगाते हैं। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लाइट की उचित व्यवस्था नहीं है। बरसात के शुरूआती दौर में ही सड़कों ने अपने वजूद दिखा दिए।

### हाइवा जल कर पुरी तरह क्षतिग्रस्त

## चलते हुए हाइवा में लगी आग

>> ड्राईवर-खलासी ने कूद कर बचायी अपनी जान



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो/बोकारोथर्मल:** कुरपनिया मुख्य मार्ग पर स्थित पिलपिलो-मोरमगढ़ा के पास 29 जून गुरूवार की रात एक चलती हुई हाइवा में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। इस हादसे में हाइवा का अगला हिस्सा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया, हांलाकि चालक भुवनेश्वर यादव और खलासी बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि हाइवा ट्रक तुपकाडीह स्थित खुटरी से छाई गिराकर वापस नूरीनगर लौंट रहा था। पिलपिलो- मोरमगढ़ा के पास रात लगभग डेढ़ बजे ड्राईवर ने मिरर में देखा कि डीजल टैंक के पास आग की लपटें उठ.रहीं थी। आनन-फानन में सड़क के किनारे हाइवा खड़ा कर ड्राइवर व खलासी ने कूदकर अपनी जान बचायी। इस मामले में हाइवा मालिक राजू यादव ने बोकारो थर्मल थाना में सूचना दे दी है। पुलिस अधिकारी प्रभास वर्णवाल घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की। बाद में बोकारो एसपी चंदन कुमार झा ने बोकारो थर्मल और पेंक-नारायणपुर थाना के प्रभारियों से घटना से पुरी जानकारी ली।

### माइंस में बेंच की उचांई व चौडाई नियमानुसार नहीं है

## एकेकेओसीपी परियोजना में आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं कर रही नियमों का पालनः सांसद

- कर्मचारी, ऑपरेटर व हेल्पर का नाम फॉर्म ए में दर्ज नहीं है
- खान में पानी का छिडकाव समय पर नहीं होने के कारण आसपास के गांवा में प्रदूषण से लोग बीमार हो रहे है



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमोः** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने एक प्रेस बयान जारी कर सीसीएल बींडक्के एरिया के एकेकेओसीपी परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी पर नियमों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि 20 अक्टूबर 2022 को कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी को एकेकेओसीपी में कार्यरत संजय उद्योग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीएमआर 2017 एवं माइंस एक्ट के नियमों का अवहेलना करके उत्खन्न कार्य करने को लेकर पत्र लिखा था। जिसमें कोयला मंत्री ने सीसीएल स्तर पर जांच करवाकर हमारे पत्र का जबाव भी दिया। उस जवाब में नियमों का पालन होने की बात कही गयी थी। लेकिन अभी वास्तव में जमीनी हकिकत कुछ ओर है। पूरी तरह से आउटसोर्सिंग कंपनी नियमों की धज्जी उडा रही है। कहा कि माइंस में बेंच की उचाई व चौडाई नियमानुसार नहीं है। कर्मचारी, ऑपरेटर व हेल्पर का नाम फॉर्म ए में दर्ज नहीं है ना इन लोगों का हाजरी फॉर्म डी में बनाया जाता है। कंपनी के अधीन सभी मजदूरों का भीटीसी व पीएमइ नहीं किया जाता है। कहा कि एचपीसी के दर से मजदूरों का भुगतान नहीं होता है व पे-स्लिप भी नहीं मिलता है। कहा कि भी मजदूरों का परिचय पत्र नहीं दिया जाता है। प्रयाप्त लाइट की व्यवस्था भी नहीं है। ओबी डम्प निर्धारित उंचायी से अधिक किया जाता है। प्रत्येक मशीन में माइनिंग सुपरवाइजर नहीं रहते है। खान में पानी का छिडकाव समय पर नहीं होने के कारण आसपास के गांवा में प्रदूषण से लोग बीमार हो रहे है। कहा कि हेबी ब्लास्टिंग के कारण आसपास के गांवों में कंपन के कारण घरों में दरार पड रही है। परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन भी नहीं दिया जा रहा है। कहा कि कंपनी नियमानुसार कार्य नहीं करेगी तो मामले को सदन में उठाने का काम करेंगे।

### सीसीएल कथारा क्षेत्र ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं स्वच्छता रैली का आयोजन



**बेरमो/ कथारा :** कोयला मंत्रालय के निदेर्शानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं इसी कड़ी में शुक्रवार को महाप्रबंधक कार्यालय में डीएवी। कथारा के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया और सभी अधिकारियों एवं कर्मचरियों के बीच स्वच्छता का सन्देश फैलाया गया। डीएवी स्वांग के द्वारा एक स्वच्छता रैली के माध्यम से आस पास के गाँव में स्वच्छता का सन्देश फैलाया गया तथा विद्यालय के छात्रों के समक्ष नुक्कड़ नाटक का मंचन करके उनके मन में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाया गयो लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करके स्वास्थ्य ओर स्वच्छता को बढ़ावा देने की अवश्यता है लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह से बहिष्कार कर देना चाहिए क्षेत्र के द्वारा जूट के थैला का वितरण किया जा रहा है और 30 जुन को फलदार वृक्ष के वितरण एवं रोपण का भी कार्यक्रम भी रखा गया है। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयो में निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है जिसमे अब तक 11 विद्यालय के 1022 विद्यार्थी ने भाग लिया है स्वच्छता पखवाड़ा का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह 1 जुलाई 2023 को ऑफिसर क्लब, कथारा में आयोजित किया जिसमे कुल 80 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## पत्नी हत्या आरोपी पति को आजीवन कारावास



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो/बांधकथारा:** हजारीबाग के जिला न्यायालय द्वारा पत्नी की हत्या मामले के दोषी सरकारी शिक्षक पति को बीते 28 जून को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के कथारा स्टॉफ कॉलोनी निवासी सेवानिवृत सीसीएल कर्मी स्वर्गीय एस एन प्रसाद की पत्नी बसंती देवी द्वारा अपने दामाद पर उनकी पुत्री की दहेज के लिए की गई हत्या मामले में न्यायालय ने उनके दामाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जानकारी के अनुसार 3 मई 2015 को कथारा स्टाफ कॉलोनी निवासी स्वर्गीय सच्चिदानंद प्रसाद की पत्नी बसंती देवी द्वारा सदर थाना हजारीबाग में पुत्री की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए अपने दामाद संजय कुमार सिन्हा के विरुद्ध थाना में कांड क्रमांक 495/15 भादवि की धारा 498(ए)/304(बी)/34 के तहत मामला दर्ज कराया था।जिसमें कहा गया कि 27 अप्रैल 2009 को उनकी पुत्री दीप्ति माला सिन्हा का विवाह आश्रम रोड हजारीबाग निवासी सरकारी शिक्षक संजय कुमार सिन्हा से किया गया था। शादी के बाद से ही उनकी पुत्री के साथ उसके सास, जेठानी, जेठ अशोक कुमार सिंह द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता था। प्राथमिकी में बसंती देवी ने कहा कि 3 मई 2015 की रात लगभग 2 बजे दामाद संजय कुमार सिन्हा द्वारा उनकी बेटी के बेहोश होने की सूचना दी गई।सूचना के बाद हजारीबाग पहुंचने पर उन्होंने अपनी पुत्री को मृत पायी। प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। अब उनके दो नाती तथा एक नातिन के भविष्य को लेकर चिंता है।बसंती देवी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधानकर्ता राधाकांत पाठक द्वारा न्यायालय को जांच से संबंधित जांच प्रतिवेदन दाखिल करने के बाद न्यायालय ने उभय पक्ष के बयानों के बाद मामले में संज्ञान लेते हुए भादवि की धारा 302, 304 (बी), 120 (बी), 201, 3/4 दहेज अधिनियम की धारा मामले को परिवर्तित करते हुए आरोपी पत्नी हंता पति संजय कुमार सिन्हा को सेशन ट्रायल क्रमांक 47/2016 हजारीबाग के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्टम की अदालत ने दोषी करार देते हुए बीते 28 जून को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय द्वारा सजा सुनाये जाने के बाद पीड़िता वसंती देवी ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनकी पुत्री की आत्मा को शांति मिलेगी।

## ग्रामीणों ने हुल दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया

- ग्रामीणों ने चालीस हजार वृक्षारोपण का रखा, लक्ष्य

**राष्ट्रीय खबर**

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इचाकडीह पंचायत के जितरा टुंगरी के ग्रामीणों ने हूल दिवस के अवसर पर दस हजार वृक्षारोपण माशना टुंगरी सहित इसके आसपास के जगहों में किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि मनुष्य के जीवन से कहीं बढ़कर पेड़ पौधों का जीवन जरूरी है। क्योंकि यदि भूमि पर पेड़ पौधे नहीं होंगे तो मानव का जीवन भी संभव नहीं है। इसलिए हमें अपनी सुरक्षा से पहले पेड़ पौधों की सुरक्षा करना चाहिए। मनुष्य को केवल अपने जीवन यापन के बारे में ही नहीं सोचना चाहिए बल्कि यह भी ध्यान देना चाहिए कि हमारे जीवन के लिए क्या क्या महत्वपूर्ण है। यह सर्व - विदित है कि पेड़ पौधे ही प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हैं। पेड़ पौधे ही मनुष्य द्वारा निकाली जाने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड गैस को ग्रहण कर लेते हैं और मानव के जीवन के लिए जरूरी ऑक्सीजन गैस को देते हैं। निश्चित ही यदि पेड़ पौधे नहीं होंगे तो वायुमंडल का संतुलन बिगड़ जाएगा और यहां मानव व जीव जन्तुओं का जीवन यापन संभव नहीं होगा। ग्रामीणों ने आगे बताया कि चालीस हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य रखे हैं। इसमें तीस हजार महुवा का पेड़, शेष दस हजार मे से सखुवा, करंज, नीम, कोनार, केंद, भेलवा, कुसुम, बांस, खीजुर, जामुन, कटहल, आम सहित अन्य पौधा शामिल है। पौधा रोपण में मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि हेमलाल महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रवि रजवार, वार्ड सदस्य दुर्गा हेम्ब्रोम, ग्राम प्रधान अशोक हेम्ब्रोम, सुरेन्द्र महतो सहित सेंकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### संथाल विद्रोह और सिद्धो-कान्हो की याद में हूल दिवस मनाया गया



**पतरातू :** पीटीपीएस स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में हुल दिवस मनाया गया। हुल दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव विजय कुमार साहू उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा बेहद प्रभावशाली विद्रोह था हूल क्रांति भले हम 1857 के सिपाही विद्रोह को देश का पहला विद्रोह मानते हैं, लेकिन संथाल के आदिवासियों का हूल विद्रोह भी बेहद प्रभावशाली रहा था। तब संथाल विद्रोह मुट्ठी भर आदिवासियों ने शुरू किया जो बाद में जन आंदोलन बन गया। संथालियों ने अपने परंपरागत हथियारों के दम पर ही ब्रिटिश सेना को पस्त कर दिया था। 1855 के संथाल विद्रोह में 50000 से अधिक लोगों ने अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का आह्वान किया था। विद्रोह के नायक सिद्धो, कान्हू, चांद और भैरव चार भाई थे। ब्रिटिश शासन, जमींदार, महाजन, बनिया तथा साहूकार की शोषण नीति के खिलाफ आदिवासियों की व्यापक गोलबंदी हुई। कर्ज अदा नहीं करने पर पूरे परिवार को बंधुआ मजदूर बना लेते, मालगुजारी नहीं देने पर उनकी जमीन नीलाम कर दी जाती थी। हुल दिवस के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजु कुमार कोलेश्वर महतो अशोक पाठक पतरातू प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो,कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, लक्ष्मी कांत महतो,मनोज राम,पार्वती देवी, दिलीप महतो,राज नायक,बसंती देवी, चमरू महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आस्था.**

### विशेष पूजा अर्चना व श्रृंगार का आयोजन

# मां भगवती के दरबार में परंपरागत ढंग से हुई आषाढ़ी पूजा

माँ भगवती को लगे 56 प्रकार के भोग

बेहतर उपज व सुख शांति की हुई कामना



**राष्ट्रीय खबर**

**रजरप्पा :** माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में हर्षोल्लास व पारम्परिक रूप से आषाढ़ी पूजा मनाया गया। इस दौरान विशेष पूजा अर्चना व श्रृंगार का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर माँ भगवती को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर माँ भगवती से आशीर्वाद मांगी गई। पूजा अर्चना के दौरान पारंपरिक ढोल नगाड़े व झांझर की मधुर ध्वनि मंदिर प्रक्षेत्र में गूंजती रही।

**डेढ़ घन्टे तक हुई विशेष पूजा**

हर वर्ष की तरह इस साल भी आयोजित आषाढ़ी पूजा पुरे पारंपरिक ढंग व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। दिन के 12 बजे पूजा की शुरूआत की गई। मंदिर के पुजारी पारंपरिक गाजे बाजे के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना शुरू की। सबसे पहले गंगा जल के अलावे कई प्रकार के अन्य द्रव्यों से माँ भगवती का विशेष स्नान कराया गया। इसके बाद गुलाब, कमल समेत दो दर्जन फूलों से माता का श्रृंगार किया गया। पूजा अर्चना के दौरान 56 प्रकार के व्यंजनों से माँ भगवती को भोग लगाया गया। आरती के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया, जहां सैकड़ो भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

**बेहतर उपज की होती है कामना**

आषाढ़ी पूजा के बारे में मंदिर न्यास समिति के असीम पंडा व सुभाशीष पंडा ने बताया की यह पूजा प्रतिवर्ष की जाती है। पूजा कर माँ छिन्मस्तिका से बेहतर फसल की उपज की कामना की गई। साथ ही देश, राज्य व समाज की तरक्की, सुख-शांति की कामना की जाती है। मौके पर अजय पंडा, अशेष पंडा, लोकेश पंडा, पप्पू पंडा, गुड्डू पंडा, छोटू पंडा, सुबोध पंडा, ब्रजेश पंडा, अंबुज पंडा, सेतु पंडा, बापी पंडा, राकेश पंडा, दीपक पंडा, विप्लव पंडा सहित कई मौजूद थे।

संपादकीय

# टमाटर भी प्याज की तरह वोट का मुद्दा बन जाएगा

भारतीय परिवार टमाटर, प्याज और आलू से लेकर अरहर दाल और चावल तक - रसोई के आवश्यक सामानों की कीमतों में तेज वृद्धि से निपटने के लिए खुद को एक बार फिर संघर्ष कर रहे हैं। उपभोक्ता मामले विभाग के मूल्य निगरानी प्रभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि टमाटर की कीमतें महीने-दर-महीने दोगुनी हो गई हैं और अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 29 जून को बढ़कर ?53.59 प्रति किलोग्राम हो गई है, जो 29 मई को ?24.37 थी। और जबकि उसी एक महीने की अवधि में प्याज और आलू की कीमतों में वृद्धि क्रमशः 7.5 प्रतिशत और 4.5 प्रतिशत से कहीं अधिक सौम्य है, व्यापक खाद्य टोकरी में मूल्य वृद्धि में समग्र प्रक्षेपवक्र अस्थिर निर्माण का लक्षण है अर्थव्यवस्था में अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबाव। देश के विभिन्न हिस्सों में एक किलोग्राम टमाटर की कीमत अब 10-20 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 100 रुपये से अधिक हो गई है। दिल्ली में कीमतें आसमान छू रही हैं, जहां टमाटर 800 रुपये पर बिक रहे हैं। इस बीच, बेंगलुरु, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हैदराबाद के कुछ हिस्सों में टमाटर 100 रुपये से अधिक पर बेचे जा रहे हैं। इस साल की शुरूआत में, प्याज और आलू की कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। इससे महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में उपभोक्ताओं और किसानों के बीच तनाव पैदा हो गया था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के तहत मूल्य निगरानी प्रभाग द्वारा बनाए गए डेटाबेस से पता चलता है कि खुदरा बाजारों में औसतन एक किलोग्राम टमाटर की कीमत 25 रुपये से बढ़कर 41 रुपये हो गई है। खुदरा बाजारों में टमाटर की अधिकतम कीमतें 80-113 रुपये के बीच रहीं. मुख्य सब्जियों की दरें थोक बाजारों में उनकी कीमतों में वृद्धि के अनुरूप थीं, जो जून में औसतन लगभग 60-70 प्रतिशत बढ़ीं। उदाहरण के लिए, शाकाहारी परिवारों के आहार में प्रोटीन का एक प्रमुख स्रोत अरहर दाल की कीमत लगातार बढ़ रही है; सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 29 जून को यह महीने-दर-महीने 7.8 प्रतिशत बढ़कर ?130.75 प्रति किलोग्राम हो गया था। इस महीने की शुरूआत में जारी मई के आधिकारिक खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़ों से पता चला है कि दालों की कीमतें, जिसमें तुअर दाल भी शामिल है, साल-दर-साल 128 आधार अंक बढ़कर 31 महीने के उच्चतम 6.56 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ऐसा लगता है कि सरकार द्वारा 2 जून को उड़द और तुअर पर स्टॉक सीमा लागू करने से मसूर की कीमतों में बढ़ोतरी पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कृषि उपज की कीमतों में मौसमी घटक होता है और उनकी आपूर्ति काफी हद तक फसल के समय और मंडियों में प्रचलित कीमतों सहित कारकों द्वारा निर्धारित होती है जब किसान अपनी फसल को बाजारों में ले जाते हैं। पिछले महीने ही, ग्रामीण महाराष्ट्र में टमाटर उत्पादकों ने अलाभकारी मूल्य की पेशकश के बाद बड़ी मात्रा में अपनी उपज सड़कों पर फेंक दी थी। हालाँकि, टमाटर सहित इनमें से कई खाद्य पदार्थों की कीमतें अभी भी पिछले साल की समान अवधि की तुलना में काफी अधिक हैं, सरकार की एगमार्केट वेबसाइट के अनुसार मंडियों में दैनिक भारित औसत आगमन कीमतों से पता चलता है कि टमाटर की कीमतें साल-दर-साल लगभग तीन गुना हो गई हैं। 29 जून को प्रति वर्ष 5,579 रुपया प्रति क्विंटल हो गया। वही आगमन मूल्य डेटा अरहर दाल में 35 प्रतिशत की वृद्धि और सामान्य धान (चावल) में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस वर्ष अब तक मानसून में 13 प्रतिशत की कमी हुई है, और आने वाले महीनों में स्थानिक और लौकिक वितरण का दृष्टिकोण अल नीनो द्वारा अनिश्चितता के साथ बादल गया है, एक वास्तविक जोखिम है कि खाद्य कीमतें खुदरा मुद्रास्फीति को फिर से तेज कर सकती हैं। नीति निमार्ताओं को बातचीत पर अमल करने और मुद्रास्फीति पर काबू पाने पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। आखिरकार, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों ने नवीनतम बुलेटिन में कहा है, उच्च लेकिन टिकाऊ समावेशी विकास का मार्ग मूल्य स्थिरता द्वारा प्रशस्त किया जाना चाहिए। इन आंकड़ों के बीच यह भी याद कर लेना चाहिए कि कभी प्याज की कीमतों में बढ़ोत्तरी भी एक बड़ा चुनावी और राजनीतिक मुद्दा बन गया था। इसलिए कीमतों में बढ़ोत्तरी को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय परिवार के दो वक्त की रोटी पर आंच आने का राजनीतिक खामियजा सत्तारूढ़ दल को ही भुगतना पड़ता है। अचानक से टमाटर के दाम क्यों बढ़े, इस पर सरकार की तरफ से कोई सफाई नहीं दिये जाने की वजह से भी जनता की नाराजगी बढ़ती है। खास तौर पर घर के बजट को बिगाड़ने वाले मुद्दों पर जनता या यूं कहें कि मतदाता त्वरित जानकारी चाहती है। इस जानकारी में कमी होने पर उनकी नाराजगी एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। अब बरसात में परिवहन संबंधी समस्या बढ़ने के दौरान ही अचानक इनके भाव क्यों बढ़े हैं और क्या इसके पीछे भी कोई चाल शामिल है, इसे समझना जरूरी है।



# चिकित्सकों की है मानव जीवन में अहम भूमिका



## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (1 जुलाई) पर विशेष

भारत में प्रतिवर्ष एक जुलाई को डॉक्टरों के समर्पण और ईमानदारी के प्रति सम्मान जाहिर करने के लिए ह्यराष्ट्रीय चिकित्सक दिवसह्न मनाया जाता है। केन्द्र सरकार द्वारा यह दिवस सबसे पहले वर्ष 1991 में मनाया था। भारत में जहां प्रतिवर्ष 1 जुलाई को चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, वहीं कई दूसरे देशों में भी डॉक्टरों को सम्मान देने के लिए अलग-अलग तारीखों पर यह दिवस मनाया जाता है। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में पहली बार मार्च 1933 में डॉक्टर्स डे मनाया गया था। यह दिन चिकित्सकों को कार्ड भेजकर तथा मृत डॉक्टरों की कब्रों पर फूल चढ़ाकर मनाया जाता था। अमेरिका में यह दिवस 30 मार्च को, ईरान में 23 अगस्त को तथा क्यूबा में 3 दिसम्बर को मनाया जाता है। भारत में हर साल एक जुलाई को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण है। दरअसल देश के जाने-माने चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री रहे डा. बिधान चंद्र राय की जयंती और पुण्यतिथि एक जुलाई को ही है और उन्हें श्रद्धांजलि एवं सम्मान देने के लिए ही राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के लिए यही दिन निर्धारित किया गया।



श्वेता गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना जिले में हुआ था तथा निधन 1 जुलाई 1962 को हुआ। डा. बिधान चंद्र ने अपने जीवनकाल में चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने वर्ष 1911 में अपने चिकित्सकीय कैरियर की शुरूआत की और एक बेहतरीन डॉक्टर होने के साथ ही वे भारत की आजादी के आन्दोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ भी रहे।

उन्होंने लंदन के प्रतिष्ठित सेंट बाथोलोम्यू अस्पताल से डॉक्टरी की पढ़ाई की कोशिश की लेकिन तब उनके भारतीय होने के कारण उन्हें वहां दाखिला नहीं मिला। बिधानचंद्र भी अपनी धुन के पक्के और दृढ़निश्चयी थे, उन्होंने हार नहीं मानी और दाखिले के लिए करीब डेढ़ माह तक लगातार अस्पताल के डीन के पास आवेदन करते रहे। अंततः उनके दृढ़ निश्चय से प्रभावित होकर डीन ने 30वीं बार में उनका आवेदन स्वीकार कर लिया और अपनी लग्न तथा कड़ी मेहनत से उन्होंने मात्र सवा दो साल में ही डिग्री हासिल कर एक साथ फिजिशयन तथा सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल की। वहां से डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वदेश लौटकर उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी कार्यों को अंजाम दिया।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए उन्हें ह्यबंगाल का आर्किटेक्टह्न भी कहा जाता है। वर्ष 1961 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे गए डा. बिधान चंद्र की याद में ही तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा 1991 में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी, तभी से हर साल एक जुलाई को ही यह दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा किया जाता है।

हमारे समाज में तो डॉक्टरों को भगवान के समान यूं ही नहीं माना गया है। कोरोना महामारी से देश को उबारने में तो हमारे डॉक्टरों ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। ऐसे कठिन समय के दौरान डॉक्टर तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता जिस प्रकार दिन-रात कोविड मरीजों की देखभाल में जुटे रहे, उसके लिए पूरा समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। दरअसल न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान तो डॉक्टर फ्रंटलाइन योद्धा के रूप में सामने आए थे। महामारी के उस भयानक दौर में देवदूत बनकर लाखों लोगों का जीवन बचाने में डॉक्टरों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कोरोना काल में बहुत से डॉक्टरों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों को नया जीवन प्रदान किया था। उस दौरान मरीजों की जान बचाते-बचाते प्राणघातक कोरोना वायरस के कारण सैंकड़ों डॉक्टरों की मौत भी हुई थी लेकिन फिर भी डॉक्टर पूरी दुनिया को कोरोना महामारी से उबारने में जुटे नजर आए थे। डॉक्टरों की ही बदौलत महामारी के उस भयावह दौर में करोड़ों लोगों का जीवन बचाया जा सका था।

सामान्य दिनों में भी डॉक्टर लोगों को विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियों से निजात दिलाने में पूरी ताकत लगा देते हैं। ऐसे में चिकित्सक दिवस हमें स्मरण कराता है कि डॉक्टरों की हमारे जीवन में कितनी अहम भूमिका रहती है। कई बार कुछ गंभीर मरीजों के मामलों में लाख कोशिशों के बावजूद डॉक्टर सफल नहीं हो पाते और ऐसे कुछ अवसरों पर बिना उनकी किसी गलती के उन्हें ऐसे मरीज के परिजनों का गुस्सा भी झेलना पड़ता है। हालांकि ऐसे अधिकांश मामलों में मरीज की हालत ही इतनी गंभीर होती है कि डॉक्टर चाहकर भी मरीज के लिए ज्यादा कुछ नहीं कर पाते। स्विटजरलैण्ड के प्रख्यात मनोवैज्ञानिक तथा मनोचिकित्सक कार्ल गुस्ताव जंग ने एक बार कहा था कि दवाईयां बीमारियों का इलाज करती हैं लेकिन मरीजों को केवल डॉक्टर ही ठीक कर सकते हैं। उनका यह उद्धरण मौजूदा समय में तो सर्वाधिक प्रासंगिक नजर आता है। किसी भी मरीज की बीमारी की गंभीरता को देखते हुए उसके इलाज के लिए उपयुक्त दवाओं का चयन डॉक्टर ही करता है। कनाडा के सुप्रसिद्ध डॉक्टर विलियम ऑस्लर ने कहा था कि एक अच्छा डॉक्टर बीमारी का इलाज करता है जबकि महान डॉक्टर उस मरीज का इलाज करता है, जिसे बीमारी है।

# बाज की उड़ान

प्रेरक- प्रसंग



एक बार की बात है कि एक बाज का अंडा मुर्गी के अण्डों के बीच आ गया। कुछ दिनों बाद उन अण्डों में से चूजे निकले, बाज का बच्चा भी उनमे से एक था।वो उन्ही के बीच बड़ा होने लगा। वो वही करता जो बाकी चूजे करते, मिटटी में इधर-उधर खेलता, दाना चुगता और दिन भर उन्हीकी तरह चूँ-चूँ करता। बाकी चूजों की तरह वो भी बस थोडा सा ही ऊपर उड़ पाता , और पंख फड़-फडाते हुए नीचे आ जाता । फिर एक दिन उसने एक बाज को खुले आकाश में उड़ते हुए देखा, बाज बड़े शान से बेधड़क उड़ रहा था। तब उसने बाकी चूजों से पूछा, कि-' इतनी उचाई पर उड़ने वाला वो शानदार पक्षी कौन है?' तब चूजों ने कहा-' अरे वो बाज है, पक्षियों का राजा, वो बहुत ही ताकतवर और विशाल है , लेकिन तुम उसकी तरह नहीं उड़ सकते क्योंकि तुम तो एक चूजे हो!

बाज के बच्चे ने इसे सच मान लिया और कभी वैसा बनने की कोशिश नहीं की। वो ज़िन्दगी भर चूजों की तरह रहा, और एक दिन बिना अपनी असली ताकत पहचाने ही मर गया।

दोस्तों , हममें से बहुत से लोग उस बाज की तरह ही अपना असली potential जाने बिना एक second-class ज़िन्दगी जीते रहते हैं, हमारे आस-पास की mediocrity हमें भी mediocre बना देती है। हम में ये भूल जाते हैं कि हम आपार संभावनाओं से पूर्ण एक प्राणी हैं। हमारे लिए इस जग में कुछ भी असंभव नहीं है,पर फिर भी बस एक औसत जीवन जी के हम इतने बड़े मौके को गँवा देते हैं।

आप चूजों की तरह मत बनिए , अपने आप पर ,अपनी काबिलियत पर भरोसा कीजिए। आप चाहे जहां हों, जिस परिवेश में हों, अपनी क्षमताओं को पहचानिए और आकाश की ऊंचाइयों पर उड़ कर दिखाइए क्योंकि यही आपकी वास्तविकता है।

साहित्य

# असफलता अर्थात जीवन का सौंदर्य

आज के इस आधुनिक, भागमभाग और वैज्ञानिक युग में असफलता किसी को पसंद नहीं। भले ही वह सफल होने का प्रयास मन से न करें लेकिन सभी कोई सफल होना चाहते हैं और असफलता से प्रायः लोग दूर भागते हैं। चाहत यही रहती है कि सफलता सभी जगह हाथ लगे लेकिन सफलता वह मुकुट है जो सबों सिर नहीं शोभता। अब यह प्रश्न का स्वाभाविक है कि सफलता कैसे मिलती है? व्यक्ति कैसे सफल हो सकता है?यह हमारी सोच पर निर्भर करता है कि हम सोचते चाहे जो भी हो पर हमें क्या बनना है, हमें क्या करना है और यह कैसे करना है इसका विचार सिर्फ बनना ही नहीं बल्कि यह भी ध्यान देना है कि हम उसका संपादन कैसे कर सकते हैं। जहां चाह वहां राह... और ऐसे सोच वाले व्यक्ति आज नहीं तो कल सफल होकर ही रहते हैं। स्वामी विवेकानंद कहते हैं असफलताओं की चिंता मत करो वह बिलकुल स्वाभाविक हैं।वे जीवन का सौंदर्य हैं।यदि तुम एक हजार बार असफल होते हो तो भी एक बार प्रयत्न करो। यह तो हम सभी जानते हैं कि असफलता यह बताती है कि सफलता का प्रयास मन से नहीं किया गया तो फिर मन से प्रयास किए जाने में हर्ज क्या है?



डॉ.राकेश कुमार सिन्हा'रवि'
स्तंभकार

**भारतीय पुरातन साहित्य स्पष्ट करता है कि असफलता निराशा का संकेत नहीं वरन एक नई प्रेरणा है जिससे हम काफी कुछ सीख लेकर आगे बढ़ सकते हैं।**

कहने का आशय जिंदगी की अंतिम सांस तक लगे रहने का संदेश भारतीय युवा के जीवंत वैश्विक प्रतिनिधि स्वामी विवेकानंद हम भारतीयों को देते हैं और सफल व्यक्तियों से यह संबोधन भी स्पष्ट रूप से करते हैं की जीवन में ऊंचे उठते समय सभी लोगों से व्यवहार अच्छा हो नहीं तो कभी फिर नीचे आने पर उन्हीं लोगों से सामना हो सकता है। दूसरे शब्दों में आपकी सफलता के साथ आपकी व्यवहार कुशलता का भी अन्नोनाश्रय संबंध है। भारतीय पुरातन साहित्य स्पष्ट करता है कि असफलता निराशा का संकेत नहीं वरन एक नई प्रेरणा है जिससे हम काफी कुछ सीख लेकर आगे बढ़ सकते हैं। अंग्रेज विद्वान केनिंग का मानना है कि विलंब और अनिश्चितता... ये दोनों असफलता के माता-पिता हैं लेकिन इसके साथ यह भी कहना सार्थक है कि समयबद्धता और एक निश्चित भाव से की गई तैयारी सफलता के मुकाम पर लाने में प्रेरक भूमिका अदा करता है।सफलता की राह में यह जरूरी है कि हम हर एक असफल को देखकर प्रेरणा लें... , उनकी गतिविधि से शिक्षा लें... ताकि उस दौर से हम अपने को बचा के रख सकें।

यह भी सत्य है कि किताबी ज्ञान या दूसरे के अनुभव हमें कुछ दिशा तो दे सकते हैं लेकिन स्वयं अनुभव करके ही हम किसी विषय की गहराई में पहुंच सकते हैं और यह तभी संभव है जब संयम और सहिष्णुता का भाव विद्यमान रहे।हमारे स्वयं के अंदर के गुण और दुर्गुण दोनों सफलता की प्राप्ति में सकारात्मक भूमिका अदा करते हैं।विविध गुणों का समावेश हमें कम समय में ज्यादा सफल बनाने की क्षमता रखता है।

चर्चित विद्वान स्वेट मॉडर्न कहते हैं कि सफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब का फूल का निकलना। प्रायः लोग कह देते हैं कि असफलता उन्हें ही हाथ लगती है जो प्रयत्न नहीं करते लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है कि प्रयत्न करने वाले भी सफलता की देहरी लंघते-लांघते रह जाते हैं।इसके कितने ही कारण हो सकते हैं लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी होता है जिसे ओवरकॉन्फिडेंस कहा गया है।

जानकारी

# केम्प्टी फॉल्स.



पर्यटक नीचे गिरने वाले पानी से ताजा स्नान का आनंद लेना पसंद करते हैं और पास के निर्मित तालाब में नौका विहार का आनंद भी ले सकते हैं। भोजन और अन्य खाने के लिए कई दुकानें हैं। फॉल्स पिकनिक के लिए या हरियाली के बीच में कुछ घंटे बिताने के लिए एक अच्छी जगह है जो केमिप्टी फॉल्स के आसपास का वातावरण कवर करते हैं। केम्प्टी फॉल्स, और आसपास का क्षेत्र 4500 फीट की ऊंचाई पर उच्च पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ है। केम्प्टी फॉल की यात्रा करने का सबसे अच्छा समय गर्मियों के दौरान यानी जून से अक्टूबर तक होता है। मानसून को छोड़कर वर्ष भर यहां घुमने जा सकते हैं। मसूरी में गर्मियों का तापमान 23 ट उ से 30.5 ट उ तक होता है, जबकि सर्दियों का तापमान 7 ट उ और 1 ट उ के बीच रहता है। .. .. जारी।

# Tecno Pova 5 स्मार्टफोन लॉन्च



नई दिल्ली: टेक्नो (Tecno) ने पोवा सीरीज में एक नया स्मार्टफोन लॉन्च किया है। इसका नाम है- Tecno Pova 5: कंपनी ने इस फोन को डिजाइन के साथ-साथ स्पेसिफकिशंस के मामले में भी टक्कर का बनाया है। Pova 5 में 120 हर्त्ज रिफ्रेश रेट वाला डिस्प्ले, 8 जीबी रैम और 6 हजार एमएएच बैटरी जैसी खूबियां हैं। यह रिवर्स चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है और 50 मेगापिक्सल कैमरे के साथ आता है। कंपनी ने एक खास गरेना फ्री फायर (Garena Free Fire) एडिशन भी लॉन्च किया है, जिसमें डेडिकेटेड गेमिंग फीचर मिलते हैं।

**Tecno Pova 5 की कीमत और उपलब्धता**

Tecno Tecno Pova 5 को हरिकेन ब्लू, एम्बर गोल्ड और मेचा ब्लैक कलर ऑप्शंस में लाया जाएगा। भारत में भी इस फोन के लॉन्च होने की उम्मीद है। फोन की कीमत और सेल की तारीखों के बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है।

Tecno Pova 5 के स्पेसिफिकेशंस और फीचर्स

Tecno Pova 5 का डिजाइन कुछ अलग है। कंपनी ने इसे टर्बोर मेचा कहा है। फोन के बैक साइड में लाइनें उकेरी गई हैं, जो इसे एक यूथ सेंट्रिक डिवाइस दिखाती हैं। फ्री फायर एडिशन को स्टिकर्स की मदद से अलग दिखाया गया है और पैकेजिंग बदली गई है। Tecno Pova 5 में 6.78 इंच का आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले है। यह 120 हर्त्ज रिफ्रेश रेट के साथ फुल एचडी प्लस रेजॉलूशन ऑफर करता है और 240 हर्त्ज का टच सैंपलिंग रेट है। फोन को मीडियाटेक की हीलियो G99 प्रोसेसर की ताकत दी गई है, जिसे 8 जीबी रैम का सपोर्ट है। यह एक मिड-रेंज प्रोसेसर है, इसलिए कयास लगाए जा सकते हैं कि डिवाइस 15 से 20 हजार की रेंज में भारत में लॉन्च हो सकती है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अडानी महा घोटाले पर सेबी के दृष्टिकोण के संबंध में सॉफ्ट लेकिन दोषी ठहराने जैसी भाषा का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सेबी की तरफ़ से विनियामक विफलता नहीं हुई है, हालांकि जांच में कई विनियामक विफलताओं का उल्लेख है।"

जयराम रमेश
कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी





" मैं नकल अच्छा करती हूं। मेरे पति रणवीर सिंह के अनुसार मेरे पास छुपा हुआ टैलेंट नकल करना है, जिसे अभी तक मैंने नहीं खोजा और इस टैलेंट के बाहर निकलने का इंतजार कर रही हूं, लेकिन मैं नहीं कर सकती हूं।"

दीपिका पादुकोण
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## अमेरिका में हिंदी की पढ़ाई का क्रेज़

नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत कर भारत के प्रति अमेरिका ने सद्भावना का परिचय दिया।दुनिया हैरान रह गई।भारत के प्रति बढ़ते राजनयिक संबंध को लेकर दुनिया एक नजर भारत की तरफ देख रही है।अमेरिका में भारत की बढ़ती इमेज से पड़ोसी देशों की बोलती बंद हो गई।विश्वगुरु बनने जा रहे भारत की साख में दिन दोगुनी और चार चौगुनी बढोतरी से पश्चिमी देश आफरीन है।भारत मे पढ़ाई जा रही हिंदी भाषा के प्रति अमेरिका को लगाव बढ़ता जा रहा है।भारत की संस्कृति का कायल यूएस भारत मे बोली और पढ़ाई जाने वाली हिंदी भाषा को अमेरिका की स्कूलों में शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है।रास्ट्रपति बाइडन को सौंपे गए प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की संभावना है।मोदी की लोकप्रियता में चार चांद लग गए है।हिंदी अब वैश्विक भाषा बनने जा रही है।180 देशो में हिंदी बोली जाती है।हिंदी समझने वाले विदेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है।रुपए में लेनदेन कर व्यापार शुरू करने के बाद भारत की करंसी मजबूत होती हुई है।हंदी बोलने वाले अमिरिकी युवाओ के लिए भारत मे संभावना बढ़ेगी।हिंदी को प्राथमिकता दी जा रही है।इस कार्य के लिए हिंदी भाषी अध्यापकों के लिए उज्वल भविष्य की संभावना है।अंग्रेजी के बाद सबसे बड़ी भाषा के रूप में हिंदी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।हिंदी का अमेरिका पर भूत सवार है और आने वाले समय मे हिंदी विश्व की सबसे तेज बोली और समझी जाने वाली भाषा होगी।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### मोनाटांड में पहली बार मनाया गया हुल दिवस

पीरटांड़ : आदिवासी एकता समिति के द्वारा गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत पीरटांड के मंडरो पंचायत के मोनाटांड में हूल दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें वक्ताओं ने सिद्धु कान्हू के वीर गाथा का स्मरण किया।सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव उपस्थित हुए।

## सिटी अपडेट्स >>

### सिद्धो-कान्हू ने करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का दिया था नारा : शैलेन्द्र यादव

हजारीबाग : हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा देने वाले सिद्धो-कान्हू का 168 वां शहादत हूल क्रांति दिवस के रूप में मनाया गया। इसके पश्चात पी.डब्लू.डी चौक स्थित जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमर शहीद सिद्धो-कान्हू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि सिद्धो-कान्हू के नेतृत्व में आजादी की पहली लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी गई थी। 26 जूलाई 1855 को इन शहीदों को फांसी दे दी गई थी उनकी याद में 30 जून को हर वर्ष हूल क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विद्रोह की शुरूआत साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से हुई थी। हालांकि आजादी की पहली लड़ाई तो सन 1857 मानी जाती है लेकिन झारखंड के आदिवासियों ने सन 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया गया था। सिद्धो-कान्हू के नेतृत्व में संताल आदिवासियों का विशाल हिंसक आंदोलन अंग्रेजों के विरोध में छेड़ा गया था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आजसू पार्टी बिष्णुगढ में दिपू अकेला के आवास में मनाया हूल दिवस

विष्णुगढ़ : बिष्णुगढ़ हुल दिवस के अवसर पर महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो समेत सभी अमर बलिदानियों को पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा देश भर में 30 जून को हूल क्रांति दिवस मनाया जाता है। और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया जाता है। संथाली भाषा में हूल का अर्थ क्रांति होता है। आदिवासी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। प्रखंड कोषाध्यक्ष दिपु अकेला ने कहा कि अंग्रेजों के इस शोषण के खिलाफ आदिवासियों ने एकजुट होकर आवाज उठाई और तय कर लिया खुद को स्वतंत्र घोषित करेंगे। और भू-राजस्व नहीं देंगे। इसकी प्रतिक्रिया में अंग्रेजी सरकार की तरफ से आए स्थानीय जमींदार, पूंजीपतियों, सूदखोरों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन?होंने अपना नारा जमींदार महाजन पुलिस राजदेन आमला को यानी कि जमींदार महाजन पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो, बुलंद किया। प्रखंड उपाध्यक्ष दामोदर महतो जी ने कहा वर्ष1852 के संथाल विद्रोह के नायक अमर शहीद सिद्धो-कान्हो द्वारा अंग्रेजों का विरोध और महाजनी प्रथा के खिलाफ फूंका गया था। बिगुल (संथाल हूल) आज सही मायने में प्रासांगिक दिखता है। आजादी के दिवाने अंग्रेजों के जुल्म और शोषण के खिलाफ संथाल समाज को एकजूट कर अंग्रेजों को नाको चने चबाना पड़ा था। 30 जून को प्रति वर्ष हूल दिवस मनाकर इन महान क्रांतिकारियों का नमन किया जाता है। इनके जन्म स्थली भोगनाडीह में इन्हें श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि देकर हूल की याद की जाती है।

## कलाकारी > पोर्ट्रेट सिद्धू कान्हु मुर्मू को गिरिडीह के कलाकारों ने हजारीबाग की धरती पर उतारा है

# सिद्धू कान्हु मुर्मू के पोट्रेट का हुआ अनावरण

- कलाकारों के द्वारा जो कला प्रस्तुत की गई है वह काफी अतुलनीय है : हर्ष अजमेरा
- ऐसी कला को हजारीबाग की धरती पर उतारना कल्पनिक है। पुलिस अधीक्षक : मनोज रतन चौथे



कैप्शन....

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है लोग शिक्षा के साथ खेल के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इसके साथ कला में भी अपनी रुचि को लोगों के सामने प्रदर्शित कर रहे हैं। कुछ इसी तरह गिरिडीह के युवा कलाकार सुमित गुंजन के द्वारा 26 तारीख से संत कोलंबा कॉलेज के मैदान में सिद्धू कान्हु मुर्मू का पोट्रेट बनाया जा रहा था यह पोट्रेट 12,000 वर्ग फीट में बनाया गया है। जिसमें वेस्ट एवं पैंट का उपयोग किया गया है। इस पोट्रेट को बनाने में कुल 5 से 6 दिन लगे हैं। सुमित गुंजन के साथ कुल 15 लोगों की टीम ने पोट्रेट को हजारीबाग की पावन धरती पर उतारा है। सिद्धू कान्हु मुर्मू पोट्रेट का अनावरण कार्यक्रम शुक्रवार को संत कोलंबा कॉलेज के मैदान में आयोजित किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, विकास कुमार, दामिनी मैम, बटेश्वर मेहता, धनेश्वर राणा, किशोरी राणा, विकास वाल्मीकि, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कलाकार सुमित गुंजन एवं उनके टीम के द्वारा तमाम अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने सिद्धू कान्हु मुर्मू के पोर्ट्रेट का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जिसके पश्चात तमाम अतिथियों ने भव्य पोट्रेट का अवलोकन किया। सुमित गुंजन सहित तमाम टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर इस नेक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने टीम के सभी सदस्यों को इस कार्य हेतु शुभकामनाएं दी साथ ही कहा कि ऐसी कला को हजारीबाग की धरती पर उतारना कल्पनिक है। टीम के सदस्यों ने दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए जो कार्य किया है वह काफी सराहनीय। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि सिद्धू कान्हु मुर्मू को नमन करते हुए कहा कि कलाकारों के द्वारा जो कला प्रस्तुत की गई है वह काफी अतुलनीय है। झारखंड के लोग भी वर्ल्ड रिकॉर्ड में कला के माध्यम से अपना नाम दर्ज कर रहे हैं यह काफी सराहनीय बात है इन कलाकारों के साथ हम सदैव खड़े हैं। मौके पर कलाकार सुमित गुंजन ने तमाम अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 2022 में पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था जो भगवान बिरसा मुंडा का पोर्ट्रेट तैयार किया गया था वर्ष 2023 में दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए सिद्धू कान्हु मुर्मू का पोट्रेट तैयार किया गया। इसको तैयार करने में कुल 5 से 6 दिन लगे हैं। हजारीबाग वासियों ने हम सभी को काफी स्नेह प्यार और आशीर्वाद दिया है। जिसके लिए हम हृदय की गहराई से उनका आभार प्रकट करते हैं। सुमित गुंजन की टीम में अमन साव,रिया कुमारी, अनुराधा साव, अभिषेक, कुंदन, प्रीत राज अंबेडकर,पिंटू साव, रुकमणी देवी एवं छोटेलाल शामिल है।

## वज्रपात से कुसुम्भा निवासी राजमिस्त्री की हुई मौत

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :**हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड स्थिति ग्राम पंचायत कुसुम्भा निवासी करीब 48 वर्षीय विशेश्वर गोप की मौत हल्की बारिश और गरजने के बीच वज्रपात होने से हो गई। विशेश्वर गोप राजमिस्त्री का काम करते थे। घटना के बाबत प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुसुम्भा के ही अर्जुन गोप के घर के बगल में विशेश्वर गोप अपने जानवर कोचरा रहे थे तभी अचानक गरजने के साथ ठनका गिरा और वह बेसुध अवस्था में पड़े रहे। जब आसपास के ग्रामीणों की नजर इन पर पड़ी तो तुरंत इन्हें एचएमसीएच लाया गया और इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी। विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी एचएमसीएच पहुंचे और घायल को चिकित्सक से दिखाया तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर सम्मान घर भेजने में विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हर संभव सहयोग पहुंचाया। मृतक ने अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इधर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कुदरत के इस कहर से घटी घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की साथ ही आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाले मुआवजा राशि जल्द दिलाने का भरोसा मृतक के परिजनों को दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने ईश्वर से मृतक के शोकाकुल परिजनों को इस दुख से उबरने के लिए शक्ति प्रदान करने की भी कामना की साथ ही उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील किया कि बारिश के बाद सावधानी बरतें और वज्रपात की घटना से खुद को बचाने की तमाम प्रकार के उपायों का पालन अवश्य करें।

हुल दिवस पर सिद्धू-कान्हू के साथ उनके भाई चाँद-भैरव और बहन फूलो-झानो को भी याद किया गया

## इतिहास के पन्नों में दर्ज हो संथाल विद्रोह की ये घटना : विकास राणा

- जालियाँवाला बाग की घटना से बड़ी घटना है संथाल विद्रोह की ये घटना : अजय कुमार



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग 30 जून को आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में हजारीबाग के सिद्धू कान्हू चौक स्थित भारत के स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर हुल दिवस मनाया गया। आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने सिद्धू-कान्हू के इस संथाल विद्रोह में उनके साथ उनकी बहन फूलो-झानो और उनके भाई चाँद-भैरव को भी याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 30 जून 1855 को सिद्धू-कान्हू ने जमींदारी, महाजनी और अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार के खिलाफ संथाल सम्प्रदाय से डट कर विरोध करने का आह्वान किया और अंग्रेजी शासन को समाप्त कर दिया जाए और इसके खिलाफ सिद्धू कान्हू ने संथाल विद्रोह कर युद्ध का बिगुल फुक कर आन्दोलन का आगाज किया था। संथाल विद्रोह स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे बड़ा आंदोलन था इस आंदोलन में लगभग 15000 ( पन्द्रह हजार ) से भी ज्यादा लोग शहीद हुए थे जिसे कि भारत के इतिहास के पन्नो में दर्ज नहीं किया गया है। इस आन्दोलन को इतिहास के पन्नों में दर्ज करना चाहिए ताकि सभी लोगों को इस संथाल विद्रोह की वास्तविक जानकारी सभी को होनी चाहिए । जालियाँ वाला बाग की घटना से बड़ी घटना है संथाल के विद्रोह की ये घटना। हुल दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय वर्मा, केंद्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार पिंकू, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बारला, सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## सांसद जयंत सिन्हा जी ने रामगढ़ सदर अस्पताल में किया ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर का वितरण

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग:** हजारीबाग हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा वासियों की सुरक्षा हेतु हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनका प्रयास है कि प्रत्येक क्षेत्रवासी को हर सुविधा व सहायता मिले। कोरोना की पहली दूसरी लहर में उन्होंने क्षेत्र में जिला प्रशासनों, हितधारकों व स्वयं सेवी संस्थाओं से समन्वय बनाकर जनता की सुरक्षा के लिये सभी सुविधाएं सुनिश्चित करवायीं। चाहे विदेश से ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मंगवाना हो, ऑक्सीजन बेड्स वेंटिल्टर्स हों, पाइप्ड ऑक्सीजन की सुविधा हो या ऑक्सीजन प्लांट, वे मरीजों को उच्चस्तरीय सेवाएं मुहैया करवाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा के लिए 6 लाख से अधिक मास्क वितरित करवाए हैं। क्षेत्रवासियों की सुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से जयंत सिन्हा के आह्वान पर हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में निःशुल्क मेडिकल कैम्पों का आयोजन भी किया गया था। लगभग 1,000 मेडिकल कैंप आयोजित किये गए, जिनसे अक्षय लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए थे। जयंत सिन्हा ने रामगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने की दृष्टि से 30 जून 2023 को रामगढ़ सदर अस्पताल में ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर का वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर 97 कॉन्सेंट्रेटर वितरित किये। प्रत्येक कॉन्सेंट्रेटर की लागत लगभग 70 हजार है। इन्हें क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में वितरित किया जायेगा।

## कामाख्या मंदिर पहुंचे हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल निरंतर क्षेत्र के विकास और जन सेवा में जुटे रहते हैं। विधायक मनीष जायसवाल जहां सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जाने जाते हैं वहीं धर्म और अध्यात्म के प्रति भी उनकी विशेष रूचि है। धार्मिक आयोजनों के अलावे देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों में पूजन-अर्चन और क्षेत्र एवं क्षेत्र वासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना वे हमेशा करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने विंध्याचल और काशी विश्वनाथ में पूजा- अर्चना किया था और अब आसाम के गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में शुक्रवार को अपने सुपुत्र करण जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल और जीजा विवेक जायसवाल के साथ पूजा-अर्चना करने पहुंचे। विधायक मनीष जायसवाल ने बड़ी आत्मीय भाव से प्रमुख शक्तिपीठों में से एक मां कामाख्या देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर माथा टेका और हजारीबाग वासियों के लिए सुख-स्वस्थ और समृद्धि की कामना की। प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक गुवाहाटी का यह मां कामाख्या मंदिर को को लेकर धार्मिक मान्यता है कि माता सती के योनि का भाग इस स्थान पर गिरा था। कहा जाता है कि ब्रह्मपुत्र नदी का पानी यहां लाल हो जाता है।

## सम्मान > जिस गीत में हमने अपनी प्रस्तुति दी वो गीत मधु मंसूरी जी का ही लिखा हुआ था

# पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख ने तरंग ग्रुप को किया सम्मानित

**राष्ट्रीय खबर**

- संस्था ने अपनी प्रस्तुति में जहां प्रवासी झारखंडियो के दर्द को बयां किया
- मधु मंसूरी हंसमुख झारखंड के प्रसिद्ध गायक हैं



**हजारीबाग :** हजारीबाग कला संस्कृति, युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा राज्यस्तरीय दस दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव का आयोजन रांची में दिनांक 20 से 29 जून तक किया। जहां नवें दिन हजारीबाग की लोकप्रिय सांस्कृतिक सह सामाजिक संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग के कलाकारो ने अपने नागपुरी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति द्वारा महोत्सव ने मौजूद दर्शको एवम अतिथियों का भरपूर मनोरंजन किया। बेहतरीन प्रस्तुति की वजह से संस्था को झारखंड के मशहूर गीतकार एवं गायक पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख के हाथो सम्मानित होने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। मधु मंसूरी हंसमुख झारखंड के प्रसिद्ध गायक हैं जिन्होंने कई नागपुरी गीत के साथ झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के समय भी कई गीत लिखा और उन गीतों को अपनी आवाज दी। 2011 में झारखंड सरकार ने उन्हें झारखंड रत्न एवं 2020 को भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया ये हमारे लिए गर्व की बात है की जिस गीत में हमने अपनी प्रस्तुति दी वो गीत मधु मंसूरी जी का ही लिखा हुआ था। संस्था ने अपनी प्रस्तुति में जहां प्रवासी झारखंडियो के दर्द को बयां किया वही झाखंड के खुबसूरत वादियों का भी बखान किया। बारह सदस्यीय कला दल का चयन निदेशालय द्वारा जिले में संस्था द्वारा किए गए सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर किया गया। इसके पूर्व भी संस्था के कलाकारो ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्वागत अपने नृत्य के माध्यम से प्रमुख चार रेलवे स्टेशन मेसरा, बरकाकाना, हजारीबाग एवं कोडरमा में किया था। उपरोक्त मौके पर महोत्सव के संयोजक चंद्रदेव सिंह के साथ बारह सदस्यीय कला दल के दलनायक अमित कुमार गुप्ता एवं कलाकार शिवानी प्रिया,अन्नू कुमारी, श्रुति कुमारी, मनीषा कुमारी, स्नेहा कुमारी, नंदनी कुमारी, कोमल खत्री, मनिका कुमारी, आकांक्षा कुमारी एवम गणेश कुमार रवि शामिल थे। संस्था की इस विशेष उपलब्धि पर हजारीबाग के सभी प्रबुद्धजनों ने अपनी शुभकामनाए एवं बधाई प्रेषित की है।

## न्यूज फटाफट

### हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सिद्धू कान्हु की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**हजारीबाग** : हजारीबाग 30 जून हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने पीडब्ल्यूडी चौक अवस्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदानों को याद किया। उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी समाज,सभ्यता और अस्मिता के अस्तित्व की लड़ाई को लेकर सिद्धू कान्हु चांद भैरव के योगदानों को हमेशा याद रखा जाएगा। 30 जून 1855 को मौजूदा साहेबगंज ज़िले के भोगनाडीह गांव में वीर सिदो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में 400 गांवों के लगभग 50000 लोगों ने उन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जंग का बिगुल फूंका था।

### पत्रकार पर मुकदमे को हाइकोर्ट ने किया रद्द, रामगढ़ के पत्रकारों में हर्ष

**हजारीबाग** : हजारीबाग रामगढ़ के पत्रकार बीरु कुमार पर कराये गये मुकदमे को झारखंड हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया है। जिसके बाद रामगढ़ के पत्रकारों में हर्ष है। इस दौरान पत्रकारों ने हाइकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। पत्रकारों ने कहा कि बीरु कुमार की निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता पुलिस-प्रशासन को रास नहीं आई, जिसके कारण ही उनपर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था। लेकिन न्यायपालिका हमेशा सच के साथ खड़ी रहती है, जिसके कारण सात वर्ष के बाद बीरु कुमार पर दर्ज झूठा मुकदमा को रद्द कर दिया। पत्रकारों ने कहा कि बीरु कुमार को एक झूठे मुकदमे में परेशान किया गया, लेकिन हाइकोर्ट ने इंसाफ देकर उन्हें निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए नई ऊर्जा प्रदान किया है।

### पल्स पोलियो अभियान को लेकर जागरूकता रथ रवाना



**पीरटांड़** : स्वास्थ विभाग द्वारा 2 जुलाई से पल्स पोलियो अभियान शुरू किया जा रहा है। जिसके पहले शुक्रवार को पीरटांड़ प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पल्स पोलियो अभियान के लिए जागरूकता रथ निकाला गया। जिसकी जानकारी बीपीएम सरिता कुमारी ने दी, उन्होंने बताया कि पीरटांड़ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ पीरटांड़ प्रखंड के दर्जनों गांव से होकर गुजरेगी।जागरूकता रथ निकालने का यह मकसद है कि पल्स पोलियो का ड्राप अधिक से अधिक बच्चे को पिलाया जाए इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रख को निकाला गया। जगरूकता रथ के माध्यम से बताया गया कि जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक 2जुलाई को पिलाई जाएगी इसके लिए कई टीम का गठन किया गया है। प्रखंड क्षेत्र के सभी पोलियो बूथ पर जा कर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना है। जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाने में स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### पलांडू उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव महिला की मौत पर किया शोक प्रकट : गौतम कुमार वर्मा

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के पलांडू उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान महिला की मौत पर बड़कागांव प्रखंड प्रखंड कमेटी द्वारा दुख व्यक्त करते हुए शोक प्रकट किया गया। इस संबंध में बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है। कि इस प्रकार की घटना का जिम्मेवार यहां के जनप्रतिनिधि हैं। सांसद, विधायक एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के काम हीनता के कारण प्रखंड के अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी है। किसी भी उप स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से चिकित्सक नहीं बैठते हैं। सरकार से लेकर जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन एवं पंचायत जनप्रतिनिधि का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। श्री वर्मा ने जिला प्रशासन से मांग करती है। कि जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में विधिवत चिकित्सक की उपलब्धता एवं नियमित ड्यूटी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही साथ उप स्वास्थ्य केंद्र की घटना में शामिल दोषियों पर कार्रवाई एवं मृतक पुष्पा कुमारी के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा मांग करती है।

### महागठबंधन सरकार का बिहारी अभ्यार्थियों की प्रतिभा पर संदेश करना निंदनीय: रालोजपा

**विष्णुगढ़** : बिष्णुगढ़ राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने महा गठबंधन सरकार के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर द्वारा प्रदेश के शिक्षक अभ्यार्थियों की प्रतिभा पर संदेह करना निंदनीय करार दिया है। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती डॉ स्मिता शर्मा ने कहा की विगत चार वर्ष से बिहार के एसटीईटी और सीटेट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं सड़कों पर धक्का खा रहे हैं। लाठी के जोर पर न केवल उनकी वाजिब मांगों की अनसुनी की जा रही है, बल्कि उनकी आवाज को दबाया भी जा रहा है। श्रीमती शर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा मंत्री का बिहार के नौजवानों को लेकर दिया गया हालिया बयान न केवल बिहार की प्रतिभा का अपमान है बल्कि बिहारी अस्मिता पर आधार करने वाली भी है। रालोजपा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संगठन सचिव सह प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा ने कहा कि स्कूली शिक्षकों से लेकर कॉलेज के सहायक प्राध्यापकों तक की नियुक्ति में अराजकता फैलाकर महा गठबंधन सरकार ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था का पूरा बंटाढार कर दिया चार लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों में से मात्र 1200 लोगो ने आवेदन किया है। यह साबित करता है कि नई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के प्रति लोगों में कितना आक्रोश है। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उदारता दिखाएं और सभी नियोजित शिक्षकों को बिना परीक्षा लिए राज्य कर्मी का दर्जा दे। बताएं कि 12 दिनों के भीतर 9 बार नियमवली में संशोधन क्यों करना पड़ा? श्रीमती सिन्हा ने आगे कहा कि मात्र 50 हजार आवेदन आए हैं और अंतिम तारीख 12 जुलाई है। आवासीय नीति में बदलाव कर सरकार ने बाहरी लोगों को मौका देने के लिए अंतिम तिथि आगे बढ़ाने का बहाना खोज लिया। महागठबंधन सरकार बिहार के छात्र-छात्राओं के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### आदरा नक्षत्र मे प्राकृतिक फल जामुन का खुब मजा ले रहे लोग

**टाटीझरिया** : टाटीझरिया पुराने जमाने का कहावत बुजुर्ग लोगों ने कहते आये है कि आदरा नक्षत्र मे जामुन खाना अति उतम माना गया है जामुन एक आयुर्वेदिक औषधी है इसे खाने से लोगो को उदर रोग नही होता और पाचन शक्ति बढती है इसलिए टाटीझरिया प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायत के बुढे, जवान ,बच्चे शौक से टोली बनाकर बृक्ष के पास जाकर कोई चढकर कोई झाड़कर काला ,लाल अंगूर जैसे गुच्छेदार जामुन का आनंद लेने बृक्ष के नीचे जाकर बडी शौक से खाते और घर परिवार के लिए लेकर आते हैं, जामुन इस नक्षत्र मे प्राकृतिक सौन्दर्य का छटां बिखेर रही है,इस छटां को देखकर मन लुभता रहता है।

**प्रदेश >> अपडेट**

### विजय राम ने दिया उप समाहर्ता पद पर योगदान

**हरिहरगंज/पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा स्त्रोंन्नत उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक विजय राम ने डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन के बाद रांची स्थित श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत 27 जून को गढ़वा जिला समाहरणालय में उप समाहर्ता पद पर अपना योगदान दे दिया। योगदान के बाद उन्होंने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक नियमानुसार सरकार के सभी तरह की योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनका लक्ष्य होगा।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### आजादी के असली नायकों को इतिहास में जगह नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण: रूचिर

**पलामू :** सदर अंचल के ग्राम चियांकी में चियांकी के ग्रामीणों के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने हूल दिवस मनाया सर्वप्रथम 1855 के क्रांति के नायक सिधो कान्हो,चांद -भैरव एवं फूलो झारो प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने हुल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1857 से पहले देश में 1855 में ही क्रांति का आगाज हो चुका था उसके नायक सिधो कान्हो चांद भैरव फुलो -झारो थे जिन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए शहीद हुए लेकिन इतिहास के पन्नों में इनकी महता को नहीं दशार्या गया जरूरत है आज हमें इन क्रांतिकारी शहीदों को जानने की जिन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ ही नहीं वरन जमीदारी प्रथा के खिलाफ भी उलगुलान किया था और जल जंगल जमीन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। एक ही परिवार के भाई बहन ने अपनी परवाह ना करके अपने प्राणों की आहुति दिया इससे यह दशार्ता है कि उस समय भी पुरुष के समानांतर महिलाएं भी आजादी की लड़ाई में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### हूल दिवस हमें याद दिलाता है की झारखंड वीरों की भूमि है: सिन्हा

**पलामू :** झारखंड के माटी के वीर सपूत अमर शहीद क्रांतिकारी सिद्धू - कान्हु, फूलो झानो और चांद भैरव सहित अन्य हजारों शहीद के याद में धूम धाम से झामुमो पलामू के द्वारा हूल दिवस झामुमो अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिन्हा जी के नेतृत्व मनाया गया। कार्यालय में शहीद सिद्धू कान्हु की तस्वीर पर सबों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिन्हा ने कहा अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल सबसे पहले झारखंड ने ही फूंका था, इस क्रांति का नेतृत्व सिद्धू - कान्हु ने किया था। सभी झारखंडी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। आज उन्हें याद कर उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। वीर सिद्धू कान्हु ने करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा दिया था। हूल दिवस हमें याद दिलाता है की झारखंड हमेशा से वीरों की भूमि रही है और हेमंत सरकार और झामुमो हमेशा झारखंड के वीर शहीदों का सम्मान करती है और उनके बताए रास्तों पर चलती है।

### हूल (क्रांति) के शहीदों को कई लोगों ने दी श्रद्धांजली

**हरिहरगंज/पलामू :** अंग्रजी शासन,जमींदारों और महाजनों के शोषण-उत्पीड़न के खिलाफ 30जून,1855 के दिन सिद्धो,कान्हू,चांद,भैरव चार सगे भाइयों और उनकी दो बहनों फुलो एवं झानो के नेतृत्व में हजारों संताल जनजाति स्त्री-पुरुषों ने हूल (क्रान्ति)का बिगुल फूंका था। जो संताल विद्रोह एशिया महादेश का सबसे बड़ा जन-विद्रोह और भारत की पहली जन क्रांति थी। इस जन क्रांति में शहीद हुए सिद्धो-कान्हू ,उनके भाईयों और बहनों सहित हजारों शहीदों को सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष को प्रेणादायक और अविस्मरणीय बताया।

**दबिश** औरंगाबाद में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

# सीरियल ब्लास्ट के लिए रखा बम और 60 मीटर कोडेक्स तार बरामद

- गुप्त सूचना के आधार पर सर्च प्रारंभ हुआ था
- गिजनिया बथाना पहाड़ी इलाके में मिला बम
- सुरक्षा बालों ने सभी को निष्क्रिय कर दिया है

**राष्ट्रीय खबर**





**पटना:** औरंगाबाद पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सहित सुरक्षा बलों ने गुरुवार को औरंगाबाद में आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) के साथ सिलसिलेवार विस्फोटों की कथित माओवादी योजना को विफल कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि बलों ने गुरुवार को औरंगाबाद जिले के गिजानिया पहाड़ पहाड़ियों पर एक माओवादी ठिकाने पर छापेमारी के दौरान 29 शक्तिशाली आईईडी और 60 मीटर कोडेक्स तार बरामद किए। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए औरंगाबाद पुलिस और सीआरपीएफ 205 कोबरा बटालियन ने पहाड़ी क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया था। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल ने एक गुफा के अंदर छिपे ठिकाने पर छापा मारा और माओवादियों द्वारा बलों पर सिलसिलेवार विस्फोट के लिए रखे गए आईईडी बरामद किए। तलाशी अभियान का नेतृत्व करने वाले अतिरिक्त एसपी राजेश कुमार ने कहा कि सभी बम डेटोनेटर और तार से जुड़े होने के बाद सिलसिलेवार विस्फोट के लिए तैयार थे। इससे साफ हो गया कि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना चाहते हैं क्योंकि यह तरीका सिर्फ सीरियल ब्लास्ट में इस्तेमाल किया जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक मदनपुर थाना स्थित गिजनिया बथाना पहाड़ी इलाके में गुरुवार को यह नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया गया। जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे सुरक्षाबलों पर भाकपा माओवादी नक्सलियों की ओर से हमले की योजना थी। जिले में नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान 205 कोबरा एवं जिला पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है।

गिजनिया बथाना पहाड़ी इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे सुरक्षाबलों पर भाकपा माओवादी नक्सलियों की ओर से हमले की योजना थी। वहां पर 60 मीटर कोडेक्स वायर भी मिला है, जिसका इस्तेमाल विस्फोटक तैयार करने में किया जाता है। सभी बमों को बम निरोधक दस्ता द्वारा डिफ्यूज कर दिया गया है। बरामद केन बम में ज्यादातर दो किलो वजनी हैं। इन्हें सीरिज में जोड़कर विस्फोट कराया जाता है। एएसपी अभियान ने बताया कि सभी बम तैयार हालत में थे। इसमें केवल डेटोनेटर लगाकर विस्फोट करना था। सभी बमों को डिफ्यूज करा दिया गया है। इस मामले में एक प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज की गई है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है। वैसे औरंगाबाद में लगातार पुलिस नक्सली साजिशों को विफल करती जा रही है। पिछले दो वर्षों में वहां अनेकों बार इस तरीके से अभियान चलाकर विस्फोटक और अन्य जानलेवा सामग्रियों को पहले भी बरामद किया गया है। इससे यह साफ है कि अंदर ही अंदर यहां माओवादियों का दस्ता अब भी सक्रिय है। वैसे पुलिस के कुछ लोग मानते हैं कि ऐसे हथियारबंद दस्ते झारखंड की सीमा को पार कर यहां आते जाते रहते हैं।

## आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने मनाया हूल दिवस



**राष्ट्रीय खबर**

**महेशपुर (पाकुड़):** आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में शुक्रवार को हूल दिवस के अवसर पर अभाविप महेशपुर इकाई के द्वारा सिद्धो- कान्हू के फोटो पर माल्यार्पण किया। छात्रावास प्रमुख श्यामलाल सोरेन एवं नगर सह मंत्री सन्नी तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से दोनों के फोटो पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद अन्य कार्यकताओं ने बारी-बारी से दोनों के फोटो पर माल्यार्पण किया। मौके राहुल मिश्रा, जीत साहा, देवजीत सिंह, उज्जवल भुइमाली, प्रतिश्याम टुडू, पौलुस मरांडी, देवीलाल हांसदा, समेश किस्कु, राजीव मुर्मू, ज्योतिष सोरेन, निशांत गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अनिकेत सिंह के अलावे अन्य अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा ने चलाया मतदान केंद्रों पर महा जनसंपर्क अभियान



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी मतदान केंद्र संख्या 427 के अध्यक्ष लव रजक के नेतृत्व में वार्ड नंबर 11 बागतीपाड़ा, रेलवे क्लोनी में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा हिसाबी राय, आदि मौजूद थे। कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकताओं ने घर-घर पत्रक वितरित कर भाजपा सरकार की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराया। महा जनसंपर्क अभियान में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने कहा कि गरीब कल्याण के नौ वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश को सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार के द्वारा कई योजनाएं प्रारंभ किया गया है और सरकार योजनाएं चलाकर धरातल पर उतार रही है। केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के खाते में सीधे राशि भेज रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री मनरेगा योजना,प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अंत्योदय अन्न योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मोदी हेल्थ आईडी कार्ड, आत्मनिर्भर भारत योजना, ऑपरेशन ग्रीन योजना, मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,फ्री सोलर पैनल योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना इत्यादि से देश को सशक्त बना रहे हैं।

## विद्यार्थी परिषद ने किया वीर सिद्धू कानू मुर्मू के प्रतिमा पर माल्यार्पण



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी ) पाकुड़ ने मंगलवार को हुल दिवस के अवसर पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक झारखण्ड के अमर शहीदों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो सहित समस्त वीर-वीरांगनाओं को याद करते हुए सिद्धू कानू पार्क स्थित आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पाकुड़ नगर एबीवीपी के मंत्री प्रदीप मिश्रा ने कहा कि समस्त शहीद जनजातीय वीर महापुरुषों के सपनों का समृद्ध और सशक्त झारखण्ड बनाने का संकल्प लें। आज ही के दिन 30 जून 1855 में सिदू और कान्हू के द्वारा साहिबगंज जिले के भोगनाडीह से भारतीय इतिहास की पहली लड़ाई अंग्रेजो के खिलाफ आरंभ हुई थी, सिदू ने इस लड़ाई के पहले एक नारा दिया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत से लड़ते हुए 20,000 से अधिक जनजातीय समुदाय मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान हुए थे। भारत के इतिहास में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहली लड़ाई थी, उसके बाद ही पूरे भारत में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भारतीयों के द्वारा विद्रोह आरंभ हुआ। विद्यार्थी परिषद नगर कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत एवं नगर सह मंत्री ऋषि दास ने कहा कि पाकुड़ जिला हुल विद्रोह का एक प्रमुख केंद्र रहा है हूल विद्रोह के नायकों की वीरता ने ब्रिटिश शासन के इस तरह दांत खट्टे किए थे कि अंग्रेज अधिकारी मार्टीन को छुपकर वार करने के लिए मार्टिलो टावर का निर्माण करना पड़ा इसलिए पाकुड़ जिला प्रशासन को सिद्धू कानू के साथ साथ पाकुर जिले के कई ऐसे नायक जिन्होंने इस क्रांति में अपने प्राण न्योछावर कर दिए ऐसे सभी अज्ञात क्रांतिकारियों के जीवनी पर पुस्तक प्रकाशित करना चाहिए ।

## होड़ क्लब ने मनाया सिद्धू कानू की जयंती



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** 30 जून को हूल क्रांति दिवस के अवसर पर होड़ क्लब पाकुड़ द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच ढोल नगाड़ा के साथ पारंपरिक वेशभूषा में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले आदिवासियों की शौर्य और बलिदान के प्रतिरूप वीर सिद्धू कानू चांद भैरव के को स्मरण करते हुए नगर भ्रमण निकाला गया। इस दौरान सदस्यों द्वारा वीर सिद्धू कानू अमर रहे। आदि का नारा लगाया गया। ट्रैक्टर पर वीर सिद्धू कानू की प्रतिमा स्वरुप बनाकर नगर में आम जनता के बीच नगर में भ्रमण करते हुए नगर में स्थापित वीर सिद्धू कानू की प्रतिमा, डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा, महाराणा प्रताप की प्रतिमा, गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। संथाली भाषा में हूल का अर्थ क्रांति होता है। आदिवासी समाज इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। अब सभी लोग मिलकर इसे वृहद रूप में मना रहे हैं।

# हूल दिवस पर उपायुक्त एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित

- हूल दिवस पर याद किए गए सिद्धू कानू
- सिदो-कान्हू, चाँद भैरव समेत हूल विद्रोह के सभी सेनानियों को नमन किया
- वीर शहीदों की कुबार्नी को भूलाया नहीं जा सकता : डीसी

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़:** सिदो-कान्हू पार्क में हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त श्री वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक श्री एच. पी. जनार्दनन, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, स्थापना उप समाहर्ता श्री विकास कुमार त्रिवेदी, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रमोद कुमार दास, प्रशासक, नगर परिषद श्री कौशलेश कुमार यादव, श्रम अधीक्षक श्री रमेश प्रसाद सिंह, जिला खेल पदाधिकारी श्री राहुल कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने सिद्धो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव समेत हूल विद्रोह के सभी सेनानियों को नमन किया। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने कहा कि 30 जून 1855 को सिद्धो-कान्हू ने अंग्रेजो की गुलामी एवं शोषण से मुक्ति के लिए क्रांति का बिंगुल फूंका था। हूल विद्रोह जनजातीय समाज की अंग्रेजों के खिलाफ आजादी के लिए प्रथम जनक्रांति थी। सिद्धो-कान्हू के आह्वान पर हजारों संथाल आदिवासी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हुये तथा अपने प्राणों की आहुति दी। हूल विद्रोह ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों की कुबार्नी को कभी भूलाया नहीं जा सकता है।

**न्यूज फटाफट**

### सिदो-कान्हू: अंग्रेजों के खून से शौर्य-गाथा लिखने वाले 'नायक' थे-आजसू



**पाकुड़ :** आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में सिद्धू कानू पार्क स्थित सिद्धू कानू प्रतिमा पर आजसू कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया। आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि पाकुड़ धनुषपूजा में सिद्धो-कान्हू ने पहला पूजा अर्चना कर अंग्रेजो से लोहा लिया। सिद्धो-कान्हू ने 1855-56 मे ब्रिटिश सत्ता, साहुकारो, व्यापारियों व जमींदारो के खिलाफ एक विद्रोह कि शुरूवात कि जिसे संथाल विद्रोह या हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है। संथाल विद्रोह का नारा था करो या मरो अंग्रेजो हमारी माटी छोड़ो। सिद्धो मुर्मू ने अपनी दैवीय शक्ति का हवाला देते हुए सभी मांझीयों को साल की टहनी भेजकर संथाल हुल में शामिल होने के लिए आमंत्रन भेजा। 30 जून 1855 को भोगनाडीह में संथालो आदिवासी की एक सभा हुई जिसमें 30,000 संथाल एकत्र हुए जिसमें सिदो को राजा, कान्हू को मंत्री, चाँद को मंत्री एवं भैरव को सेनापति चुना गया। संथाल विद्रोह भोगनाडीह से शुरू हुआ जिसमें संथाल तीर-धनुष से लेस अपने दुश्मनो पर टूट पड़े।आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि अंग्रेजो मे इसका नेतृत्व जनरल लॉयर्ड ने किया जो आधुनिक हथियार और गोला बारूद से परिपूर्ण थे। इस मुठभेड़ में महेश लाल एवं प्रताप नारायण नामक दरोगा कि हत्या कर दि गई इससे अंग्रेजो में भय का माहोल बन गया। संथाल विद्रोह के भय से अंग्रेजो ने बचने के लिए पाकुड़ में मार्टिलो टावर का निर्माण कराया था। जो आज भी झारखण्ड के पाकुड़ जिले में स्थित है। श्रद्धांजलि देने वाले में मीडिया प्रभारी अहमदुल्ला, जिला उपाध्यक्ष मुक्लेसुर रहमान, इशाकपुर पंचायत अध्यक्ष सफीकुल, महमीन आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### भाजपा ने वीर सिद्धू कानू के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**पाकुड़ :** 30 जून हूल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा अध्यक्ष पंकज कुमार साह की अध्यक्षता में व भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, भाजपा प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह, भाजपा नेत्री मीरा प्रवीण सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संपा साहा, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी पार्क स्थित अमर शहिद सिद्धो कान्हो जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।भाजपा नेता पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राजमहल विधानसभा के प्रभारी बाबूधन मुर्मू जी अपनी बातों को रखा एवं अमर शहीद सिद्धू कान्हु जी के जीवनी पर प्रकाश डाला।

### राजनीतिक पार्टियों ने भी महानायक वीर शहीद सिदो कान्हू के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**पाकुड़ :** 30 जून को हूल दिवस के मौके पर पाकुड़ में झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव के नेतृत्व में पाकुड़ शहर का भ्रमण करते हुए सैकडो कार्यकर्ताओ के साथ पैदल मार्च करते हुए सिद्धों कान्हो पार्क पहुंचकर वीर शहीद सिद्धों कान्हो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। हूल क्रांति के महानायक वीर शहीद सिदो कान्हू को नमन करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की 1857 का सिपाही विद्रोह वस्तुतः राष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध स्वतंत्रता की पहली लड़ाई मानी जाती है परंतु इसके पूर्व संथाल विद्रोह हुआ था कार्ल मार्क्स ने इस विद्रोह को ह्यभारत का प्रथम जनक्रांतिह्न कहा था। श्री यादव ने कहा अंग्रेजी हुकूमत की जड़ हिलाने वाले एवं स्वदेशी महाजन जमींदारी प्रथा को उखाड़ फेंकने वाले आपने शौर्य के बल पर पारंपरिक हथियारों से विदेशी हथियारों का सामना करने वाले महान क्रांतिकारी वीर शहीद आदिवासियों की संघर्ष गाथा है। वीर शहीद सिदो कान्हू, चाँद-भैरव, फूलो-झानों के नेतृत्व में 10000 से ज्यादा लोग तीर-धनुष से लेस अंग्रेजो पर टुट पड़े थे। जिसमे कई हत्याएं हुई इससे अंग्रेजो में भय का माहौल बन गया। जिससे बचने के लिए पाकुड़ में मार्टिलो टावर का निर्माण कराया गया था जो आज भी पाकुड़ में स्थित है। आधुनिक हथियारो व गोला बारूद के बल पर अंग्रेजो ने इस मुठभेड़ में विजय तो प्राप्त कर ली परंतु इस विद्रोह ने अंग्रजी हुकूमत की जड़ हिला दी। वहीं कांग्रेस के कार्यकताओं ने संथाली भाषा में हूल का अर्थ क्रांति होता है। आदिवासी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। हूल दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री कुमार सरकार जी के नेतृत्व में पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा पाकुड़ सिद्धू कानू पार्क स्थित सिद्धू कानू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

### सिंधु कान्हू चांद भैरव के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा : बिट्टू पाठक

**पलामू :**कांग्रेस भवन के सभागार में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में हूल क्रांति दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने हूल क्रांति के नायक सिंधु कान्हू की तस्वीरों पर माला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि सुमन अर्पित की साथ ही साथ उनके त्याग और समर्पण पर सेमिनार का आयोजन किया गया सेमिनार में सभी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आदिवासी समाज सौम्यता और अस्मिता के अस्तित्व की लड़ाई को लेकर सिंधु कान्हू चांद भैरव के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा जिस दिन झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजो के खिलाफ हथियार उठाया यानी विद्रोह किया था उस दिन से हुई क्रांति दिवस मनाया जाता है इस युद्ध में करीब 20000 आदिवासियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी हालांकि आजादी की पहली लड़ाई तो सन 1857 में मानी जाती है लेकिन झारखंड के आदिवासियों ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर कर दिया था 30 जून 1855 को सिंधु कान्हू के नेतृत्व में मौजूदा साहिबगंज जिला के गांव से विरोध शुरू हुआ था सिंधु ने नारा दिया था करो या मरो अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो बहराइच में अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई चांद और भैरव शहीद हो गए ।

## शहर >> अपडेट

### मुखिया के नेतृत्व में आषाढी पूजा सम्पन्न

**चंदवारा:** चंदवारा के दुर्गा मंडप में वार्षिक आषाढी पूजा चंदवारा पश्चिमी के मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने बताया कि यह पूजा प्रतिवर्ष गांव के सहयोग से सुख समृद्धि तथा प्रेम भाव से सभी ग्रामीणों से सहयोग राशि जमा कर पूजा अर्चना किया जाता है। आषाढी पूजा गांव के मुख्य पूजा स्थलों में नवग्रह पूजा तथा वैदिक मंत्र के साथ हवन आरती किया गया तथा गांव के सभी पूजा स्थानों पर प्रसाद चढ़ाया गया। मौके पर महेन्द्र बाबा, डोमन बाबा पुजारी, प्रकाश राणा, शोधन पंडित, पप्पू मोदी, सहदेव मोदी, मुकेश पांडे, राजू मोदी, बुटु पासवान समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सिटी अपडेट्स >>

### कोडरमा जिले में नहीं रुक रहे सड़क हादसे

**कोडरमा:** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के घोड़सीमर जाने वाली रोड के समीप बासोडीह से नवादा जाने वाली मुख्य मार्ग पर गुरुवार को ट्रक के चकमा के कारण ट्रक में टकराने से एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई तथा 2 किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि घोड़सीमर रोड के समीप शिवपुर पंचायत के पहाड़सिंह खैरा निवासी अजीत कुमार (उम्र 16 वर्ष पिता अलखदेव प्रसाद यादव) मोटरसाइकिल से गोविंदपुर की ओर से अपने घर पहाड़सिंह खैरा अपने दो अन्य दोस्तों के साथ जा रहा था। इसी बीच बासोडीह की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक के चकमा देने के कारण मोटर साइकिल का टायर फिसल गया और ट्रक में टकरा गया जिससे अजीत कुमार यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल किशोर महेश कुमार उम्र 14 वर्ष पिता कैलाश प्रसाद यादव को ग्रामीणों व सतगावां पुलिस के मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल कोडरमा रेफर किया गया। वहीं दूसरा घायल युवक सचिन चौधरी को बिहार के नवादा स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ट्रक भागने में सफल रहा। इधर घटना की सूचना पाकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने शव को बासोडीह नवादा मुख्य सड़क पर घोड़सीमर रोड के समीप रखकर सड़क को जाम कर दिया। घटना के उपरांत सूचना पाकर इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने पर 3 घंटे बाद जाम हटाया गया। वहीं मृतक के शव को सतगावां पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। इधर स्थानीय ग्रामीण सह समाजसेवी शिबालक यादव ने बताया कि जब से वैधडीह मे अंग्रेजी शराब दुकान खुला तब से पढने वाले छात्रों को पैसा का लालच देकर शराब बिहार पहुंचाने कहते है और इस कार्य मे दर्जनों छात्र अवैध तरीके से शराब की तस्करी कर रहे हैं, जिसके कारण सड़क हादसा दिनों दिन बढ रहा है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला बैठक संपन्न

कोडरमा: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोडरमा जिला की जिला बैठक बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में हुई। बैठक का संचालन नवनिर्वाचित जिला संयोजक मिथलेश कुमार ने किया। मौके पर गिरिडीह विभाग सह संयोजक वीरेंद्र कराटे, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुनील कुमार उपस्थित रहे। विभाग सह संयोजक वीरेंद्र कराटे ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद के पुनयतिथि के अवसर पर जिले के विभिन्न इकाइयों में माल्यार्पण, और संगोष्ठी कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है।

---

**प्रेसवार्ता** पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा

# जिला प्रशासन के असहयोग से विकास योजनाओं में शिथिलता

▶▶ पीएम मोदी वह कद हैं कि दूसरे देश के मुखिया और वहां के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री उनसे सीख लेने को उत्सुक रहते हैं

▶▶ जनधन योजना के तहत देशभर में 48.93 करोड़ लोगों ने अपने बैंक खाते खुलवाए हैं

**राष्ट्रीय खबर**




**चतरा :** जिला प्रशासन के असहयोगात्मक एवं उदासीन रवैये के कारण जिले के क्रियान्वयन विकास योजनाओं में शिथिलता बरती जा रही है । उक्त बातें शुक्रवार को चतरा के सांसद सुनील सिंह ने तपेज स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में कही। श्री सिंह ने मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल ऐतिहासिक कार्यकाल रहा है । आज विश्वभर में भारत का डंका बजा हुआ है। पीएम मोदी वह कद हैं कि दूसरे देश के मुखिया और वहां के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री उनसे सीख लेने को उत्सुक रहते हैं। विगत नौ वर्ष के कार्यकाल में केंद्र की एनडीए सरकार न केवल विकास में बल्कि समाज के अंतिम पायदान पे खड़े लोगों तक शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है । जनधन योजना के तहत देशभर में 48.93 करोड़ लोगों ने अपने बैंक खाते खुलवाए । इसके अलावा कई जनकल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया ।चतरा संसदीय क्षेत्र में किये गये कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय , एकलव्य विद्यालय, महिला कॉलेज की स्थापना की गई । उन्होंने कहा कि चतरा की सबसे महत्वपूर्ण योजना स्टील प्लांट राज्य सरकार के द्वारा माईन्स की स्वीकृति नहीं दिए जाने के कारण रुकी हुई है । चतरा जिले में जल्द ही रेलवे लाईन का शिलान्यास किया जाएगा । इसके लिए केन्द्र सरकार ने भूमि अधिग्रहण तथा टेण्डर प्रक्रिया के लिए सरकारी राशि आवंटित कर दिया है । इस मौके पर , भाजपा नेता निर्भय ठाकुर , राकेश झा , शिवबालक सिंह , सहित दर्जनों भाजपा उपस्थित थे ।

## जेएमएम नेता गंगा यादव के पिता का निधन



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा :** जेएमएम नेता व केंद्रीय समिति सदस्य गंगा यादव के पिता प्रसादी यादव का 29 जून को यहां निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मेंं किया गया । उनके निधन पर जे एम एम समेत अन्य दलों के नेताओं समाज सेवियों और सामाजिक कार्यकताओं ने दुख जताया और शोक प्रकट किया है । शोक प्रकट करने वालों मेंं बीजेपी नेता रमेश हर्षधर विजय यादव स्थानीय अशोक यादव जेएमएम नेता व केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव वरीय नेता अशोक कुमार वर्णवाल मुखिया सह पार्टी नेता श्यामदेव यादव कामेश्वर महतो नगर अध्यछ दीपक कुमार विश्वकर्मा सत्यदेव राय समाजसेवी संतोष यादव विनोद यादव टूकलाल यादव वरीय समाजसेवी श्रीश यादव समेत पार्टी के कई अन्य नेताओं ने शोक जताया है और गहरी संवेदना प्रकट की है ।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा:** ऑपरेशन सतर्क के तहत कोडरमा स्टेशन पर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल के साथ प्रधान आरक्षी श्रवण कुमार तथा आरक्षी मोला कुमार प्रसाद सभी रेसुब, पोस्ट के बल सदस्य ने कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं 4, 5 पर गश्ती के क्रम में न्यू फुट ओवर ब्रीज के नीचे दो व्यक्तियों को एक प्लास्टिक के झोला तथा दुसरा ट्रॉली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा। संदेह होने पर उनके पास जाकर पूछताछ किया गया तो उनलोगों ने अपना नाम व पता क्रमशः मो० चाँद आलम (उम्र करीब 28 वर्ष, पिता- एनुल हक, सा वजीरगंज, थाना वजीरगंज, जिला गया) तथा मो एकराम (उम्र 27 वर्ष, पिता मो नईम, सा वजीरगंज, थाना वजीरगंज) बताया। उसके बाद मो चाँद आलम के कब्जे वाले प्लास्टिक के झोला को खोलकर चेक किया गया तो उसमें 2 अदद व्हिस्की जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली तथा प्रत्येक की किमत 6 सौ रुपये, 12 अदद बीयर जिसमें प्रत्येक की क्षमता 500 मिली तथा प्रत्येक की किमत एक सौ तथा मो एकराम के कब्जे वाले ट्रॉली बैग को खोलकर देखा गया तो उसमें 2 अदद व्हिस्की व 12 अदद बीयर पाया गया। जिसके बाद उक्त दोनों व्यक्तियों से अंग्रेजी शराब के बाबत पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हमलोग बेरोजगार हैं इसलिए इसे बिहार ले जाकर अधिक दामों में बेचता हूँ और इससे लाभ कमाता हूँ। अंग्रेजी शराब के बोतल के बाबत न तो कोई कागजात दिखाया और ना ही संतोषप्रद जबाब दिया।

अंग्रेजी शराब को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा पकड़े गये व्यक्ति का गिरफ्तारी ज्ञापन बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही के तहत जप्त शराब व गिरफ्तार दोनो व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही वास्ते उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**राष्ट्रीय खबर**



**कुडू:** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हूल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा इस दिवस पर विशेष रिपोर्ट लेखन कार्य और पेंटिंग निर्माण घर से कराया गया ।दीप प्रज्जवलन कर हूल दिवस क्यों मनाया जाता है क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला गया, अठारह सौ पचपन में साहिबगंज भोगनाडीह के दस हजार के लगभग लोगों की उपस्थिति के सिद्धू को राजा, कान्हू को मंत्री, चांद को प्रशासक, भैरव को सेनापति घोषित कर अंग्रेजो की दमनकारी नीति और कार्यों के खिलाफ कार्य किए गए जिसमे हंटर के अनुसार बीस हजार से भी अधिक लोगों को अंग्रेजो द्वारा बर्बरता से मौत के घाट उतार दिया गया उसी शौर्य और पराक्रम को याद करने के लिए हूल अर्थात संथाली में हूल का अर्थ क्रांति है ये दिवस मनाया जाता है ये विचार सचिव अविराम इंद्रजीत कुमार द्वारा रखे गए।

## मधुमक्खियों के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा:** जिले के कोडरमा थाना अंतर्गत चाराडीह पुतो में जामुन तोड़ने के दौरान मधुमक्खी के हमले से एक 16 वर्षीय किशोर घायल हो गया। घायल की पहचान संदीप राणा (उम्र 16 वर्ष, पिता महेंद्र राणा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को वह पेड़ से जामुन तोड़ रहा था। इस दौरान जामुन पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते से मधुमक्खी के झुंड ने उस पर हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे।

**प्रतियोगिता** देवघर में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लोहरदगा के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# लोहरदगा के दो खिलाड़ी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित

**राष्ट्रीय खबर**




**लोहरदगा:** देवघर के बंपास टाउन सुभद्रा वाटिका में दो दिवसीय 27 और 28 जून को झारखंड ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के 469 खिलाड़ी ने हिस्सा लिया इसे ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया ऑफिस के ऑफिशियल द्वारा संचालित किया गया जिसमें लोहरदगा जिला के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें कुल 8 पदक प्राप्त किया। जिसमें दो गोल्ड , पांच सिल्वर, एक ब्रांच प्राप्त किए। जिसमें जूनियर वर्ग के अंडर 46 केजी अंजली कुमारी गोल्ड सब जूनियर वर्ग के अंडर 29 केजी आयुष्मान कुमार गोल्ड जूनियर वर्ग अंडर 44 रिया कुमारी सब जूनियर वर्ग अंडर 27 केजी अंश कुमार अंडर 32 केजी सत्यम कुमार अंडर 23" आर्यमान प्रताप सिंह सिल्वर मेडल एवं सीनियर वर्ग 59 केजी दीपक गोप ब्रोंज मेडल पदक प्राप्त कर अपने जिला का नाम रोशन किया।

वहीं दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है जिसमें जुनियर वर्ग के अंजली कुमारी, और सब जुनियर वर्ग के लिए आयुष्मान कुमार का चयन हुआ है।

इस अवसर पर डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह , स्कूल का प्रिंसिपल सुलेखा सिंह, आनंददीप सिंह ने रांची रेलवे स्टेशन पहुंचकर खिलाड़ियों का स्वागत किया।

तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। उक्त आशय की जानकारी ताइक्वांडो संघ के प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव ने दिया है।

---

## न्यूज फटाफट

### खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**कुडू :** थाईलैंड में 25 से 28 जून तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे टूनार्मेंट मे लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड और कैरो प्रखंड के 7 बच्चियां कुमकुम कुमारी साहू, अनामिका उरांव रोशनी उरांव मरियम प्रवीण स्नेहा कुमारी अंजली कुमारी जूही कुमारी ने कराटे के अलग-अलग प्रतियोगिता में 4 गोल्ड मेडल और तीन सिल्वर मेडल जीत कर अपने गांव घर राज्य एवं देश का नाम रोशन करने का कार्य किया उनके लोहरदगा स्टेशन पहुंचने पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सरजु कुमार साहू भाजपा मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस आजसू के विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत अनीता साहू ने संयुक्त रूप से स्वागत किया । तत्पश्चात भाजयुमो अध्यक्ष सरजू कुमार साहू ने सभी खिलाड़ियों को रिसीव करते हुए कुडू तक लेकर पहुंचे ।जहां कुडू मे ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी के नेतृत्व में कोच अमित कुमार सिंह और सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया इस दौरान संजय चौधरी ने कहा कि आप सभी बच्चियां अलग-अलग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर जिला राज्य और देश का नाम रोशन करने का कार्य किया है आप सभी का उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आप सभी आगे भी इसी प्रकार से अपना खेल को स्तर को बढ़ाते हुए ओलंपिक तक का सफर तय करेंगे । इस बीच जहां भी आवश्यकता होगी तो भाजपा पार्टी आप सभी का साथ हमेशा खड़ा रहेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद सरजू कुमार साहू राजू रजक राजेश प्रसाद अवधेश साहू मुकेश साहू प्रभात कुमार नंदकिशोर यादव तपस्वी यादव शिव प्रसाद साहू सुगनी देवी आदि लोग उपस्थित थे ।

### एक वर्ष से चल रहे प्रेम प्रसंग :शादी के बंधन में बंधे



**पेटरवार :** पेटरवार एक वर्ष से चल रहे प्रेम प्रसंग का मामला शुक्रवार को सदा- सदा के लिए शादी के बंधन में बंध गया। जिसका गवाह बना पेटरवार कसमार रोड पर स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर जहां पर प्रेमी- प्रेमिका शादी के बंधन में बंध गए हालांकि इस शादी से प्रेमी के परिजन नाराज दिखे ओर शादी समारोह में भाग नही लिया जबकि प्रेमिका के परिजन मौजूद रहे ।बताया जाता है कि पेटरवार थाना क्षेत्र के अंगवाली गांव निवासी प्रेमी राज कपरदार का प्रेम प्रसंग बालीडीह की रूबी कुमारी के साथ एक वर्ष से चल रहा था। प्रेमी ने बताया कि पिछले चार महीने से प्रेम प्रसंग का मामला ज्यादा बढ़ गया था और हम दोनों ने शादी करने का निश्चय कर लिया और शुक्रवार को पेटरवार के गंगेश्वर महादेव मंदिर में शादी कर ली और उसे जीवन संगिनी बना लिया। मौके पर वधु पक्ष के लोगो ने प्रेमी-प्रेमिका के सुखमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मनाया हूल दिवस



**मरकच्चो:** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर कानीकेंद जंगल चंचाल धाम गेट के समीप शुक्रवार को बिरसा मुंडा खेल मैदान में झामुमो केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार कोडरमा जिला सचिव बीरेंद्र पाण्डेय की अध्यक्षता में हुल क्रांति दिवस मनाया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ राय ने किया। इस अवसर पर सिद्धो कान्हो एवं चांद भैरव फूलो झानो व बिरसा मुंडा सहित सभी वीर शहीदों की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान बिरसा मुंडा अमर रहे, झारखंड के वीर शहीद अमर रहे, चांद भैरव अमर रहे, तिलका मांझी अमर रहे, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए गए। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ राय ने कहा की झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजो के खिलाफ हथियार उठाया था। 30 जून को विद्रोह किया था उसी दिन से हुल क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र शाडिल्य, संजय साजन, प्रखंड सचिव असरफ अंसारी, झामुमो नेता तारणी प्रसाद सिन्हा, रामेश्वर मुर्मू, घनश्याम सिंह, मुकेश कुमार पांडेय, संजय पांडेय, किशोर प्रसाद, बाबूलाल हेमब्रम, रामचंद्र सिंह, छोटेलाल विश्वकर्मा, नंदकिशोर मेहता, प्रदीप चौधरी, नूनमन सिंह, टुनु टुडू समेत कई लोग मौजूद थे।

### राजद नेता सुभाष यादव ने किया मरकच्चो का दौरा



**मरकच्चो:** चतरा लोक सभा के पूर्व राजद प्रत्याशी सुभाष यादव गुरूवार को मरकच्चो प्रखंड के लोहंडियो, चोपनाडीह, बांस डीह, दसारो, मुरकमनाई, नावाडीह, दरदाही, कोंडारा डीह, महुगाई, ब्लॉक चौक, बंधन चौक, महुवा टांड, शाह गंज समेत दर्जनों गांवो का दौरा कर लोगो से रूबरू हुए। उनकी समस्याओ को सुना और हर संभव निदान करने की बात कही। उन्होंने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जाकर मुस्लिम भाई बहनो को ईद उल अजहा के त्यौहार कि बधाई व मुबाबरक दी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में कोडरमा की मंत्री रहने के बावजूद कोड़रमा का समुचित विकास नहीं हो पाया जिससे कोडरमा की आम आवाम अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है। मौके पर राजद महासचिव जावेद अख्तर, सरफराज नवाज खान, रणजीत यादव, सुभाष यादव, नेजाम खान, तोकीर अहमद, जैनुल आलम, मो शौकत, मो अमानत, सहनूर खान, मिस्टर अली, नसीम आलम, सोहराब आलम, राजकुमार यादव, बसंत यादव, राजेश पासवान, सकलदेव यादव, नसीम अंसारी, समीम खान आदि मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### पांच साल बाद भारतीय टीम फीफा रैंकिंग में पहले सौ में



**बेंगलुरु :** सुनील छेत्री की बदौलत पांच साल बाद भारतीय फुटबॉल टीम सैफ टीमों की फीफा रैंकिंग में पहले स्थान पर है। शनिवार को सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में लेबनान से भिड़ने से पहले भारतीय टीम को अच्छी खबर मिली। पांच साल बाद वे फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में लौट आए। सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत का मुकाबला लेबनान से होगा। उससे पहले भारतीय टीम को अच्छी खबर मिली। पांच साल बाद वे फीफा रैंकिंग में पहले 100 में शामिल हुए। इंटरकॉन्टिनेंटल कप के फाइनल में भारत ने लेबनान को हरा दिया। वे एक रैंकिंग अंक खो देते हैं। यही कारण है कि भारत लेबनान को पछाड़कर 100वें नंबर पर आ गया है। लेबनान भारत से पीछे हो गया है। इस खबर पर भारत के कोच इगोर स्टिमाच ने कहा, मैं खुश हूं। लेकिन हमें आने वाले दिनों में इस जगह को बरकरार रखना है। भारत ने जून में सात में से पांच मैच जीते और दो हारे। परिणामस्वरूप उन्हें 4.24 रैंकिंग अंक प्राप्त हुए। वे एशियाई फुटबॉल परिसंघ में भी 18वें स्थान पर हैं। विश्व कप क्वालीफायर के लिए ड्रा इस महीने के अंत में होगा। इस स्थान परिवर्तन का असर हो सकता है। सैफ कप में सुनील छेत्री को इसी लेबनान के खिलाफ खेलना होगा। लेकिन भारत को ज्यादा दिक्कत नहीं होगी क्योंकि वह रैंकिंग प्वाइंट्स में लेबनान से 3.16 प्वाइंट आगे है। यदि सैफ कप के समापन के बाद भारत की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं होता है, तो वे दूसरे स्थान पर रहेंगे। परिणामस्वरूप, उन्हें उस पॉट के बाकी देशों के खिलाफ नहीं खेलना पड़ेगा। यानी उन्हें एशियाई संगठन में भारत से आगे रहने वाले 17 देशों में से 9 से 17वें नंबर के देशों के खिलाफ नहीं खेलना होगा। विश्व कप क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में चार टीमों के नौ समूह हैं। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी। दूसरे पॉट में रहने से भारत के लिए तीसरे दौर में आगे बढ़ना काफी आसान हो जाएगा। तीसरे राउंड में छह टीमों के तीन ग्रुप होंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### फेसबुक पर मोहनबागान को ईस्टबंगाल ने पीछे छोड़ दिया



**कोलकाता :** यहां के फुटबाल के दो कट्टर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच अब सोशल मीडिया में भी युद्ध सा छिड़ा हुआ है। मजेदार बात है कि मैदान में जब इन दो टीमों की भिड़ंत होती है तो कोलकाता में अतिरिक्त पुलिस का इंतजाम करना पड़ता है। अब यह लड़ाई मैदान से बाहर निकलकर सोशल मीडिया तक जा पहुंची है। ईस्ट बंगाल और मोहन बागान के बीच मुकाबला अब पिछली बार जितना बड़ा तो नहीं लेकिन कम संख्या में है। हालांकि इस मैच को लेकर रोमांच कम नहीं हो रहा है। प्रशंसकों की कई मांगों के बावजूद, वे बड़ी संख्या में स्टेडियम में पहुंचे। वह अपनी पसंदीदा टीम को प्रोत्साहित करने का कोई प्रयास नहीं करते। हालांकि, पिछले कुछ डर्बी में ईस्ट बंगाल को हार मिली है। रेड येलो आईलीग से आईएसएल से हार गया। सही कहा, रेड येलो ने आईएसएल में एक भी डर्बी नहीं जीता है। दोनों टीमों ने जीत का लक्ष्य लेकर अगले सीजन की तैयारी शुरू कर दी है। मैदान के एक तरफ जहां लाल और पीला रंग पिछड़ रहा है वहीं दूसरी तरफ हरा और मैरून रंग पिछड़ रहा है। दूसरे शब्दों में, मैदानी लड़ाई में पिछड़ने के बावजूद पूर्वी बंगाल अन्य लड़ाइयों में आगे बढ़ गया। यह पार्टी बनाने की लड़ाई नहीं है, यह फेसबुक की लड़ाई है। अगर आप मोहन बागान सुपर जाइंट्स और ईस्ट बंगाल एफसी के फेसबुक पेज देखेंगे तो पाएंगे कि पेज लाइक के मामले में ईस्ट बंगाल आगे है। फेसबुक पेज की गणना के मुताबिक ईस्ट बंगाल के पेज पर लाइक्स की संख्या 1.2 मिलियन यानी 12 लाख है। फॉलोअर्स की संख्या भी उतनी ही है। वहीं, मोहन बागान सुपर जाइंट्स पेज पर 1.1 मिलियन यानी 11 लाख लाइक्स हैं। फॉलोअर्स की संख्या 12 लाख है। दूसरे शब्दों में कहें तो फॉलोअर्स के मामले में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की संख्या बराबर है, लेकिन लाइक के मामले में ईस्ट बंगाल मोहन बागान से आगे है।

**क्रिकेट** गेंद को हुक करने के जाल में फंसे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज

# लेग साइड में लगातार एक जैसे आउट हुए

- नाथन लियोन पिंडली की चोट के कारण मैदान से बाहर थे
- ओली पोप 42 रनों की तेज पारी खेलने के बाद आउट हो गए

राष्ट्रीय खबर



**लंदनः** ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक 'बैजबॉल' क्रिकेट पर टिके रहने के इंग्लैंड के दृढ़ संकल्प का शिकार बनाया क्योंकि गुरुवार को लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के दौरान कई बल्लेबाज हुकिंग जाल में फंस गए। मैच की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी परिस्थितियों का आनंद ले रहा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 416 रनों के जवाब में 188-1 पर अच्छी स्थिति में था, मेहमान टीम के स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन पिंडली की चोट के कारण मैदान से बाहर थे। लेकिन इंग्लैंड 222-4 पर फिसल गया क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने लेगसाइड पर चार लोगों के साथ बाउंसर फेंके - एक रणनीति जो शायद ही अधिक स्पष्ट हो सकती थी अगर इसे नियॉन रोशनी में संकेत दिया गया होता। हालांकि, हैरी ब्रूक (नाबाद 45) और कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद 17) के बीच 56 रनों की अटूट साझेदारी के बाद दूसरे दिन स्टंप्स तक वे 278-4 पर पहुंच गए थे। इंग्लैंड के 34 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद यह जोड़ी एकजुट हुई थी। इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप 42 रनों की तेज पारी खेलने के बाद दिग्गज ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन की गेंद पर आउट हो गए। बेन डकेट ने पहले एशेज शतक की ओर कदम बढ़ाते हुए शानदार बल्लेबाजी की।

लेकिन जोखिम भरे हुक के साथ कुछ चूक करने के बाद, बाएं हाथ का सलामी बल्लेबाज 98 रन पर गिर गया जब उसने जोश हेजलवुड को सीधे डेविड वार्नर के पास खींच लिया।

दुनिया के शीर्ष क्रम के टेस्ट बल्लेबाज जो रूट, ग्रीन की गेंद पर हुक लगाते समय विकेट के पीछे कैच आउट हो सकते थे, लेकिन नो-बॉल से उन्हें राहत मिली। लेकिन वह 10 रन पर गिर गए जब एक्सप्रेस क्विक मिशेल स्टार्क की एक छोटी गेंद को खींचने के चक्कर में स्टीव स्मिथ ने कम दौड़ते हुए कैच पकड़ लिया। स्मिथ ने इससे पहले एजबेस्टन में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की दो विकेट की रोमांचक जीत के दौरान दो पारियों में सिर्फ 22 रन बनाने के बाद एक अच्छे शतक के साथ फॉर्म में वापसी की थी। उनका 110 रन इस 34 वर्षीय खिलाड़ी के शानदार करियर का 32वां टेस्ट शतक था, एशेज में उनका 12वां और इंग्लैंड में आठवां शतक था। इंग्लैंड ने हालांकि गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के आखिरी पांच विकेट 77 रन जोड़कर अच्छी वापसी की। अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड, टेस्ट इतिहास के दो सबसे सफल तेज गेंदबाज, उनके बीच केवल दो विकेट ही ले पाए। इसके बजाय, यह उनके साथी फ्रंटलाइन सीमर्स थे जिन्होंने बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचाया, जोश टोंग ने अपने एशेज डेब्यू पर 3-98 और ओली रॉबिन्सन ने 3-100 का स्कोर बनाया। ऑफ-स्पिनर नाथन लियोन, जो अपना लगातार 100वां टेस्ट खेल रहे थे, टेस्ट में 500 के चार विकेट के भीतर पहुंच गए, जब उन्होंने जैक क्रॉली को 48 रन की गेंद पर स्टंप आउट कर इंग्लैंड को 91-1 से हरा दिया। लेकिन बाद में पोप को पकड़ने की कोशिश में वह लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए।

ऑस्ट्रेलिया ने 339-5 पर अच्छी स्थिति में वापसी की, जिसमें स्मिथ ने नाबाद 85 रन बनाए, जो आठ साल पहले 215 के शानदार स्कोर के बाद लॉर्ड्स में अपने दूसरे टेस्ट शतक से केवल 15 रन पीछे थे। बुधवार को स्टोक्स के टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड अपने तेज गेंदबाजों के लिए मददगार परिस्थितियों का फायदा उठाने में नाकाम रहा। और अधिक चिंताजनक संकेत तब मिले जब स्टुअर्ट ब्रॉड ने अपनी पहली दो गेंदों को लेग साइड में फेंक दिया, एलेक्स कैरी ने दोनों गेंदों पर आरामदायक चौके मारे।

लेकिन ब्रॉड ने अपनी सटीकता हासिल करते हुए रिव्यू में कैरी को 22 रन पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। स्मिथ 99 रन बनाकर एंडरसन की गेंद पर थर्ड मैन पर चार रन के लिए भाग्यशाली रहे। अगली ही गेंद पर स्मिथ ने एंडरसन को कवर के माध्यम से आउट करके अपने 14वें चौके के साथ 169 गेंद में शतक पूरा किया। स्मिथ इसके तुरंत बाद गिर गए जब टंग के एक तेज ड्राइव को गली में गोता लगाने वाले डकेट ने शानदार ढंग से पकड़ लिया।

## खेल जगत अपडेट्स ››

### डूरंड कप के ट्राफी टूर को थल और वायुसेना प्रमुखों ने किया रवाना

**नई दिल्ली :** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे,वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को 132वें डूरंड कप 'ट्रॉफी टूर' को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में देश के सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट के ट्राफी टूर को हरी झंडी दिखायी गयी। इस मौके पर बड़ी तादाद में फुटबाल प्रशंसक और प्रतिष्ठित खेल हस्तियां मौजूद थी। यह टूर्नामेंट तीन अगस्त से तीन सितंबर के बीच कोलकाता में चोला जायेगा। डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसमें देश भर के शीर्ष भारतीय फुटबॉल क्लब भाग लेते हैं। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आयोजित डूरंड कप वर्षों से भारत की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल प्रतिभाओं के लिए प्रजनन स्थल रहा है। उद्घाटन संस्करण 1888 में शिमला में हुआ था, जब इसकी शुरुआत एक आर्मी कप के रूप में हुई थी, जो केवल भारत में ब्रिटिश भारतीय सेना के सैनिकों के लिए खुला था, लेकिन जल्द ही इसे नागरिक टीमों के लिए भी खोल दिया।

# धवन फिर बन सकते हैं एशिया कप में भारत के कप्तान

राष्ट्रीय खबर



**मुंबईः** एशियाई खेल चीन के हांगझू में आयोजित किये जायेंगे। भारत ने वहां लड़कों और लड़कियों की टीमें भेजने का फैसला किया है। लेकिन वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए बोर्ड रोहित शर्मा, विराट कोहली को नहीं भेजेगा। एशियन गेम्स में शिखर धवन को भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। एशियाई खेल चीन के हांगझू में आयोजित किये जायेंगे। भारत ने वहां लड़कों और लड़कियों की टीमें भेजने का फैसला किया है। लेकिन वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए बोर्ड रोहित शर्मा, विराट कोहली को नहीं भेजेगा। एशियाई खेलों में भारत की दूसरे दर्जे की टीम भेजी जा सकती है। धवन को उस टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। बोर्ड ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि एशियाई खेलों में किन क्रिकेटरों को भेजा जाएगा। यह फैसला 7 जुलाई को एपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा। क्रिकेट को 2014 एशियाई खेलों में शामिल किया गया था। उस समय भारत नहीं खेला था।

इस बार बोर्ड ने टीम भेजने का फैसला किया। भले ही दूसरे नंबर की लड़कों की टीम भेजी जाए, लेकिन लड़कियों की सबसे अच्छी टीम भेजी जाएगी। इस साल वर्ल्ड कप के अलावा एशिया कप भी है। बोर्ड को लगता है कि अगर क्रिकेटर एशियन गेम्स खेलने जाएंगे तो उन्हें आराम नहीं मिलेगा। इसीलिए धवन जैसे क्रिकेटरों को एशियन गेम्स में भेजा जा सकता है। कई युवा क्रिकेटर जो विश्व कप टीम में नहीं होंगे, उन्हें भी टूनार्मेंट में खेलने के लिए भेजा जा सकता है। 7 जुलाई की बैठक में रिटायर क्रिकेटरों के टी20 लीग खेलने को लेकर चर्चा हो सकती है। हाल ही में अंबाती रायडू ने संन्यास ले लिया है। इसके बाद उन्होंने अमेरिका टी20 लीग में खेलने का फैसला किया। बोर्ड के फैसले के कारण भारतीय टीम के मौजूदा क्रिकेटर दूसरी लीग में नहीं खेल सकते। लेकिन अगर वे रिटायर हो जाएं तो खेल सकते हैं। बोर्ड उस नियम को बदल सकता है। बोर्ड इस बारे में सोच सकता है ताकि घरेलू क्रिकेट कमजोर न हो।

# जिंबाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी विलियम्स शानदार फॉर्म में

राष्ट्रीय खबर




**लंदनः** क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में रिकॉर्ड गिरने के कारण अनुभवी सीन विलियम्स वनडे इतिहास में सबसे शानदार फॉर्म में से एक का आनंद ले रहे हैं। विलियम्स ने ओमान के खिलाफ सुपर सिक्स ओपनर में 142 रन बनाकर पांच पारियों में तीन शतकों तक अपनी शानदार स्कोरिंग का सिलसिला बढ़ाया और अब आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2023 में 532 रन बना लिए हैं। टूनार्मेंट में 174, 102*, 91 और 23 के पिछले स्कोर के साथ, विलियम्स ने लगातार पांच एकदिवसीय पारियों में तीसरा सबसे अधिक रन बनाया है और कुल स्कोर खेल के कुछ सबसे बड़े नामों के पीछे है। विराट कोहली ने भारत के लिए पांच पारियों में 596 एकदिवसीय रन बनाकर रिकॉर्ड बनाया है, जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम 537 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। विलियम्स के अविश्वसनीय फॉर्म ने मेजबान टीम को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन के कगार पर पहुंचाने में मदद की है, लेकिन वह जिम्बाब्वे में टूनार्मेंट में कई स्टैंडआउट में से एक रहे हैं। टीम के साथी सिकंदर रजा, श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और नीदरलैंड के सरप्राइज-पैकेट लोगान वैन बीक ने भी इस साल के अंत में शोकेस इवेंट में अपनी टीमों को जगह देने के लिए बेंचमार्क को तोड़ दिया है या उसकी बराबरी कर ली है। लगातार पांच वनडे पारियों में सीन विलियम्स के नाम तीसरा सबसे ज्यादा रन है। नीदरलैंड के खिलाफ सिकंदर रजा का 54 गेंदों पर बनाया गया तेज शतक अब वनडे में जिम्बाब्वे के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक है।

# सितंबर में रिलीज होगी कंगना रनौत की फिल्म चंद्रमुखी 2



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म चंद्रमुखी 2 , सितंबर में रिलीज होगी। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर चंद्रमुखी 2 की रिलीज की घोषणा के साथ अभिनेता राघव लॉरेंस का फर्स्ट-लुक पोस्टर शेयर किया है।पोस्टर में, राघव लॉरेंस को एक इंटेंस लुक में देखा गया। वह एक बड़े से दरवाजे के की होल से झांकते हुए नजर आए। चंद्रमुखी 2 के पोस्टर को साझा करते हुए, कंगना ने बताया कि चंद्रमुखी 2 इस गणेश चतुर्थी पर रिलीज हो रही है।

उन्होंने लिखा, 'इस सितंबर वह वापस आ रही है... क्या आप तैयार हैं चंद्रमुखी 2 गौरतलब है कि पी वासु की निर्देशित, चंद्रमुखी 2 ब्लॉकबस्टर हिट तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म चंद्रमुखी की अगली कड़ी है, जिसमें रजनीकांत और ज्योतिका ने मुख्य भूमिका निभाई थी। चंद्रमुखी 2 में कंगना रनौत, राजा के दरबार में एक नर्तकी की भूमिका निभाएंगी, जो अपनी सुंदरता और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती थी। फिल्म में कंगना के साथ राघव लॉरेंस मुख्य भूमिका निभाएंगे। लाइका प्रोडक्शन और सुबास्करण की निर्मित यह फिल्म सितंबर में तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।

### संजय मिश्रा की फिल्म गिद्ध ने जीता एशिया इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा की शॉर्ट फिल्म गिद्ध : द स्केवेंजर ने एशिया 2023 शॉर्ट शॉर्ट्स फिल्म फेस्टिवल इवेंट में एशिया इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन जीत लिया है। फिल्म गिद्ध के लिये संजय मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड भी मिला। फिल्म गिद्ध एशिया इंटरनेशनल में गिद्ध ने बेस्ट फिल्म का खिताब जीता है। गिद्ध के निर्देशक मनीष सैनी हैं। फिल्म गिद्ध में संजय मिश्रा ने एक बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभाया है जिसके पास कमाई करने का कोई साधन नहीं है। अपनी भूख मिटाने के लिए मजबूरी में इन्हें कुछ ऐसे कदम उठाने पड़ते हैं जिनकी वजह से इनकी जिंदगी पूरी तरह बदल जाती है। फिल्म गिद्ध को येल्लानार फिल्म ने प्रोड्यूस किया है। संजय मिश्रा ने कहा कि फिल्म गिद्ध को जो प्यार मिल रहा है उसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। मेरे लिए ये फिल्म एक ऐसा सफर है जो मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा।

## सत्यप्रेम की कथा को मिल रहे प्यार से इमोशनल हुए कार्तिक-कियारा

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म सत्यप्रेम की कथा को मिल रहे प्यार से इमोशनल हो गये हैं। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म ह्यसत्यप्रेम की कथाह्न प्रदर्शित हो गयी है।फिल्म सत्यप्रेम की कथा को क्रिटिक्स से अच्छे रिव्यू मिले है। इस फिल्म को दशकों ने खूब प्यार दिया है। फैंस से मिले इस सपोर्ट ने कार्तिक और कियारा इमोशनल हो गये और उन्होंने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। कियारा आडवाणी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में नोट शेयर करते हुए कहा, फिल्म को मिले रिव्यू पढ़कर बेहद इमोशनल महसूस कर रही हूं। कथा मेरे लिए एक खास किरदार है, जो सोशल मैसेज देती है और आज आप सभी को उसे इतना प्यार देते हुए देखकर मेरे दिल भर गया है। वहीं कार्तिक आर्यन भी सत्यप्रेम की कथा को मिले प्यार से खुश हैं। कार्तिक ह्यसत्यप्रेम की कथाह्न की रिलीज के बाद भगवान का शुक्रिया अदा करने सीधा सिद्धिविनायक मंदिर गए। उन्होंने अपने इस मंदिर की विजिट की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसके साथ ही कार्तिक ने कैप्शन में कहा, आप सभी का सच्चा प्यार पाकर बेहद खुश हूं।

### आलिया भट्ट ने गाना समंदर किनारे अपने गाने 'तुम क्या मिले' पर किया इंजॉय

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानीह्न के गाना तुम क्या मिले पर इंजॉय किया है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का गाना 'तुम क्या मिले' रिलीज हो गया है। गाने में आलिया और रणवीर की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है।इसी बीच आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है।आलिया भट्ट फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने ह्यतुम क्या मिले परह्न समंदर किनारे मस्ती के मूड में नजर आ रही हैं। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है।

## अच्छी तरह नकल करना जानती है दीपिका पादुकोण

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का कहना है कि उनके पति रणवीर सिंह ने उनके अंदर एक नए टैलेंट की खोज की है, जिससे वह खुद भी वाकिफ नहीं थीं। दीपिका पादुकोण ने ट्वीक इंडिया में ट्विंकल खन्ना के साथ बातचीत में बताया है कि उनके पास कौन सा अजीब टैलेंट है, जो लोगों से छिपा है। दीपिका ने खुद को मिमिक यानी नकल करने वाला बताया। दीपिका पादुकोण ने कहा, मैं नकल अच्छा करती हूं। मेरे पति रणवीर सिंह के अनुसार मेरे पास छुपा हुआ टैलेंट नकल करना है, जिसे अभी तक मैंने नहीं खोजा और इस टैलेंट के बाहर निकलने का इंतजार कर रही हूं, लेकिन मैं नहीं कर सकती हूं। जब कभी कैमरा ऑन होता है और मुझे किसी की नकल करने के लिए कहा जाता है तो मैं नहीं कर पाती हूं, लेकिन मैं अपनी बहन और पति के साथ अच्छा नकल करती हूं।

### अक्षय कुमार ने हाउसफुल 5 का पोस्टर शेयर किया



**मुंबई :** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित हाउसफुल फेंचाइजी के चार पार्ट आ चुके हैं। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी ने लोगों को खूब हंसाया। अब एक बार फिर से ये जोड़ी स्क्रीन पर लौट रही है। अक्षय कुमार ने अपने अधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाउसफुल 5 का नया पोस्टर शेयर किया। इसमें एक कलरफुल पोस्टर पर हाउसफुल 5 लिखा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, पांच गुना मैडनेस के लिए आप तैयार हो जाइए। 'हाउसफुल-5' का निर्देशन तरुण मनसुखानी करेंगे।

## प्रदेश >> अपडेट

### दो कारों की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**जयपुर** : राजस्थान में हनुमानगढ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र में नोहर रोड पर दो कारों के आपस में भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार देर रात्रि करीब 12 बजे हुए इस हादसे में दोनों कारों की रफ्तार बहुत तेज थी। दुर्घटना में घायल युवकों को हनुमानगढ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### गर्भवती पत्नी की हत्या कर पति ने किया आत्महत्या का प्रयास

**श्रीगंगानगर** : राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र में एक युवक ने गर्भवती पत्नी की गहरी नींद में सोते हुए की तेज धार वाली कुल्हाड़ी से गर्दन काट कर हत्या कर दी और खुद जहरीली दवा का सेवन कर लिया।

### दो ट्रकों की टक्कर में आग लगने से दो लोग जिंदा जले

**हैदराबाद** : तेलंगाना में शुक्रवार को मेडक जिले के नरसिंगी गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो कंटनर ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत के बाद आग लगने से दो लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने कहा कि टक्कर के बाद एक ट्रक का कैबिन पूरी तरह जल गया। ट्रक यहां से निजामाबाद जा रहा था।घटना की सूचना मिलने के बाद एक दमकल घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। मृतकों की पहचान नाराजू और बसावारु के रुप में की गई है। दोनों कर्नाटक के रहने वाले थे। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज करके जांच की जा रही है।

### शिवराज ने दी संसदीय दिवस की शुभकामनाएं

**भोपाल**: मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समस्त जनप्रतिनिधियों को अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### तेलंगाना में भारी वर्षा के आसार

**हैदराबाद**: तेलंगाना के कई राज्यों के अलग-अलग जिलों में चार जुलाई को भारी वर्षा के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, महबूबाबाद, यदाद्री भुवनगिरि, महबूबनगर, नगरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट, जोगुलम्बा गडवाल जिलों के अलग-अलग स्थानों पर तेज आंधी चलने और भारी बारिश के अनुमान हैं। तीस जून से चार जुलाई तक तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज के साथ बौछार पड़ने के आसार हैं। राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में अलग-अलग स्थानों पर बारिश हुई।

### रेल की चपेट में आने से युवक की मौत

**अजमेर**: राजस्थान में अजमेर के किशनगढ़ में मदनगंज थाना क्षेत्र से निकल रही रेलवे लाइन पर आज एक युवक की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाजी बगीची डीएफसीसी रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ी की चपेट में आने से वार्ड 8 के रहवासी कालूसिह (38) की अकाल मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**नरसिंहपुर**: मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर कल देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

---

**बैठक**

एनसीपी नेता शरद पवार ने दी यह नई जानकारी

# विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक बेंगलुरु में 13 जुलाई को

- पहले शिमला में निर्धारित थी यह बैठक
- 23 जून को पटना में मिले थे सारे नेता
- दोनों ही कांग्रेस शासित राज्य की राजधानी

राष्ट्रीय खबर



**मुंबईः** 23 जून को नीतीश कुमार द्वारा पटना में बुलाई गई 15 भाजपा विरोधी पार्टियों के शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अगली बैठक शिमला में होगी। अब इस एलान में फेरबदल हुआ है। नई जानकारी के मुताबिक विपक्ष के नेताओं की बैठक शिमला के बदले बेंगलुरु में होने जा रही है। यह बात गुरुवार को एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कही। उन्होंने कहा, यह फैसला चर्चा के आधार पर किया गया है। शरद ने बैठक की तारीख बदलने का भी संदेश दिया है। उन्होंने कहा, 13-14 जुलाई को बेंगलुरु में विपक्षी गठबंधन की दूसरी बैठक होगी। संयोग से, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा पटना में बुलाई गई 15 भाजपा विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

23 जून को नीतीश कुमार ने कहा कि अगली बैठक शिमला में होगी। विपक्षी खेमे के सूत्रों के मुताबिक, पहले तय हुआ था कि बैठक 12 जुलाई को होगी। पटना में चार घंटे की बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तृणमूल नेता ममता बनर्जी और अन्य विपक्षी नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ने का संदेश दिया। एकमात्र अपवाद आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल थे। उनकी पार्टी ने अगली बैठक के बहिष्कार की भी घोषणा की है जब तक कि कांग्रेस सार्वजनिक रूप से दिल्ली में नौकरशाही पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय अध्यादेश के विरोध की घोषणा नहीं करती। शरद ने गुरुवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना बैठक में विपक्षी एकता को लेकर चिंतित हैं। इसलिए उन्होंने भोपाल में भाजपा के कार्यक्रम से विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा। वैसे अचानक बैठक का स्थान क्यों बदला गया, इसे लेकर भी अटकलबाजी तेज हो गयी है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक दोनों ही कांग्रेस शासित राज्य हैं। कुछ लोगों का मानना है कि हिमाचल में प्रतिकूल मौसम भी इसके आयोजन स्थल को बदलने का एक कारण हो सकता है। औपचारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

## गहलोत से अनासागर झील के विकास की मांग की



एजेंसियां

**अजमेर** : राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश टंडन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर अजमेर की प्रसिद्ध आनासागर झील की सुध लेने की मांग की है ताकि वर्तमान मानसून में जानमाल की हानि न हो। अजमेर के चप्पे-चप्पे से वाकिफ स्थानीय निवासी एडवोकेट टंडन ने पत्र में अजमेर की आनासागर झील की भराव क्षमता की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया है कि स्मार्ट सिटी के तहत बने ..सेवन वंडर्स ..ने भराव क्षमता को बहुत कम कर दिया है। आनासागर बारहदरी में जगह जगह दरार है और अनेकों जगह मिट्टी बैठ रही है। आनेवाली बरसात से आनासागर के विकराल रूप से संभाग का सबसे बड़ा जवाहरलाल नेहरू अस्पताल, कालाबाग,नगीना बाग, सुंदरविलास,ब्रह्मपुरी के साथ वार्ड 68 पूरी तरह जलमग्न हो जायेगा। क्षेत्र में पानी भराव के कारण श्रीनगर रोड एवं क्षेत्र पानी-पानी हो जायेगा। श्री टंडन ने मुख्यमंत्री से तुरंत उपचार की मांग करते इस ओर ध्यान दिये जाने की मांग की है ताकि जानमाल की हानि से बचा जा सके।

## अडानी घोटाले का सच जेपीसी जांच से आएगा सामने : कांग्रेस



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडानी की घनिष्ठता के कारण अडानी महा घोटाला हुआ है और इसमे कोई भी जांच असरदार नहीं होगी इसलिए सिर्फ संयुक्त संसदीय समिति(जेपीसी) की जांच से ही इसकी असलियत सामने लाई जा सकती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी पहले से ही मानती है कि उच्चतम न्यायालय की विशेषज्ञ समिति और सेबी की जांच का दायरा सीमित है और सिर्फ जेपीसी ही अडानी ग्रुप के साथ प्रधानमंत्री मोदी के घनिष्ठ संबंधों की जांच कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस जांच से यह भी पता लगा सकता है कि मोदी ने अपने करीबी दोस्तों की मदद के लिए कानूनों, नियमों और विनियमों को बदलकर देश तथा विदेशों में अडानी समूह के व्यवसाय को व्यक्तिगत रूप से कैसे सुविधाजनक बनाया है। उनका कहना था कि यह महा घोटाला है और इसके सभी पहलुओं को सिर्फ जेपीसी जांच के माध्यम से ही सामने लाया जा सकता है। प्रवक्ता ने कहा,सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अडानी महा घोटाले पर सेबी के दृष्टिकोण के संबंध में सॉफ्ट लेकिन दोषी ठहराने जैसी भाषा का इस्तेमाल किया है।

## दादी ने आपातकाल लगाया,राहुल करते हैं विदेशों में प्रजातंत्र की बात : नड्डा



एजेंसियां

**खरगोनः** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज कांग्रेस आलाकमान को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिन राहुल गांधी की दादी ने देश पर आपातकाल थोप दिया, वे इंग्लैंड में जाकर भारत में प्रजातंत्री की बहाली की बात करते हैं। श्री नड्डा ने केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये बात कही। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भी उपस्थित थे। इसके पहले श्री नड्डा का यहां एक रोड शो भी आयोजित हुआ। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि श्री गांधी की दादी ने देश में आपातकाल लगाया, जिसमें भाजपा की विचारधारा के 75 हजार लोग जेल गए। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि श्री गांधी संभवतः पढ़े-लिखे कम हैं, जिनकी दादी ने आपातकाल लगाया, वे ही इंग्लैंड में जाकर भारत में प्रजातंत्र की बहाली की बात कर रहे हैं। श्री नड्डा ने कहा कि पहले भारत के प्रधानमंत्री विदेशों में जाते थे, तो पाकिस्तान, आतंकवाद और इसके चलते रुके विकास की बात होती थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश जाते हैं, तो उन्हें दूसरे देश राष्ट्रीय सम्मान देते हैं, लेकिन श्री मोदी की इस वैश्विक प्रशंसा से कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेशों की भाजपा सरकारें ह्यप्रो-रेस्पोंसिवह्ल और ह्यप्रो-एक्टिवह्ल हैं, जो जनता की अपनी तरफ से चिंता करती हैं और विपरीत परिस्थितियों में फौरन राहत पहुंचाती हैं।

## जीएसटी ने आम लोगों पर कर का बोझ कम करने में मदद कीः सरकार

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** सरकार ने आज कहा कि अप्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में छह वर्ष पूर्व लागू की महत्वपूर्ण कर सुधार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ने न केवल लोगों पर कर का बोझ कम करने में मदद की है, बल्कि देश में खपत को गति भी दी है और इस कर संग्रह में जबरदस्त बढोतरी हुयी है। जीएसटी को लागू किये जाने के छह वर्ष पूर्ण होने पर वित्त मंत्रालय ने आज एक के बाद एक कई ट्विट के माध्यम से कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से लागू की गई जीएसटी व्यवस्था के बाद में आम जनता को काफी फायदा मिला है। छह साल पहले लागू की गई जीएसटी ने न केवल आम लोगों पर कर का बोझ कम करने में मदद की है, बल्कि देश में खपत को गति भी दी है। कुल मिलाकर इससे परिवारों को मासिक बिल कम करने में मदद मिली है। मंत्रालय ने जीएसटी लागू होने से पहले और बाद में विभिन्न वस्तुओं पर कर दरों की तुलना करते हुए यह बात कही है। उसने यह भी कहा कि जीएसटी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने से लेकर निवेश को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक रहा है। जीएसटी एक जुलाई, 2017 की मध्यरात्रि को लागू हुआ था। इसमें 13 उपकर समेत उत्पाद शुल्क, सेवा कर और मूल्य वर्धित कर (वैट) जैसे 17 स्थानीय शुल्कों को समाहित किया गया है। माल एवं सेवा कर के अंतर्गत कर की चार दरें हैं। इसमें आवशयक वस्तुओं पर कर से या तो छूट है या फिर पांच प्रतिशत की कम दर से कर लगाया जाता है। विलासिता और समाज के नजरिये से हानिकारक वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की ऊंची दर से कर लगाया जाता है।

**विरोध**

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने फिर से ऐसे प्रतियोगिता में

# राज ठाकरे की पार्टी ने पाकिस्तान को बुलाने का विरोध किया

राष्ट्रीय खबर



**मुंबईः** विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है। अहमदाबाद, गुजरात को भारत बनाम पाकिस्तान मैच की जिम्मेदारी मिली है। इसके बीच ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने फिर से ऐसे प्रतियोगिता में पाकिस्तान को बुलाने का विरोध कर दिया है। मनसे नेता संदीप देशपांडे ने सवाल उठाया कि क्या हमें ऐसे देश के साथ खेलना चाहिए जो हम पर हमला करता है, सैनिकों को मारता है, अधिकारियों को यौन जाल में फंसाता है? वह कहते हैं, याद रखें, सभी आतंकवादी हमलों के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। क्या हमें ऐसे देश का स्वागत करना चाहिए? यह राजनीति का मामला नहीं है, यह देश का मामला है। इसके बाद उन्होंने मैच के आयोजन की असल समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा, जब ऐसा मैच खेला जाता है तो उनके लोग (पाकिस्तानी लोग) भी आते हैं हाथों में झंडे लिए मैदान। क्या हमें ये सब बर्दाश्त करना पड़ेगा? इस पर पूरे देश में चर्चा होनी चाहिए। मनसे का दावा है कि यह सब संदीप के दिमाग की बात है, पार्टी ऐसा नहीं सोचती। लेकिन इस एक बयान से पूरे आयोजन पर राजनीति फिर से गरमा गयी है। दरअसल इससे भाजपा भी असहज स्थिति में है क्योंकि वह हर ऐसे मुद्दे पर पाकिस्तान को कोसकर अपना राजनीतिक लाभ उठाती आयी है। अभी महाराष्ट्र की राजनीति का समीकरण कहता है कि हाल ही में राज ठाकरे की पार्टी भाजपा और एनडीए के करीब आई है। अमित शाह के बेटे जॉय भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव हैं। क्रिकेट की राजनीति में भी भाजपा की ताकत अनजानी नहीं है। राजनीतिक हलके इस बात को स्वीकार करने में अनिच्छुक हैं कि जीत के घरेलू मैदान अहमदाबाद में केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की जानकारी के बिना पाकिस्तान का मैच रद्द कर दिया गया। ऐसे में भाजपा के करीबी दलों के नेता मैच अरेंजमेंट पर विवाद कर रहे हैं, जिससे राज ठाकरे असमंजस में हैं। क्योंकि, मनसे की राजनीति का मुख्य स्रोत कट्टर राष्ट्रवाद के साथ मिश्रित पाकिस्तान विरोध है। नतीजतन, राज के लिए पार्टी लाइन पर चलकर संदीप की बातों का खुलकर विरोध करना मुश्किल हो गया है। कुल मिलाकर, अपने गृह राज्य में विश्व कप के सबसे हाई वोल्टेज मैच की मेजबानी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दबाव बढ़ता जा रहा है।

---

## न्यूज फटाफट

### एस्ट्रोवर्ल्ड कार्यक्रम में हुई घटना के लिए रैपर दोषी नहीं :अमेरिकी ग्रैंड जूरी

**वाशिंगटन**: टेक्सास की ग्रैंड जूरी ने 2021 में एस्ट्रोवर्ल्ड कार्यक्रम में हुई घटना के संबंध में अमेरिकी रैपर ट्रैविस स्कॉट और कई अन्य लोगों को दोषी ठहराने से इनकार कर दिया है। इस घटना में दस लोगों की मौत हो गई थी। हैरिस काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी किम ओग ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। श्री ओग ने गुरुवार को कहा, आज, हैरिस काउंटी ग्रैंड जूरी ने एस्ट्रोवर्ल्ड कार्यक्रम में 10 लोगों की मौत से संबंधित सभी आपराधिक आरोपों पर ट्रैविस स्कॉट को दोषी नहीं माना। रैपर स्कॉट ने पहले कहा था कि उन्होंने भीड़ से ऐसी कोई आवाज़ नहीं सुनी जिसके कारण उन्हें शो रोकना पड़े, लेकिन उन्होंने बताया कि तेज प्रकाश के कारण मंच से स्पष्ट रूप से देखना कठिन था। उन्होंने यह भी कहा कि संगीत कार्यक्रमों के दौरान दुर्घटनाएं होती हैं, जैसे लोग बेहोश हो जाते हैं। आमतौर पर कार्यक्रम स्थल के कर्मचारी प्रशंसकों की सुरक्षा के प्रभारी होते हैं। उल्लेखनीय है कि रैपर स्कॉट के 05 नवंबर, 2021 को एक संगीत कार्यक्रम में लगभग 50,000 लोग उपस्थित थे। शो के दौरान देर शाम भीड़ बढ़ने लगी और रात में 18 वर्ष से कम उम्र के दो किशोरों सहित आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। पांच नाबालिगों सहित 24 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो लोगों की कुछ दिनों बाद मृत्यु हो गई।

### विश्व बैंक ने यूक्रेन के लिए जापान की गारंटी पर ऋण को मंजूरी दी

**वाशिंगटन**: विश्व बैंक ने विस्थापित लोगों की जरूरतों को पूरा करने और सार्वजनिक संसाधन व्यय की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सुधारों का समर्थन करने के लिए यूक्रेन के लिए जापान सरकार द्वारा गारंटीकृत 1.5 अरब डॉलर के ऋण को गुरुवार को मंजूरी दे दी। विश्व बैंक ने वेबसाइट पर एक बयान में कहा विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने आज 1.5 अरब डॉलर के यूक्रेन राहत और पुनर्प्राप्ति विकास नीति ऋण (डीपीएल) को मंजूरी दे दी। इस ऋण की गारंटी जापान सरकार द्वारा एडवांसिग नीड क्रेडिट एनहांसमेंट फॉर यूक्रेन ट्रस्ट फंड (एडवांस यूक्रेन) के तहत दी गई है और यह 2023 में यूक्रेन की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता पैकेज का एक अभिन्न अंग है। बयान में कहा गया है कि यह ऋण यूक्रेन में रुस के विशेष सैन्य अभियान के कारण बेघर हुए लोगों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा एवं सुधारों का समर्थन करेगा।

### यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा व्यर्थ :ब्रिक्स साझेदार

**मॉस्को** : विश्व की उभरती आर्थिक शक्ति के समूह देशों ब्राजील,रूस,भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ( ब्रिक्स) के भीतर रूसी साझेदार मॉस्को के बिना यूक्रेन संघर्ष के समाधान पर चर्चा को व्यर्थ समझते हैं। ब्रिक्स में रूस के सूस-शेरपा पावेल कनीजेव ने शुक्रवार को मीडिया से यह बात कही। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने रविवार को कहा कि ब्राजील, कनाडा, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इटली, यूक्रेन, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक सलाहक ने कीव संघर्ष के समाधान पर चर्चा करने के लिए डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में एक बैठक में भाग लिया। यरमक ने कहा,''सभी इस प्रारूप में परामर्श जारी रखने पर सहमत हुए।'' उन्होंने कहा कि यूक्रेन अपने देश में शांति योजना पर चर्चा के लिए एक तथाकथित वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना चाहता है। कनीजेव ने कोपेनहेगन में बैठक पर टिप्पणी करते हुए कहा,इस पहल के बारे में - जैसा कि आप जानते हैं, यह उन अल्टीमेटम को बढ़ावा देने का एक प्रयास है जो जेलेंस्की प्रस्तावित कर रहे हैं और वह लाइन जिसे पश्चिम में उनके संरक्षक बढ़ावा दे रहे हैं। यूक्रेन की स्थिति या यूक्रेन और रूस के बीच की समझौते की ऐसी चर्चाओं की निरर्थकता को हमारे ब्रिक्स साझेदारों सहित हर कोई समझता है।''

### फ्रांस में यातायात नियम तोड़ने पर युवक की हत्या के विरोध में उग्र प्रदर्शन जारी

**पेरिस** : फ्रांस की राजधानी पेरिस में नानटेरे उपनगर में यातायात नियम के उल्लंघन पर एक पुलिसकर्मी द्वारा कार चालक नाहेल एम (17) को गोली मार कर हत्या करने के बाद शुरू हुए उग्र प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है और पूरे देश में हर तरफ आगजनी दिखाई दे रही है। देश में जगह-जगह पर प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं। मृतक की मां के नेतृत्व में निकाला गया मार्च गुरुवार दोपहर को हिंसा की भेंट चढ़ गया। देशभर में हिंसा के तीसरे दिन रात में, लिली और मार्सिले में प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। नैनटेरे शहर में एक इमारत के भूतल पर स्थित बैंक में भीषण आग लग गई। सोशल मीडिया पर दिखाये जा रहे वीडियो और तस्वीरों में भी कई जगहों आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। पेरिस और व्यापक क्षेत्र में हिंसा को देखते हुए बस और ट्राम सेवाओं का संचालन स्थानीय समयानुसार 21:00 बजे (19:00 जीएमटी) बंद कर दिया गया। कुछ उपनगरों ने रात के समय कर्फ्यू की घोषणा की है। फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिज़ाबेथ बोर्न ने कहा कि वह किशोर की मौत के बाद उमड़ी भावनाओं को समझती हैं, लेकिन उन्होंने दंगों की निंदा की। उन्होंने कहा कि हिंसा को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता। देश के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा कि बुधवार रात हुयी झड़प में 170 अधिकारी घायल हो गए और 180 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि मंगलवार और बुधवार की रात देश के शहरों में हुए दंगों में कारों और इमारतों के क्षतिग्रस्त होने के बाद हिंसा से निपटने के लिए पूरे फ्रांस में लगभग 40,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए। नाहेल की मां ने कहा कि उन्होंने हत्या के लिए सामान्य तौर पर पुलिस या सिस्टम को दोषी नहीं ठहराया। सिर्फ उस अधिकारी को दोषी ठहराया जिसने गोली चलाई जिससे उनके बेटे की मौत हो गई।

## आज का इतिहास

- 1852 : सिन्ध के मुख्य आयुक्त सर बर्टलफ्रेरे द्वारा सिर्फ सिंध राज्य में और मुंबई कराची मार्ग पर प्रयोग के लिए सिंध डाक नामक डाक टिकट जारी किया गया।
- 1882 : भारत रत्न सम्मानित वरिष्ठ चिकित्सक, निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ बिधान चंद्र राय का जन्म।
- 1927 : भारत के 8वें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर सिंह का जन्म।
- 1959 : जम्मू कश्मीर के दूसरे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का जन्म।
- 1960 : घाना अफ्रीका का एक प्रजातंत्र राज्य है, जिसे 01 जुलाई को गणराज्य घोषित किया गया था।
- 1964 : भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना।
- 1990 : पूर्वी एवं पश्चिमी जर्मनी के बीच सीमा रेखा की समाप्ति एवं पश्चिमी जर्मनी की मुद्रा को पूर्वी जर्मनी में मान्यता।
- 1991 : बारसा संधि भंग की गयी।
- 1995 : अमेरिका ने ताईवान के खिलाफ लगाये गये प्रतिबंध को हटाया।
- 1996 : आस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत में स्वेच्छा मृत्यु कानून विश्व में पहली बार लागू।
- 1997 : देश की पहली साइंस सिटी कोलकाता में स्थापित की गई।
- 1999 : भारतीय सेना के जांबाज सैनिक आबिद खान का निधन।
- 2000 : लाड्र्स के 100वें ऐतिहासिक टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया।
- 2004 : आसियान ने अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद से निपटने हेतु आस्ट्रेलिया से समझौता किया।
- 2006 : अमेरिकी संसद की समितियों ने भारत:अमेरिकी परमाणु समझौते को मंजूरी प्रदान की।
- 2007 : दलाईलामा के मुद्दे पर चीन के अधिकारियों के साथ तिब्बत के दूतों की वार्ता प्रारम्भ।
- 2008 : गाजापट्टी के फलस्तीनी विद्रोहियों ने दक्षिणी इजरायल पर रॉकेट दागा।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

रांचीः दुष्कर्म के एक मामले में पोस्को की विशेष अदालत ने अमित कुमार को दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को सजा सुनाए जाने के साथ-साथ उस पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अभियुक्त को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले को लेकर सदर थाना में कांड संख्या 225/2021 दर्ज किया गया था।

साजिश

### स्प्रे और लाइटर से वारदात को दिया अंजाम

# रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में आग लगाने वाले को पुलिस ने दबोचा

राष्ट्रीय खबर



रांचीः गुरुवार को रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में हुए भीषण अग्निकांड को एक सिरफिरे नाबालिग के द्वारा अंजाम दिया गया था। 15 साल के इस नाबालिग ने पांच घंटे के अंतराल में नौ बसों में आग लगाकर पूरी राजधानी को हिला दिया। रांची पुलिस ने 12 घंटे के अंदर अगलगी की साजिश का खुलासा करते हुए नाबालिग को निरुद्ध कर लिया है। निरुद्ध किए गए नाबालिग के पास से पुलिस ने एक स्प्रे और लाइटर बरामद किया है। इसी लाइटर और स्प्रे के जरिए उसने एक-एक कर 9 बसों को आग लगा दी। इस अगलगी में 8 बस तो जलकर खाक हो गए थे जबकि एक को जलने से बचा लिया गया था। पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने यह बताया है कि उसने बस की टंकी के पास पहले इस स्प्रे को मारा और फिर लाइटर से उसमें आग लगा दी। इस वजह से आग तेजी के साथ फैलती चली गई। फिलहाल विरुद्ध नाबालिग से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि इस साजिश में और भी कुछ लोग शामिल हैं। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि नाबालिग ने ही बसों में आग लगाई थी। नाबालिग के पास से एक स्प्रे मिला है, जिसमें स्प्रिट भरा हुआ था। इसी स्प्रे के माध्यम से बसों में आग लगाई गई थी। जानकारी के अनुसार नाबालिग रांची के नामकुम इलाके का रहने वाला है। वह पिछले कुछ दिनों से खादगढ़ा बस स्टैंड में ही खलासी के रूप में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। गौरतलब है कि गुरुवार को 5 घंटे के अंतराल में खादगढ़ा बस स्टैंड में दो बार भीषण आग लगी। इस आग में 8 बसें पूरी तरह से जलकर खाक हो गईं। जबकि एक बस को अग्निशमन विभाग के द्वारा बचा लिया गया।

## अग्रवाल बंधुओं की हत्या मामले में लोकेश चौधरी समेत तीन दोषियों को उम्रकैद

राष्ट्रीय खबर



रांचीः लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत मुख्य आरोपी लोकेश चौधरी समेत तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपियों को कोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सजा सुनाई। जिन 2 अन्य लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई, उसमें सुनील कुमार उर्फ सुनील सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार तिवारी शामिल हैं। इन तीनों लोगों के खिलाफ 20- 20 हजार रुपया जुमार्ना भी लगाया गया है।

कोर्ट ने इन तीनों को आईपीसी की धारा 302/34 में उम्रकैद की सजा एवं 10-10 हजार रुपया का जुमार्ना, आईपीसी की धारा 201/34 में तीन वर्ष की सजा एवं 5-5 हजार का जुमार्ना एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 में पांच साल की सजा एवं 5-5 हजार रुपया का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर अभियुक्तों को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतना होगा।इससे पूर्व सोमवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने इस मामले में तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था।

जबकि रविशंकर लाल को कोर्ट ने इस मामले में बरी कर दिया था।बता दे कि लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना के प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा और लगभग एक साल बाद 9 मार्च 2020 को उसने कोर्ट में सरेंडर किया था। उसके बाद से ही लोकेश चौधरी समेत अन्य जेल में बंद हैं।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की मां ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार, बेटे को दी जाए सुरक्षा

राष्ट्रीय खबर

रांचीः गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की मां ने उसकी सुरक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट से गुहार लगाई है। अमन की मां मीनू श्रीवास्तव ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल कर यह मांग की है कि अमन श्रीवास्तव को जेल के बाहर सुरक्षा मुहैया करायी जाए। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि अमन को जेल के बाहर दूसरे आपराधिक गिरोहों से खतरा है, इसलिए उससे जुड़े मुकदमों की सुनवाई फिजिकल मोड में न कर वर्चुअल मोड में की जाए। साथ ही कोर्ट के समक्ष सशरीर पेशी करने के बजाए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से अमन की पेशी करवाई जाए। क्योंकि अमन श्रीवास्तव के पिता गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की भी कोर्ट में पेशी के दौरान ही गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। ऐसे में अमन पर जानलेवा हमले का अंदेशा है। फिलहाल मीनू श्रीवास्तव की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है।बता दें कि झारखंड एटीएस ने अमन को मुंबई से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। अमन के पिता सुशील श्रीवातव की हत्या हजारीबाग सिविल कोर्ट में दिनदहाड़े गोली मार कर कर दी गई थी। अमन ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रखा था। फिलहाल अमन श्रीवास्तव पर हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी के लिए धमकी देने समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसकी संख्या 45 से ज्यादा है।

## राज्य में 160 नये उद्योगों को ऑनलाइन बीडिंग के जरिये मुहैया होगी जमीनें

राष्ट्रीय खबर



रांचीः झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी जियाडा की ओर से उद्यमियों को ऑनलाइन जमीन आवंटित की जा रही है। पिछले कुछ समय से उद्यमियों की ओर से जमीन आवंटन और जमीन की समस्या को लेकर शिकायतें आ रही थी। जिसके बाद उद्योग विभाग ने उद्यमियों को जल्द से जल्द जमीन आंवटन करने का निर्देश दिया। जिस पर जियाडा की ओर से पहल की जा रही है।जियाडा की ओर से उद्यमियों को उनके प्रोजेक्ट्स के अनुसार जमीन आंवटन की प्रक्रिया की जा रही है। फिलहाल जियाडा की ओर से 160 प्रोजेक्ट्स के लिये जमीन आंवटन की प्रक्रिया की जा रही है। ये प्रोजेक्ट्स पिछले दिनों प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी की ओर से एप्रुव किया गया। हालांकि इनमें से कुछ प्रोजेक्ट्स को बैंक संबधी दस्तावेज एक सप्ताह के अंदर देने का निर्देश दिया गया है। वहीं, लगभग 80 प्रोजेक्ट्स को राज्य के अलग अलग औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत जमीन दिलाने की प्रक्रिया की जा रही है।जियाडा की मानें तो ऐसे प्रोजेक्टस को जमीन आंवटित किया जायेगा। जिसपर एक से अधिक आवेदक है। ऐसे आवेदकों को जल्द ही ऑनलाइन बीडिंग के माध्यम से प्लॉट आवंटित करने की सहमति बनी। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। बता दें पिछले कुछ समय से उद्यमियों के लिये राज्य में जमीन की समस्या बढ़ गयी थी। कई उद्यमियों ने राज्य में जमीन की किल्लत के कारण अन्य राज्यों का रूख किया। वही, अब भी देवघर, धनबाद, गिरिडीह रांची समेत कई ऐसे औद्योगिक क्षेत्र है जहां उद्यमियो का जमीन पर अधिकार नहीं हो पाया है। ऐसे में उद्योग विभाग के आदेश पर जियाडा इस मामले पर गंभीरता से कार्यरत है।सभी प्रोजेक्टस को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन आंवटित करना है। जिसमें तुपूदाना, लोहरदगा, सोसई, बरही, हजारीबाग, बरहे-चान्हो, बुढ़मू, टाटीसिलवे, डाल्टनगंज, कोकर समेत अन्य इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया जारी है। जियाडा की मानें तो राज्य में लगातार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है। जिससे राज्य में अधिक अधिक उद्योग लगे।

### 12 जुलाई को साक्षात्कार



रांची: झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा रिम्स में टेक्निकल ऑफिसर (स्टेट रेफरेंस लैबोरेट्री) के 1 पद पर वैकेंसी निकली है। अनुबंध पर आधारित इस नियुक्ति में चयनित अभ्यर्थी को 35000 रुपये प्रति माह वेतन का भुगतान किया जाएगा। 12 जुलाई को सुबह 9:00 से 11:30 तक निदेशक कार्यालय में साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। बीएससी/एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी या लाइफ साइंस की पढ़ाई करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। बीएससी पास अभ्यर्थियों के पास लैब में काम करने का 5 साल का अनुभव होना चाहिए। जबकि एमएससी पास अभ्यर्थियों के पास लैब में 2 साल काम करने का अनुभव होना चाहिए।

### 1 अगस्त से रांची में जमीन हो जायेगी महंगी

रांची: राजधानी के शहरी इलाकों में 1 अगस्त से जमीन और मकान की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी, इससे संबंधित प्रस्ताव पर काम शुरू होने वाला है। पुख्ता जानकारी के मुताबिक, जिले के शहरी इलाकों में निबंधन शुल्क में अधिकतम 10 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। जिन इलाकों में निबंधक शुल्क में बढ़ोतरी होनी है इसका सीधा असर रांची नगर निगम के अलावा बुंडू नगर पंचायत और आरआरडीए क्षेत्राधिकार एवं सेंसस टाउन के इलाकों की भूमि के मूल्य एवं रजिस्ट्री फीस पर पड़ेगा। रांची में जमीन की सबसे ज्यादा कीमत हिनू, एयरपोर्ट रोड, अरगोड़ा, लालपुर और वर्धमान कंपाउंड इलाके में होने की संभावना है।

## दें अपने घरों का लोड डिक्लेयरेशन: जीएम

राष्ट्रीय खबर



रांचीः जेबीवीएनएल के रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव खराब और जले हुए ट्रांसफार्मरों की समस्या से निजात पाने के लिए उपभोक्ताओं से अपील किया है। उन्होंने कहा कि जून माह में अत्याधिक गर्मी पड़ने और बारिश एवं ठंडरिंग के कारण ट्रांसफार्मर जलने के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। जून माह में रांची शहर एवं ग्रामीण इलाकों में कुल 154 ट्रांसफार्मरों को बदला गया। उन्होंने कहा कि आम कंज्यूमर से अनुरोध है कि वे लोड डिक्लिरेशन फार्म जो जेबीवीएनएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उसे जमा कराएं।उन्होंने कंज्यूमरों को आश्वस्त किया कि घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के द्वारा लोड वृद्धि कराने पर भी जितना मीटर रीडिंग आएगा उतना ही बिल देना होगा। लोड बढ़ोतरी के बावजूद फिक्स्ड चार्ज में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। उदाहरण के लिए यदि किसी कंज्यूमर के घर का लोड 2 केवी या 20 केवी है, उन्हें फिक्स चार्ज के रूप में 100 रुपये ही देने होंगे। उनके द्वारा जितनी बिजली खपत की जाएगी, मीटर रिकार्ड होगा, उतना ही बिल लिया जाएगा। लोड की जानकारी मिल जाने के बाद आवश्कयकतानूसार ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ायी जाएगी या उसे बदला जाएगा। इससे कंज्यूमरों को बिजली समस्या नहीं होगी।जीएम पीके श्रीवास्तव ने अपने बिजली अफसरों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में चिन्हित कर-के खराब एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलने का कार्य करें।

जलसंकट

### जलसंकट तो इस साल का दूर होगा पर अगले साल

# अधिकांश इलाकों में सरकारी मदद की जरूरत: प्रेम वर्मा

- गरीब लोग रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करा सकते
- पुराने खराब बोरिंग को चालू कर इस्तेमाल हो
- सरकार पहल करेगी तो शेष लोग खुद कर लेंगे

राष्ट्रीय खबर



रांचीः रांची के जिन इलाकों को अधिक जलसंकट का क्षेत्र माना जाता है, वे आर्थिक तौर पर अधिक सक्षम आय वर्ग के नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो यहां वैसे लोग नहीं बसते, जिनकी आय अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अथवा बोरिंग कराने की है। इन इलाकों की संकरी गलियों में सरकारी योजना के तहत आसानी से बोरिंग भी नहीं हो सकती क्योंकि वहां तक बोरिंग का गाड़ी की पहुंच नहीं हो सकती। ऐसे इलाकों में भूगर्भस्थ जलस्तर को बेहतर बनाने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास की आवश्यकता है। दूसरी तरफ यह भी सच है कि अगर इन इलाकों के जलस्तर में फिर से सुधार होने लगा तो तीन वर्षो में इस समस्या के स्थायी रूप से समाधान होने का एहसास भी रांची को होने लगेगा।

दूसरी तरफ इसे सिर्फ एक जलसंकट नहीं माना जा सकता है क्योंकि अधिक संकट के वक्त यह कई बार विवाद से बढ़कर विधि व्यवस्था की समस्या के स्तर तक पहुंच जाता है। इस बारे में हरमू रोड इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रेम वर्मा का तर्क है कि गरीब इलाकों में सरकार को इसके लिए मदद करनी चाहिए। उनके मुताबिक कई प्रमुख लोगों को उन्होंने इसका सुझाव भी दिया है। उन्होंने कहा कि हरमू हाउसिंग कॉलोनी से लेकर पहाड़ी और हरमू के इलाके में अधिकांश गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार बसते हैं।

यही आर्थिक और सामाजिक हालत पुरानी रांची के इलाकों की भी है। हर साल की गर्मी में सबसे अधिक जलसंकट इन्हीं इलाकों में होता है। हरमू हाउसिंग कॉलोनी में रहने वाले आर्थिक तौर पर सक्षम लोग बोरिंग करा चुके हैं। इसके बाद भी हर साल वहां के बोरिंग हर गर्मी में फेल कर जाते हैं। वह बताते हैं कि जल संकट वाले इलाकों में लोगों को पानी के लिए कई किलोमीटर तक चलना पड़ता है और रातफ्तार पर टैंकर का इंतजार करना पड़ता है।
श्री वर्मा के मुताबिक मधुकम, स्वर्णजयंती नगर, न्यू मधुकम का पूरा इलाका, श्रीनगर, भवानीनगर, आनंद नगर, इरगू टोली, शिवशक्ति नगर, किशोरगंज, गंगा नगर, विद्यानगर, पुरानी रांची, विराटनगर, हरमू हाउसिंग कॉलोनी सहित अन्य इलाकों में भी हर साल ऐसा जलसंकट हो जाता है। उस वक्त इन इलाकों में रहने वाली आबादी नगर निगम के टैंकरों सो होने वाली जलापूर्ति पर निर्भर हो जाती है।

उन्होंने कहा कि कई बार वह प्रशासन से इस बात की गुहार लगा चुके हैं कि इन इलाकों में जो पुराने बोरिंग फेल हो चुके हैं, उनकी मरम्मत कर उनके जरिए जमीन के अंदर पानी भेजने का इंतजाम किया जाए। गरीब इलाकों के लोग अपने पैसे से तो यह काम नहीं कर सकते। अब अगर सरकार बोरिंग को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए चालू कर देगी तो ऐसे इलाकों के लोग सामूहिक तौर पर अपने घरों की छतों का पानी इस बोरिंग तक पहुंचाने का इंतजाम भी कर लेंगे। इसलिए इसमें सरकारी पहल की आवश्यकता है। **(जारी)**

